वर्ष 72 अंक 330 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 28 अगस्त, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

मुझे लगता है कि नेतृत्व का अर्थ है लोगों के साथ चलना।
-महात्मा गांधी

## हिंदू-मुस्लिम दोनों धर्म फॉलो करती हैं सारा



### मैं भारतीय हूं, ये मेरे लिए सबसे ऊपर

*मुंबई, जेएनएन।* सारा अली खान के पिता मुस्लिम हैं, तो वहीं उनकी मां हिंदू। सारा की खास बात यह है कि वह दोनों धर्म की रिस्पेक्ट करती हैं और उन्हें फॉलो करती हैं। अब सारा ने दोनों धर्म को लेकर बात की और बताया कि उनके लिए सबसे ऊपर भारत है। वह ईद भी मनाती हैं, गणेश चतुर्थी भी और क्रिसमस भी। सारा ने कहा, मेरे लिए सबसे ऊपर है कि मैं इंडियन हूं। मेरी आध्यात्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, उनके मूल में भारतीय होने की अहम भावना है। मेरे लिए भारतीय होना मतलब सब त्योहारों को सेलिब्रेट करना। हम ईद मनाते हैं, हम गणेश चतुर्थी मनाते हैं, हम क्रिसमस मनाते हैं और मुझे लगता है, सहानुभूति उतनी प्रचलित नहीं है, जितनी होनी चाहिए, लेकिन त्यौहार इसकी अनुमति देते हैं। गणेश चतुर्थी को लेकर सारा ने कहा कि यह त्योहार उनके लिए काफी स्पेशल है। उन्होंने कहा, मेरे लिए त्योहार मतलब जहां सब साथ में सेलिब्रेट करते हैं, प्रार्थना करते हैं, हमारी लाइफ में नई शुरुआत होती है। वैसे सारा हर त्योहार को सेलिब्रेट करने की फोटोज भी सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। गणेश चतुर्थी पर वह गणपति बप्पा को भी घर लेकर आती हैं जहां परिवार व दोस्तों के साथ त्योहार को सेलिब्रेट करती हैं। प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो सारा लास्ट अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों में नजर आई थीं।

**उज्जैन में ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव:** धर्मार्थ ट्रस्टों और निवेशकों के साथ मंथन

# हमारे देवालय हो सकते हैं लोकतंत्र के मॉडलः सीएम

विशेष संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आध्यात्मिक सीमाएं किसी भौगोलिक सीमा से बंधी नहीं है। भारत ही आत्मा के विकास का केंद्र है। हमारे देवालय लोकतंत्र के भी मॉडल हो सकते हैं। पूरा प्रदेश ऐसे पवित्र और अच्छे कार्यों के लिए देश के साथ खड़ा है। हमें इस संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में आयोजित दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूह मेंटिक' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है। यह काल की नगरी है और काल सबका समय नियत करता है। आज का समय भारत का है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के चारों तरफ, पूरब-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण, हर दिशा से सुखद समाचार आ रहे हैं, जो हमसे जुड़े हैं वे आनंद में डूबे हुए हैं और जो हमसे कंपटीशन मानते हैं, वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो गारंटी से कह सकते हैं कि आत्मा के विकास के लिए हिंदुस्तान के अलावा दुनिया में कोई जगह नहीं है। मनुष्य के इस शरीर के भीतर जो प्रश्न उमड़ते-घुमड़ते हैं, उनके उत्तर ढूंढने के लिए अंततः संबंध भारत से ही जुड़ता है।

### हमारी आध्यात्मिक सीमाएं पर्शिया और ईरान तक

राजसत्ताओं की सीमाएं भौतिक रूप से बंधी हो सकती हैं, लेकिन हमारी आध्यात्मिक सीमाएं गुरुनानक देव जी ने पर्शिया और ईरान तक की यात्रा की। राजसत्ताओं की सीमाएं बनती-बिगड़ती रहती हैं, लेकिन हमारी सांस्कृतिक एकता हमेशा बनी रहती है। पर्यटन, संस्कृति और विभिन्न कार्यों के बल पर हम देश भर में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं।



ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सीएम डॉ. मोहन यादव।

### भगवान का घर सिर्फ गर्भगृह शेष परिसर भक्तों के लिए

सीएम ने कहा कि हमारे देवालय केवल पूजा के केंद्र नहीं हैं। बाबा महाकाल का ही उदाहरण लें तो आज महालोक के रूप में लगभग एक हजार बीघा में मंदिर परिसर विकसित हो चुका है। पूरे मंदिर परिसर में भगवान का वास्तविक घर तो केवल गर्भगृह है, जिसमें वे आनंदपूर्वक विराजमान हैं। शेष पूरा परिसर भक्तों के लिए है। यही हमारी संस्कृति है। हमारे यहां खाना नहीं, भोजन शब्द है। भगवान को पहले भोग लगता है और उसके बाद प्रसाद मिलता है। यही हमारी परंपरा और संस्कृति है।

### आध्यात्मिक पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावरः शेखावत

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, भारत सदा से मानवता का आध्यात्मिक हृदय रहा है। आज पूरी दुनिया संतुलन, अर्थ खोज रही है, हमारे पावन तीर्थस्थल परिवर्तन के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि ऐसे प्रामाणिक अनुभव उपलब्ध कराना है, जिनसे हर यात्री समृद्ध महसूस करे और हर समुदाय लाभान्वित हो। आध्यात्मिक पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर है और अब समय आ गया है कि हम इसे वैश्विक नेतृत्व में बदलें।

### पर्यटन को तीर्थाटन की भावना से जोड़ना जरूरी

डॉ. यादव ने कहा कि आज अनेक ट्रस्ट मेडिकल कॉलेज, हॉस्टल और वृद्धाश्रम चलाते हैं। इस प्रकार की सामाजिक उत्तरदायित्व की गतिविधियों को जोड़कर पर्यटन को केवल बाहरी आनंद तक सीमित न रखकर, तीर्थाटन की भावना से जोड़ना चाहिए, ताकि व्यक्ति, समाज और प्रदेश का भला हो सके। अहिल्या माता की सत्ता केवल पांच जिलों तक सीमित थी, लेकिन उन्होंने काशी में विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करवाकर सनातन संस्कृति को एक अमूल्य धरोहर दी। आज भी उसी मंदिर में पूजा होती है।

**महू में सैन्य रण संवादः** फ्यूचर वॉर की चुनौतियों पर मंथन


# देश के लिए किसी भी हद तक जाएंगे : राजनाथ

### बोले-महाभारत युद्ध को टालने के लिए श्रीकृष्ण ने किया था संवाद

**जागरण, महू।** आर्मी वॉर कॉलेज महू में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही ने रण संवाद में युद्ध और तकनीक पर संबोधन दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-हमें किसी की जमीन नहीं चाहिए, लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए हम किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जब हम आगे की ओर देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि भारत के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हमारा संकल्प और साहस उससे भी बड़ा है। उन्होंने कहा-देश की रक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिकों द्वारा ही नहीं की जाती, बल्कि नई तकनीक विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, हथियार प्रणाली बनाने वाले उद्योगपतियों और अगली पीढ़ी को युद्ध के लिए तैयार करने वाले शिक्षकों द्वारा भी की जाती है। राजनाथ ने यह बात महू में आयोजित रण संवाद 2025 के दूसरे दिन बुधवार को कही। उन्होंने कहा-हमें अपनी एकता, स्पष्ट नीयत और पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस देश को आगे ले जाना है। इसी आत्मविश्वास के साथ हम 2047 की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। रक्षा मंत्री मंगलवार रात करीब 9 बजे महू पहुंचे थे। यहां उन्होंने आर्मी वॉर कॉलेज में विश्राम किया।

### एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं रण और संवाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रण-संवाद का



ऐतिहासिक आधार है, यह मुझे हमारे इतिहास की कई घटनाओं की याद दिलाता है, जो दर्शाती हैं कि सभ्यतागत युद्धों में 'रण' और 'संवाद' एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। हमारी संस्कृति में, संवाद युद्ध से अलग नहीं है। यह युद्ध से पहले होता है, युद्ध के दौरान होता है, और युद्ध के बाद भी जारी रहता है। महाभारत का उदाहरण लें, युद्ध को रोकने के लिए भगवान कृष्ण शांति के दूत के रूप में गए। उन्होंने संवाद के जरिए युद्ध को टाले जाने की कोशिश की।

**कार्यक्रम का शीर्षक काफी रोचक है**

राजनाथ सिंह ने कहा, कार्यक्रम का शीर्षक, रण संवाद, मुझे काफी रोचक लगा। नाम अपने आप में विचार करने और चिंतन करने का विषय है। एक ओर, 'रण' युद्ध और संघर्ष की छवि को उजागर करता है। वहीं दूसरी ओर, 'संवाद', चर्चा और सुलह की ओर संकेत करता है। पहली नजर में, दोनों शब्द विरोधाभासी लगते हैं। जहां युद्ध है, वहां संवाद कैसे हो सकता है, और जहां संवाद हो रहा है, वहां युद्ध कैसे हो सकता है? लेकिन अगर आप गहराई से देखें, तो यह नाम हमारे समय की सबसे प्रासंगिक सच्चाइयों में से एक को दर्शाता है।

**पाकिस्तान पर भरोसा नहीं**

राजनाथ ने कहा, हमें पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पहले इस्तेमाल न करने के सिद्धांत पर पुनर्विचार करना होगा। यह ठीक है कि परमाणु हथियार किसी के भी दुस्साहस के लिए निवारक होने चाहिए।

### ऑपरेशन सिंदूर से सबक

राजनाथ ने कहा, पाकिस्तान में पनाह लिए आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी और तेजी से कार्रवाई की, उसकी कल्पना उन आतंकियों ने भी नहीं की होगी। मेरा विश्वास है कि हर युद्ध हमें कुछ महत्वपूर्ण सीख देता है। युद्ध के दौरान, हम तैयारी के स्तर का वास्तविक आकलन करने में सक्षम होते हैं। हम ऑपरेशन सिंदूर की बात करें, तो यह वास्तव में तकनीक-संचालित युद्ध का अद्भुत प्रदर्शन था। आज युद्ध का कोई कठोर सिद्धांत नहीं है, जिस पर हम आंख मूंदकर भरोसा कर सकें। 21वीं सदी में सैनिकों की मात्र संख्या या हथियारों के भंडार का आकार अब पर्याप्त नहीं है। साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित हवाई वाहन और उपग्रह-आधारित निगरानी भविष्य के युद्धों को आकार दे रहे हैं। सटीक हथियार, वास्तविक खुफिया डेटा अब अहम बन गए हैं। अब युद्ध जमीन, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं हैं, वह बाह्य अंतरिक्ष और साइबरस्पेस तक फैल गए हैं।



# पंडालों में 24 घंटे तैनात रहें वालेंटियर : ख्याति मिश्रा



## एसडीओपी ने गणपति पंडालों का किया निरीक्षण

**जागरण, सतना।** बुधवार को एसडीओपी ख्याति मिश्रा ने अमरपाटन कस्बे में विराजे गजानन पंडालों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर सख्त निर्देश दिये है। बताया जाता है कि इसके पूर्व हुई शांति समिति की बैठक के दौरान एसडीओपी ने गणपति प्रतिमा स्थापित करने वाले लोगो को निर्देशित करते हुये कहा है कि वे पंडालों में 24 घंटे वालेंटियर तैनात रखे ।

**एक घंटे तक किया निरीक्षण :** बताया जाता है कि एसडीओपी ख्याति मिश्रा ने अमरपाटन टीआई विजय सिंह परस्ते एवं पुलिस बल के साथ तकरीबन एक घंटे तक अमरपाटन कस्बे में स्थापित किये गये गणपति पंडालों का निरीक्षण किया है। एसडीओपी ने संचालन समिति के सदस्यों को बिजली की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये है। साथ ही कहा है कि व्यवस्था पंडालों में इस तरह से होनी चाहिए जिससे आवागवन प्रभावित न हो।


**रजिस्टर का होगा संधारण :** अमरपाटन एसडीओपी ने अपने निरीक्षण के दौरान संचालन समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुये कहा है कि वे पंडालों में एक रजिस्टर संधारित करें। वहां पर यदि कोई निरीक्षण करने आता है तो उसे रजिस्टर में निरीक्षण दर्ज करना होगा।

# 52 छात्र-छात्राओं व 10 वरिष्ठों का हुआ सम्मान




**जागरण, सतना।** प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक रामपुर बघेलान के नेतृत्व में छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन वरिष्ठ गणमान्यजनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम वर्ष का तीसरा कार्यक्रम विधानसभा रामपुर बघेलान रघुकुल गार्डन में 52 छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन तथा 10 वरिष्ठ गणमान्य जनों का सम्मान बड़े धूम.धाम से संपन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह विधायक रामपुर बघेलान ने छात्र.छात्राओं को मदद सहयोग का अस्वासन देते हुए छात्र.छात्राओं को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिये वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष गोरेलाल प्रजापति पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान ने कहा कि प्रजापति कुम्हार संघ सतना सहित सभी ब्लाक कमेटियों के पदाधिकारीगण सदस्य वरिष्ठ गणमान्य जनों का उद्देश है कि प्रत्येक छात्र.छात्राएं शिक्षा जागरूकता ज्ञान विज्ञान संविधान की शक्तियों के क्षेत्र में आगे बढ़े और हम सब होनहार प्रतिभावान छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन वरिष्ठ गणमान्य जनों का सम्मान कर उनके हौसले जज्बे को बुलंद करें और उनके सपनों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्षरत रहे वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ नालंदा भीम आर्मी प्रदेश महासचिव मध्यप्रदेश कुंजीलाल प्रजापति जिला अध्यक्ष लक्ष्मण प्रजापति महासचिव बीड़ी प्रजापति जिला उपाध्यक्ष संतोष गिब्बा कोर कमेटी सदस्य नंदकिशोर पटेल जनपद पंचायत सदस्य विक्रम सूर्यवंशी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष मैहर आर बी प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष सोहावल शुभकरण मिंटू भैया प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष सोहावल रावेन्द्र प्रजापति सचिव पप्पू प्रजापति ब्लाक उपाध्यक्ष रामपुर बघेलान झुरूलाल प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष मैहर राजीव चक्रवर्ती सचिव अमृतलाल प्रजापति युवा क्रांतिकारी जनसेवक प्रमोद प्रजापति मीडिया प्रभारी महगवां बाल्मीकि प्रजापति सरपंच तीरथ प्रसाद साकेत पूर्व सरपंच उमेश साकेत भीम आर्मी दीपक प्रजापति भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष मैहर बद्रीविशाल प्रजापति मीडिया प्रभारी कपिल प्रजापति सचिव सोहावल पंकज सिंह पटेल भीम आर्मी आने राम प्रजापति भीम आर्मी पुसई प्रजापति सेवानिवृत्त शिक्षक भगवानदास प्रजापति पूर्व पार्षद नत्थू लाल प्रजापति सहित अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र.छात्राओं को शिक्षा क्रांति खेलकूद प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देकर संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिन्ह भेंट तथा प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक रामपुर बघेलान का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया ।

## श्री रामा कृष्णा करही में विराजमान हुए विघ्नहर्ता



**सतना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में श्री रामा कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स करही में विघ्नहर्ता भगवान गणेश भव्य स्वागत वंदन एवं पूजन के साथ विराजमान हुए। संस्था में यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है। यह आयोजन संस्था के प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं के अभूतपूर्व आपसी सामंजस्य और शक्ति के संयोजन को दर्शाता है। स्थापना के साथ 10 दिवसीय इस कार्यक्रम के बाद दिनांक 06.09. 2025 को भगवान का महाप्रसाद वितरण एवं अभूतपूर्व विसर्जन किया जाना सुनिश्चित है इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन शम्भी पुरी, रामा कृष्णा ग्रुप डायरेक्टर शाश्वत पुरी, टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा थर्ड सेमेस्टर डीन दीपेश निगम फार्मेसी डीन डॉ अमित पाण्डेय, समस्त विभागाध्यक्ष स्टाफमेंबर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# आज पूरे जिले में मनाई जाएगी कश्यप जयंती



**सतना।** जिला कसौधन समाज सतना के मार्गदर्शन में सतना जिले के सभी मंडलों में भव्य रूप से मनाई जाएगी महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती। सज्जनपुर मंडल में प्रातः दस बजे मनाई जाएगी जयंती इस अवसर पर संरक्षक जी पी गुप्ता जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता संयोजक ऋषिकेश गुप्ता, महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता,संयोजित सदस्य कामता गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता,कमलेश गुप्ता हरिशंकर गुप्ता, देवीदिन गुप्ता, निधिगोपाल गुप्ता, चंद्रभान कश्यप उपस्थित रहेंगे। गौरैया मंडल बिहरा मंडल, बिरसिंहपुर मंडल, जैतवारा मंडल, मझगवा मंडल कोठी मंडल, श्यामनगर मंडल, ऊंचेहरा मंडल, अमरपाटन मंडल में शोभायात्रा के साथ आयोजित होंगे संस्कृति कार्यक्रम। कोठी मंडल द्वारा आयोजित कश्यप जयंती समारोह के मंचीय कार्यक्रम की मुख्यातिथि होंगी राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सायं 6 बजे से होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभा सम्मान वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान।

# हर बूथ और घर-घर पर सुने मन की बातः गणेश सिंह



**जागरण, सतना।** सांसद गणेश सिंह ने संसदीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर आयोजित किया जाना चाहिए। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता घर.घर जाकर समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि भाजपा को वास्तव में जन.जन की पार्टी बनाया जाए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रियता और समर्पण भाव से मन की बात कार्यक्रम को जनसंपर्क और जनभागीदारी का माध्यम बनाना होगा। मंच मे सांसद गणेश सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय महापौर योगेश ताम्रकार जिला महामंत्री ऋषभ सिंह रमाकांत गौतम जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता बालेन्द्र गौतम कार्यालय मंत्री सुनील सेनानीए उपस्थित रहे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी मुरारी सोनी जिला मंत्री श्रीमती जान्हवी त्रिपाठी रेनू सिंह कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता अनिल सचदेव अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू विवेक सिंह मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल चांदी अग्निवेश शुक्ला दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी एड अरविन्द मिश्रा उत्तम वाल्मीक शैलेन्द्र शर्मा मोर्चा अध्यक्ष सौभाग्य केसरी रामपाल यादव शहजाद खान डॉ गौरव सिंह गहरवार रमेश शुक्ला अजय सिंह मिंटू बालकृष्ण शुक्ला आशा शुक्ला राजेंद्र कुशवाहा आदित्य यादव अभिषेक तिवारी अंशु रामबेटा पांडेय शिवभगत मिश्रा श्रीराम मिश्रा गणेश मिश्रा देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# कैट का जन जागरण अभियान शास्त्री चौक से शुरू



**जागरण, सतना।** देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स कैट सतना द्वारा राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओए भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान के अन्तर्गत पोस्टर का विमोचन कर शास्त्री चौक से बाजार में जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। पोस्टर का विमोचन कैट के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश कन्नोडिया नवीन ड्रेसेस द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी ने बताया कि कैट द्वारा केन्द्र सरकार की मंशा अनुसार समूचे देश में विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत व्यापारियों एवं आमजन से अपील की जा रही है कि वे केवल देश में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करें तथा विदेशी उत्पादों की बहिष्कार करें । जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी एवं अभिषेक जैन ने संयुक्त रूप से इस अभियान को नये नारे के साथ आगे बढ़ाया है भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान आदत में देशी,स्वभाव में स्वदेशी, और मजबूरी में विदेशी उन्होंने कहा कि भविष्य में कैट इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जैन एवं राजेश अग्रवाल ने बताया कि कैट का यह पोस्टर संग जन जागरण अभियान निरंतर चलता रहेगा। बाजार में प्रमुख जगहों पर पोस्टर लगाए जायेंगे जिसकी आज शुरुआत शास्त्री चौक से हुई है।

इस अवसर पर कैट के प्रकाश कन्नोडिया,अशोक दौलतानी,मनोहर वाधवानी, अभिषेक जैन, महेंद्र जैन, राजेश अग्रवाल,अजय चंदानी, मनोज अग्रवाल,शौरभ बंसल, कैलाश ठारवानी, अरुण अग्रवाल, तरुण मिश्र, सुभाष जैन,चंद्रलाल पंजवानी सहित व्यापारी गण उपस्थित रहे। आज शास्त्री चौक,हनुमान चौक,लुक्खु पान वाला चौक सहित प्रमुख बाजार में पोस्टर लगा कर लोगों से स्वदेशी सामान का इस्तेमाल करने की अपील की गई।

# हर आवासहीन को मिलेगा पक्का मकान : विक्रम सिंह



## 45 लोगों को दी गई प्रधानमंत्री आवास की चाभी

**जागरण, रामपुर बाघेलान।** भाजपा सरकार ने हर आवास हीन को पक्की छत देने का निर्णय लिया था। जिसके तहत रामपुर बघेल नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास का चाभी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की मनसा है कि कोई भी व्यक्ति कच्चे मकान में ना रहे सभी को पक्के मकान उपलब्ध हो जिसके लिए सरकार ने जिन लोगों के पास कच्चे मकान थे उनको पात्रता अनुसार नगद राशि उपलब्ध कराकर पक्की छत उपलब्ध कराई है वहीं जिनके पास जमीन नहीं थी उन्हें रामपुर बघेलान नगर परिषद नें 216 मकान बनाकर हितग्राहियों को उपलब्ध कराकर उन्हें पक्की छत दी है आयोजित कार्यक्रम में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रामकुमार कोल पार्षद शिवांक त्रिपाठी उमेश विश्वकर्मा सुखलाल बंसल श्रीमती नीतू दिलीप सोनी उप यंत्री विश्वजीत कुशवाहा इंजीनियर अजीत सिंह अबधेश सिंह शिवमोहन सिंह सुनील सिंह आवास प्रभारी अभिषेक खरे स्थापना साफिरुद्दीन सिद्दीकी लेखापाल संदीप वर्मा सुरेंद्र सिंह राजीव सिंह रामविस्वास कुशवाहा आकाश दीप इसराइल सौदागर प्रह्लाद सिंह सुनील कुशवाहा अमन माली अशोक साकेत सहित पार्षद एवं समस्त नगर परिषद कर्मचारियों के साथ आवास योजना के हितग्रही कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भारत इंटरनेशनल में विराजे गजानन



**सतना।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत भारत इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में गणपति बप्पा की मूर्ति विराजमान की गई जिसमें विद्यालय के चेयर मैन सुनील सोनी डायरेक्टर श्रीमती पदमा सोनी डायरेक्टर अभिषेक सोनी प्रिंसिपल श्रीमती अंकुर कुलकर्णी ने विद्यालय परिवार के साथ बैठकर गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर उन्हें विराजमान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# महर्षि कश्यप जयंती पर मैहर में होंगे विभिन्न आयोजन एवं सामाजिक संगोष्ठी

**जागरण, मैहर।** केशरवानी वैश्य समाज मैहर के तत्वाधान में 28 अगस्त 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 9बजे कश्यप जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया जिसमें सुबह झंडा रोहण पूजा अर्चना वृक्षारोपण के पश्चात् वाहन रैली का प्रातः 9 बजे निकाली जायेगी जो की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी शिव मंदिर अशोक गुप्ता के घर के सामने से प्रारंभ होकर किला चौक रंगलाल चौक राममंदिर घंटाघर काली माता चौक रेल्वे स्टेशन स्टेट बैंक होते हुए चंडी देवी मंदिर में जलपान के साथ समापन होगा वही शाम 7 बजे से सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय सरना पैलेस मे किया जायेगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता रघु केशरी एस डीओपी नागौद कमलेश सुहाने भाजपा जिलाध्यक्ष मैहर होंगे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सागर गुप्ता सतना मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन रीवा राजेंद्र गुप्ता जी संरक्षक केशरवानी वैश्य समाज सतना तदाशय की जानकारी केशरवानी वैश्य समाज के अध्यक्ष दुर्गा गुप्ता महामंत्री अशोक गुप्ता कोषाध्यक्ष गगन गुप्ता ने दी कार्यक्रम इस प्रकार है 1 झंडा रोहनए पूजा अर्चनए वृक्षरोपण एवं वाहन रैलीए द्वीप प्रज्वललन एवं पूजा अर्चन आरती थाल सजावट रंगोली मेहंदी प्रतियोगिता, 3 बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता उम्र 8 वर्ष से कम, अतिथियों का सम्मानए5ए अतिथियों का उद्बोधन एवं आशीर्वचन 6, सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के कार्यक्रम नाटक लोक एवं भारतीय नृत्य वाद्य यंत्र एवं गीत संगीत स्वागत गीत 7, शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार कक्षा 5,8,10,12वीं, स्नातक,स्नातकोत्तर, में सभी प्रथम श्रेणी में नजतमदप्रथम तीन विद्यार्थी एवं विशेष शैक्षणिक उपलब्धियां विशेष सेवा में नियुक्त के लिए सम्मान होगा उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओ से समय से पधारकर कार्यकम मे सम्मिलित होने की अपील की।

# महर्षि कश्यप ऋषि जयंती पर निकली भव्य वाहन रैली



**जागरण, सतना।** महर्षि कश्यप ऋषि जयंती की पूर्व संध्या पर आज हनुमान नगर नई बस्ती से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली की शुरुआत भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने हरी झंडी दिखाई समाजजनों ने उत्साहपूर्ण माहौल में महर्षि कश्यप ऋषि के जयकारों के साथ निकली। वाहन रैली श्रीयुवा वैश्य परिषद अध्यक्ष बलराम गुप्ता वाहन रैली संयोजक विकास गुप्ता ने जानकारी दी कि यह रैली हनुमान नगर नई बस्ती से प्रारंभ होकर सेमरिया चौक, कृष्ण नगर स्टेशन रोडए जय स्तंभ चौक, बिहारी चौक, पन्नीलाल चौक अस्पताल चौकए कशोधन धर्मशाला, हनुमान चौक, लालता चौक, नव दुर्गा चौक बांस नाका से होते हुए टिकुरिया टोला स्थित कश्यप चौक में पूजन के साथ संपन्न हुई। जिस.जिस मार्ग से होकर निकली वहां स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें आगामी मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया। परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक छबि गुप्ता वैश्य परिषद मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता, महामंत्री घनश्याम केसरी एवं संयोजक छबि गुप्ता इस अवसर पर कशोधन वैश्य समाज अध्यक्ष राधिका गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष विजय गुप्ता, महामंत्री प्रवीण गुप्ता, खरे केसरवानी वैश्य समाज अध्यक्ष बनारसी लाल गुप्ताए महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, खरे वैश्य समाज अध्यक्ष रामनरेश गुप्ता, महामंत्री विक्रम गुप्ता, महिला वैश्य परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा गुप्ता, महामंत्री श्रीमती शोभना गुप्ता युवा वैश्य परिषद अध्यक्ष बलराम गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह की भव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं और अलग.अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम के सह संयोजक अभिजीत गुप्ता ओमप्रकाश केसरवानी जय प्रताप गुप्ता एवं राजेंद्र गुप्ता होंगे। इस दौरान परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता लखनलाल केसरवानी अशोक गुप्ता त्रिलोकीनाथ केसरवानी जगदीश गुप्ता उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता बालकृष्ण गुप्ता प्रकाश चंद्र गुप्ता राजेश गुप्ता रूपाली सागरचंद्र गुप्ता अध्यक्ष बलराम गुप्ता महामंत्री विजय गुप्ता कोषाध्यक्ष डॉ आर एस गुप्ता अंकेक्षक कृष्णा कश्यप मंत्री राम जय प्रताप उपाध्यक्ष अनिमेष राहुल गुप्ता सवाहन रैली सह संयोजक कुशाग्र भारती अंबिकेश गुप्ता आलोक गुप्ता केशरवानी तरुण सभा अध्यक्ष शिवम् केशरवानी मंत्री विकास गुप्ता खरे केसरवानी अध्यक्ष विजय गुप्ता महामंत्री राहुल गुप्ता कसौधन समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता महामंत्री योगेश गुप्ता ओमप्रकाश केसरवानी बालकृष्ण गुप्ता विजय गुप्ता अध्यक्ष केसरवानी नगर सभा शिवम केसरवानी अध्यक्ष केसरवानी तरुण सभा दुर्गेश गुप्ता डॉ रमा शंकर तुषार गुप्ता अशोक गुप्ता रवि गुप्ता आकाश गुप्ता के बी गुप्ता श्याम सुंदर गुप्ता राजेश केसरवानी अभिषेक गुप्ता आकाश केसरवानी विशाल गुप्ता हरी गुप्ता विकास गुप्ता संतोष गुप्ता विनोद गुप्ता रितेश केसरवानी अनिल गुप्ता पार्षद महेश गुप्ता सुपर सौरभ गुप्ता प्रवीण गुप्ता अमन गुप्ता आदर्श गुप्ता जगदीश कश्यप उपस्थित रहे। श्री वैश्य परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम संयोजक छबि गुप्ता ने बताया कि सुबह काशोधन धर्मशाला में गुरुवार को 5.30 बजे प्रभात फेरी शहर शहर भ्रमण के पश्चात केशव दास मंदिर में स्वल्पाहार के साथ संपन्नए 1.30 बजे कश्यप चौक में पूजन और मंचीय कार्यक्रम होगा। श्री वैश्य परिषद मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि महर्षि कश्यप ऋषि चौक टिकुरिया टोला से विशाल शोभायात्रा 28 अगस्त को दोपहर 3.30 गाजे बाजे के साथ कश्यप चौक से प्रारंभ सब्जी मंडी चौक नवदुर्गा चौक जवाहर चौक लालता चौक गांधी चौक सुभाष चौक जय स्तम्भ चौक बिहारी चौक पन्नीलाल चौक पावर हाउस चौक होते हुए कशोधन धर्मशाला में संपन्न होगी।

# ग्रामीण एवं विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण 15 दिवस के भीतर करने की प्रशासन से मांग

**जागरण, बैढ़न।** आज पूर्व मंत्री वंशमणि प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में कोल ब्लॉक अमिलिया से संबंधित ग्राम पीडरवाह बंधा तेंदुआ देवरी पचौर चितरवई गहिलरा गांव जो टीएचडीसी एवं ईएमआईएल बिड़ला ग्रुप कंपनी से प्रभावित हैं। जिसके विषय में 13 सूत्रीय समस्याओं का मांग पत्र कलेक्टर के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे को सौंपा गया बाद में कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला से प्रतिनिधिमंडल मिलकर बिंदुवार समस्याओं के संबंध में चर्चा किया गया कलेक्टर द्वारा 15 दिन में सभी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में देवेंद्र कुमार पाठक जिला अध्यक्ष सरपंच संघ सिंगरौली मुन्नीलाल कोल सरपंच पचौर सीपी शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र प्रसाद मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष अधिमान पत्रकार संघ शिव शंकर वैश्य सरपंच ओड़गड़ी श्याम कार्तिक दुबे पूर्व सरपंच पचौर जग बहादुर सिंह पूर्व सरपंच तेंदुआ सुखेंद्र गुर्जर युवा नेता गौतम प्रसाद वैश्य मुखिया गुप्ता जगदेव सिंह धनुकधारी सिंह लाले केवट सुधाकर तिवारी इंद्रेश दुबे अवधेश वर्मा मिथिलेश गुप्ता अनुज प्रताप पटेल मानेंद्र सागर गुप्ता भुवनेश्वर केवट कौशल्या केवट मुन्नी केवट मनीष गुप्ता जमुना प्रसाद शाह सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# आरक्षण की मांग को प्रभावी कराने जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ने ओबीसी वर्ग के 27त्न आरक्षण को प्रभावी कराने हेतु महामहीम राज्यपाल के नाम जिला दंडाधिकारी सिंगरौली को ज्ञापन सौंपा। जिसका मुख्य अंश ये था के मौजूदा सरकार ओबीसी वर्ग को उनका हित दिलाने में अनदेखी कर रही जिससे उनका हड उन्हें नही मिल पा रहा। तमाम कानूनी दिक्कतों को पार कर चुका ये बिल मात्र सरकार की अनदेखी के कारण प्रभावी नही हो पा रहा, अगर सरकार थोडी भी गंभीरता दिखाए तो न्यायालय से किसी भी प्रकार की कोई रुकावट नही है। जिलाध्यक्ष शहर श्री प्रवीण सिंह चौहान जी ने आरोप लगाते हुए कहा की मोहन सरकार ओबीसी विरोधी है जबकि वह खुद उसी समाज से आते हैं। भाजपा पिछडो को मुख्यमंत्री बनाती आ रही पर शायद यह सिर्फ सांकेतिक होता है धरातल पर ओबीसी वर्ग का शोषण ही होते आया है, कांग्रेस ने उनके हित में आरक्षण की सीमा बडाई और कांग्रेस उनके हड और न्याय की लडाई हेतु प्रतिबद्ध है और लडाई उनके हड प्राप्त होने तक जारी रहेगी। ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती सिंह जी ने कहा की ओबीसी आरक्षण ओबीसी वर्ग का संवैधानिक अधिकार है और वह उनसे कोई नही छीन सकता और अगर ऐसा हुआ तो कांग्रेस सडक से सदन तक उनके हड की लडाई को ना सिर्फ बुलंदी देगी परन्तु सार्थक और निर्णायक परिणाम भी लायेगी। ज्ञापन सुपुर्दगी के समय उपस्थित सैकड़ो कांग्रेस जनों ने सरकार विरोधी नारो के साथ ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राम अशोक शर्मा जी, रूपेश चंद्र पांडे जी,अशोक शाह जी,सुदामा कुशवाहा जी,मधु शर्मा जी,केडी सिंह जी,अशोक सिंह पैगाम जी,अवनीश दुबे जी, राघवेंद्र श्रीवास्तव जी,पुष्पराज सिंह जी, उसेद हसन सिद्दीकी जी,केशव सिंह जी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा सिंह परिहार बीके श्रीवास्तव परमेश्वर पटेल जी,अनिल वैश्य जी, राम गोपाल पाल जी, रविंद्र सिंह जी,जगत बहादुर सिंह जी, अनिल वर्मा जी, विद्या पति शाह जी,जुल्फिकार अली जी,भास्कर मिश्रा जी, बी एन त्रिपाठी जी,देवपति सिंह वैश्य जी, रामदयाल बैस मोनिष खान जी, अजय सिंह डब्बू जी,गोमती कुशवाहा जी,कमल सिंह जी, मुकेश शर्मा जी,बृजेंद्र शर्मा जी,अशोक सिंह परिहार जी, सौरभ सिंह रघुवंशी जी, राणा प्रताप सिंह जी, देवेंद्र सिंह जी, उपेंद्र सिंह परमार जी, अखिलेश शाह जी,अरविंद दुबे जी, रोशन सिंह जी, गिरिजा प्रसाद कुशवाहा जी, श्रीनाथ सोनी जी,रामदास शाह जी, गणेश कुशवाहा जी,गंगा प्रसाद शाह जी,रामप्रवेश कुशवाहा जी, अशोक कुशवाहा जी, रवि कुमार पनिका जी, कृष्ण कुमार साकेत जी, हरिश्चंद्र कुशवाहा जी,शिवनारायण कुशवाहा जी,आर के कुशवाहा जी,देवेंद्र कुशवाहा जी,सुरेश कुशवाहा जी, शिव बालक कुशवाहा जी,जगजीवन शाह जी,मोहित कुशवाहा जी,भगवान दास चौहान जी, संतोष शाह जी, राकेश पटेल जी, इन्द्रेश प्रसाद सेन जी,धनंजय जयसवाल जी सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वर्ष 72 ▸▸ अंक 330 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 28 अगस्त, 2025
▸▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"शिक्षा सबसे सशक्त हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है।
-नेल्सन मंडेला

## संक्षिप्त खबरें

### भारत कॉमनवेल्थ गेम्स की दावेदारी करेगा?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था। साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।

**कैबिनेट की मंजूरी, मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में**

### कलेक्टर से भिड़े भाजपा विधायक, उठाया हाथ

**जागरण, भिंड।** खाद न मिलने से परेशान किसानों के साथ कलेक्टर निवास पहुंचे भिंड से भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह अपने और अधिकारी के पद की मर्यादा भी भूल गए। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को उन्होंने गेट पर ही लताड़ना शुरू कर दिया। भाजपा विधायक इतने नाराज हो गए कि कलेक्टर को सबसे बड़ा चोर कहते हुए दांत और होंठ भींजते हुए मुक्का दिखाने लगे। विधायक की नाराजगी देख कलेक्टर के गार्ड को बीच में हाथ अड़ाना पड़ा। असल में क्षेत्र के किसान रात भर लाइन में लगने के बाद भी खाद न मिलने की शिकायत लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे, लेकिन कलेक्टर श्रीवास्तव ने मिलने से ही मना कर दिया। फिर ये किसान, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी थे, विधायक के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो विधायक कुशवाह उनके साथ ही कलेक्टर निवास पहुंच गए, जहां तू-तू-मैं-मैं होने लगी। विधायक कुशवाह का कहना है कि कलेक्टर को कम से कम लोगों से मिलना तो चाहिए। वे किसी से ढंग से बातचीत भी नहीं करते।

### जनशताब्दी को मरम्मत पटरी पर तरफ मोड़ा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आगरा रेल डिवीजन ने मंगलवार को एक स्टेशन मास्टर और एक यातायात नियंत्रक को निलंबित कर दिया। उन्होंने दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को मरम्मत के अधीन ट्रैक पर मोड़ दिया था, जिससे सैकड़ों यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। सूत्रों ने बताया कि सतर्क ट्रेन चालक दल ने ट्रैक रखरखाव कर्मचारियों द्वारा लगाए गए लाल झंडे को देखा और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को मरम्मत किए जा रहे ट्रैक के खंड पर पहुंचने से पहले ही रोक दिया। यह गंभीर रेलवे सुरक्षा चूक का मामला है। इस घटना के बाद सैकड़ों यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। प्रभागीय परिचालन प्रबंधक और अधिकृत प्रवक्ता प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि दो कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। 'यह खराब संचालन योजना का मामला है।

### 50% टैरिफ लागू, 5.4 लाख करोड़ का एक्सपोर्ट होगा प्रभावित

# ट्रंप को तगड़े जवाब की तैयारी? यूएस छोड़ 40 देशों से ट्रेड डील करेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी टैरिफ से सबसे पहले और सबसे ज्यादा संकट टेक्सटाइल सेक्टर पर पड़ने वाला है। ट्रंप ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जिसमें 25 फीसदी बतौर पेनाल्टी है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले को एकतरफा और अनुचित करार दिया है। साथ ही भारत दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना शुरू कर दिया है, ताकि टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके।

दरअसल, भारत में बड़े पैमाने पर लोग टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े हैं, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में है, क्योंकि टैरिफ से अमेरिका से कपड़ों की डिमांड घटने वाली है। अगर ऑर्डर में गिरावट आती है, तो फिर उसका प्रोडक्शन पर असर दिखेगा, जो सीधे तौर पर रोजगार को प्रभावित करेगा, इसलिए अब भारत सरकार अमेरिकी बाजार के विकल्प के तौर पर करीब 40 अन्य मार्केट यानी दूसरे देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत कपड़ा निर्यात का विस्तार करने और अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के प्रभाव को कम करने ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत 40 प्रमुख बाजारों में पहुंच की योजना बनाई है।



#### क्या कर सकता है भारत?

यूरोप (जर्मनी, यूके) और आसियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया) में इंजीनियरिंग गुड्स की मांग बढ़ रही है। भारत इन बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स के लिए पीएलआई स्कीम का विस्तार करके उत्पादन लागत को कम करना, ताकि कंपनियां अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धी रहें।

**जेम्स एंड ज्वेलरी:** भारत-अमेरिका बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट को तेजी से पूरा करने पर जोर दे सकता है। यूरोपीय बाजारों में डायमंड निर्यात बढ़ाना होगा।
**टेक्सटाइल:** अब भारतीय कपड़ा कंपनियों को यूरोपीय संघ (ईयू), यूनाइटेड किंगडम (यूके) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे अन्य बड़े निर्यात बाजारों पर ध्यान देना होगा, जो भारत के कुल निर्यात का 45% हैं। भारत के कपड़ा उद्योग ने सरकार से कच्चे कपास पर 11% का आयात शुल्क हटाने का सुझाव दिया है। इस कदम से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में एक मजबूत सौदेबाजी का मौका मिल सकता है।
**सी फूड सेक्टर :** भारत को चीन और यूरोपीय देशों में अपने समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने की जरूरत होगी।

#### रूस से ट्रेड डील चाहते हैं ट्रंप, बैन हटाने पर विचार

**वॉशिंगटन डीसी।** भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील की कोशिश में है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप-पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई मुलाकात के दौरान इस डील पर बातचीत हुई थी। अमेरिकी कंपनी एक्सॉन मोबिल ने रूस के सखालिन-1 ऑयल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होने और रूस को अमेरिकी इक्विपमेंट बेचने की बात की थी। यूक्रेन पर 2022 में रूसी हमले के बाद अमेरिका ने रूस के एनर्जी सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिससे रूस को विदेशी निवेश मिलना बंद हो गया। अब अमेरिकी अधिकारी रूस को शांति के लिए राजी करने कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका रूस से एटमी एनर्जी से चलने वाले आइस ब्रेकर शिप्स खरीदने का भी सोच रहा है। हालांकि, 15 अगस्त को मुलाकात के बीच ट्रंप को लग रहा था कि उनकी जीत होगी, लेकिन 3 घंटे की बैठक के बाद भी कोई बड़ा समझौता नहीं हो पाया।

#### मांग में 70 फीसदी की कमी

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के एक्सपोर्ट को प्रभावित कर सकता है। 50% टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे मांग में 70% की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम, मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की यूएस बाजार में हिस्सेदारी कम होगी।

#### ऑटोमोटिव पार्ट्स पर सबसे ज्यादा असर

भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपए) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों व उनके पार्ट्स पर 25% शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जों पर यह शुल्क 10% था। अमेरिका भारतीय ऑटो पार्ट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। 2025 में ऑटो पार्ट्स के कुल निर्यात का 32% हिस्सा यूएस को गया। अब 7 बिलियन डॉलर (61,000 करोड़) के सालाना ऑटो पार्ट्स निर्यात में से 30,000 करोड़ का निर्यात प्रभावित हो सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स छोटे और मध्यम उद्यम सर्वाधिक प्रभावित होंगे, जो इंजीनियरिंग गुड्स के 40% निर्यात में योगदान देते हैं। इससे हजारों नौकरियों पर खतरा है।

#### रिश्ते मजबूत, हम साथ बढ़ेंगे: अमेरिकी वित्त मंत्री

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड और टैरिफ को लेकर तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भरोसा जताया है कि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत रहेंगे। एक इंटरव्यू में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आखिरकार हम एक साथ आगे बढ़ेंगे।

#### क्यों नहीं हो पाई भारत-अमेरिका की डील?

उन्होंने कहा, अभी तक दोनों देशों के बीच ट्रेड डील नहीं हो पाई है। बेसेंट ने कहा, भारत लिबरेशन डे के बाद जल्दी ही टैरिफ को लेकर बातचीत शुरू करने आया था, लेकिन अब तक कोई नतीजा नहीं निकला। उनका मानना था कि मई या जून तक डील हो जाएगी, लेकिन बातचीत खिंचती चली गई।

# सिवनी में डीजल टैंकर में आग, जिंदा जला युवक

▸▸ **जलते टैंकर को 50 मीटर दूर ले गया ड्राइवर, डीजल चोरी के दौरान हुआ हादसा**



**सिवनी, जेएनएन।** सिवनी में कोड़िया गांव के पास डीजल टैंकर में लगी आग की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब ढाबे पर खड़े टैंकर से डीजल चोरी किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही आग लगी ड्राइवर टैंकर को करीब 50 मीटर दूर ले गया। आग की सूचना मिलते ही सिवनी-बालाघाट मार्ग पर दोनों और से यातायात रोक दिया गया। आग की लपटे 4 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। रात ढाई बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि बीती रात करीब 11.30 बजे डीजल टैंकर में आग लग गई। आशंका है कि टैंकर में आग डीजल चोरी करते समय लगी है। हादसे में कौड़िया गांव निवासी पंकज पुत्र नरेंद्र पटले (23) जिंदा जल गया। मृतक का बड़ा भाई राहुल पटेल (27) और बरगी जबलपुर निवासी ड्राइवर अरविंद परिहार (45) के हाथ-पैर झुलस गए।

# गुमनाम दलों को 4300 करोड़ रुपए चंदा कहां से मिला: राहुल

### पूछा, आयोग चंदे की जांच करेगा या एफिडेविड मांगेगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को गुजरात में गुमनाम राजनीतिक दलों को मिले 4300 करोड़ रुपए के चंदे पर चुनाव आयोग से सवाल किए। उन्होंने कहा कि इन 10 पार्टियों ने इतना बड़ा चंदा तो लिया, लेकिन सिर्फ 39 लाख रुपए खर्च दिखाया। उन्होंने एक्स पर लिखा-गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं, जिनका नाम किसी ने नहीं सुना, लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला। इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है। ये हजारों करोड़ आए कहां से? चला कौन रहा है इन्हें? और पैसा गया कहां? क्या चुनाव आयोग जांच करेगा या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा? या फिर कानून ही बदल देगा, ताकि ये डेटा भी छिपाया जा सके? राहुल गांधी इन दिनों बिहार में 16 दिन की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर हैं। यह यात्रा 1,300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करेगी और 20 जिलों से होकर 1 सितंबर को पटना में खत्म होगी।

#### ईसी ने मांगा था हलफनामा

दरअसल, राहुल ने 7 अगस्त को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया और श्रष्ट पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, वोट चोरी हो रहे हैं। हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग चोरी में शामिल है। वे भाजपा के लिए ऐसा कर रहे हैं। इसके बाद 8 अगस्त को चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों पर उनसे हलफनामा (एफिडेविट) मांगा था। ईसी ने कहा था कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं तो हलफनामे पर साइन करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है तो देश से माफी मांगें।

# गिनीज वर्ल्ड रिकाड्र्स तक पहुंची 400 बार फूट चुकी पाइप लाइन

### नेता प्रतिपक्ष का आवेदन मंजूर, कलेक्टर से मांगा रिकार्ड

**जागरण, खंडवा।** दाढ़ी-मूंछ, खाना-पीना, नाच-गाने के बाद अब मध्यप्रदेश के एक शहर की जन समस्या भी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का हिस्सा बन सकती है। रोचक बात यह है कि इस समस्या के लिए सैकड़ों बार संघर्ष कर चुके नेता प्रतिपक्ष ने ही शहर की इस समस्या को वर्ल्ड रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए आवेदन किया है। गिनीज बुक प्रबंधन ने इसे मंजूर कर अधिकारिक और विस्तृत रिकॉर्ड मांगा है, जिसके बाद यह वर्ल्ड रिकॉर्ड चर्चा का केंद्र बन गया है।

यह समस्या खंडवा शहर में बिछी नर्मदा पाइप लाइन में बार-बार हो रही लीकेज से जुड़ी। शहर में पेयजल संकट का कारण बनी यह पाइप लाइन अब तक करीब 400 बार फूट चुकी है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने 400 से अधिक बार फूटने की घटना को वर्ल्ड रिकॉर्ड मानते हुए इसे गिनीज बुक में दर्ज करने का दावा कर दिया। नेता प्रतिपक्ष का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में पूरी दुनिया में कहीं भी कोई पाइप लाइन नहीं फूट सकती। राठौर द्वारा 8 अगस्त को किए गए ऑनलाइन आवेदन को गिनीज बुक प्रबंधन ने प्रारंभिक रूप से मंजूरी देते हुए इस आंकड़े को सत्यापित करने वाले आधिकारिक रिकॉर्ड और प्रमाण मांगे गए हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्स की ओर से पत्राचार किए जाते ही नेता प्रतिपक्ष तिथिवार रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता को पत्र भेज दिया। कलेक्टर ने भी नेता प्रतिपक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उनका आवेदन निगम कमिश्नर प्रियंका सिंह राजावत के पास भेज दिया है। साथ ही संबंधित जानकारी जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

#### अभी 175 बार लाइन फूटने का रिकॉर्ड

बार-बार पाइप लाइन फूटने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड का दावा करने वाले खंडवा के नेता प्रतिपक्ष ने गिनीज बुक टटोली तो उसमें 175 बार फूटी पाइप लाइन का नाम मिला। यह लाइन एशिया में ही है, जबकि खंडवा की लाइन तो 400 से 450 बार फूट चुकी है। इसलिए उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन करते हुए कलेक्टर से 2009 से तिथिवार रिकॉर्ड मांगा है। लाइन के बार-बार फूटने पर प्रशासन कई किसानों पर एफआईआर भी दर्ज करा चुका है। यह पाइप लाइन 56 किमी लंबी है, जो ओंकारेश्वर से शुरू होती है।

**27 ओबीसी आरक्षण मामला**

### मप्र लोकसेवा आयोग वापस लेगा काउंटर एफिडेविट



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट में लंबित मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण से जुड़े मामले का हल निकालने को लेकर राज्य सरकार ने 28 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इससे पहले ही मामले में एमपी पीएससी ने सुप्रीम कोर्ट में एक नया आवेदन दिया है। आवेदन में एमपी पीएससी ने ओबीसी वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों की पिटीशन को खारिज करने लगाए गए काउंटर एफिडेविट को सुप्रीम कोर्ट से वापस लेने का अनुरोध किया है। कैंडिडेट्स की याचिका खारिज करने की थी मांग सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया कि मप्र ओबीसी आरक्षण के मामले में आज नया इम्प्रूवमेंट हुआ है। 19 अगस्त 2025 को आयोग ने काउंटर एफिडेविट फाइल किया गया था, जिसमें यह मांग की गई थी कि चयनित उम्मीदवारों की जिस याचिका में यह मांग की गई है कि मप्र में जब 27% रिजर्वेशन का कानून है, तो हमें भी 27 प्रतिशत आरक्षण के कानून के तहत नियुक्तियां दी जाएं। एमपी पीएससी ने काउंटर एफिडेविट में चयनित अभ्यर्थियों की पिटीशन को खारिज करने की मांग की थी। वरुण ठाकुर ने बताया कि अब इस मामले में नया इम्प्रूवमेंट यह हुआ है कि काउंटर एफिडेविट को वापस लेने के लिए आवेदन लगाया गया है और अनकंडीशनल अपोलॉजी भी सुप्रीम कोर्ट से मांगी है। आयोग ने कहा है कि ये हमसे गलती से फाइल हो गया था। हम 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मामले में दूसरा काउंटर एफिडेविट फाइल करेंगे।

# प्रदेश में दो चरणों में जनगणना अप्रैल से शुरुआत, कमेटी गठित

### मुख्य सचिव होंगे हाई पॉवर स्टेट लेबल कमेटी के अध्यक्ष

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भी जनगणना कराने को लेकर तैयारी शुरू हो गई हैं। इसके लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक हाईपॉवर स्टेट लेबल कमेटी का गठन किया है, जिसमें अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। जनगणना दो चरणों में डिजिटली कराई जाएगी।

जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रदेश में जनगणना को दो चरण में कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए गठित हाईपॉवर स्टेट लेबल कमेटी में अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे, जबकि 6 अपर मुख्य सचिव, तीन प्रमुख सचिव और 15 अन्य अधिकारी शामिल होंगे। यह सभी प्रदेश में होने वाली गनगणना की मॉनिटरिंग करेंगे। बताया गया है कि जनगणना करने वाले अधिकारी-कर्मचारी मोबाइल लेकर घर-घर जाएंगे और मोबाइल के जरिए डाटा जुटाएंगे। इस प्रक्रिया के दौरान जनता के पास विकल्प मौजूद होगा कि वे खुद से जनगणना का डाटा भर सके। जनगणना के जमीनी कामों की निगरानी के लिए भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा एक वेब पोर्टल भी विकसित किया गया है।

जनगणना का पहला चरण अप्रैल से प्रारंभ होगा, जो सितंबर 2026 तक चलेगा। पहले चरण में 30 दिन मकानों का सूचीकरण और मकानों की काउंटिंग का काम किया जाएगा। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना का काम 9 फरवरी से लेकर 28 फरवरी 2027 के बीच किया जाएगा।




#### 31 दिसंबर तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

जानकारी के अनुसार जनगणना में लगने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। वहीं जनगणना के मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर और फील्ड स्टॉफ की ट्रेनिंग का काम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा।

#### वर्ष 2011 के बाद हो रही जनगणना

इससे पहले प्रदेश में 2011 में जनगणना कराई गई थी। जानकारी के अनुसार इस संबंध में भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय ने 8 अक्टूबर 2024 को पत्र लिखकर कहा था कि प्रदेश के मुख्य सचिव अगली जनगणना के लिए प्रशासनिक इकाईयों की सीमाओं को 31 दिसंबर 2024 तक फ्रीज करने की कार्यवाही पूरी करेंगे। हालांकि, बाद में इसका समय टलता रहा।

**महाकाल** | ज्योतिर्लिंग का क्षरण रोकने लिया फैसला, 5 से 7 किलो तक पहुंच जाती थी भांग की मात्रा

# श्रृंगार में 3 किलो से ज्यादा भांग का नहीं होगा उपयोग

**जागरण, उज्जैन।** देश-दुनिया में सनातनधर्मियों की आस्था के प्रतीक महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल के श्रृंगार में अब तीन किलो से अधिक भांग का प्रयोग नहीं होगा। ज्योतिर्लिंग का क्षरण रोकने मंदिर समिति ने ये फैसला लिया है। पहले श्रृंगार में पांच से सात किलो तक भांग लग जाती थी। भांग की मात्रा तीन किलो से ज्यादा न हो, इसके लिए मंदिर में तौल कांटा लगाया जाएगा। मालूम हो कि साल 2017 में ज्योतिर्लिंग का क्षरण रोकने सारिका गुरु ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

कोर्ट ने आर्कियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) और जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) के विशेषज्ञों की समिति गठित की थी। विशेषज्ञों ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का परीक्षण कर क्षरण रोकने के लिए कई सुझाव दिए थे। इनमें एक सुझाव महाकाल के श्रृंगार में भाग की मात्रा सीमित करने का भी है। मंदिर में प्रतिदिन होने वाली पांच आरतियों में महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाता है। तड़के चार बजे भस्मआरती तथा शाम सात बजे संध्या आरती में भक्तों की ओर से अर्पित भांग से पुजारी भगवान महाकाल का श्रृंगार करते हैं।

#### टूटकर बिखर गया था श्रृंगार

18 अगस्त को महाकाल की राजसी सवारी निकाली जा रही थी। रामघाट पर शिप्रा के जल से पूजन के बाद सवारी लौट रही थी। मंदिर में इसके आगमन की तैयारी चल रही थी। महाकाल का भांग का श्रृंगार अचानक टूटकर बिखर गया। वहां मौजूद पंडे, पुजारियों ने तत्काल उसे ठीक किया। घटना का वीडियो भी सामने आया था, जिसके बाद मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने श्रृंगार करने वाले पुजारी प्रदीप गुरु को नोटिस दिया था।



#### इसलिए होता है भांग का श्रृंगार

भगवान ने जब समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के बाद विष पिया, तब भी भगवान को भांग औषधि रूप में देकर शीतलता प्रदान की गई थी। इसी मान्यता अनुसार भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए औषधि युक्त भांग से श्रृंगार किया जाता है।

#### रसीद कटवाकर श्रद्धालु करा सकेंगे श्रृंगार

महाकाल मंदिर में नित्य प्रति होने वाली पांच आरतियों में पुजारी भगवान महाकाल का कुमकुम, चंदन, भांग व सूखे मेवे तथा मावे से विभिन्न स्वरूप में श्रृंगार करते हैं। अब कोई भी श्रद्धालु भगवान महाकाल का श्रृंगार करा सकता है। मंदिर कार्यालय में 1100 रुपए की श्रृंगार की रसीद कटवानी होगी।

#### इनका कहना है

भगवान महाकाल के श्रृंगार में अधिकतम तीन किलो भांग का उपयोग करने का नियम है। इसका कड़ाई से पालन कराने अब तौल कांटा लगाया जा रहा है ताकि मात्रा अधिक न होने पाए।
■ **प्रथम कौशिक**, प्रशासक महाकालेश्वर मंदिर।

# आरआई का पालतू कुत्ता गुमा तो आरक्षक को बेल्ट से पीटा

### आरक्षक की शिकायत पर एसपी ने दिए जांच के आदेश

**जागरण, खरगोन।** प्रदेश के खरगोन में पालतू कुत्ते के गुम होने से नाराज रिजर्व इंस्पेक्टर (आरआई) पर आरक्षक की बेल्ट से पिटाई करने के आरोप लगे हैं। पीड़ित आरक्षक का आरोप है कि आरआई और उनकी पत्नी ने जातिसूचक अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा। पूरा मामला 23 अगस्त का है।

सोशल मीडिया पर चोटें दिखाने का वीडियो वायरल होने के बाद आरक्षक राहुल चौहान ने बुधवार को अजाक थाने में लिखित शिकायत दी है। इस वीडियो में वह अपने हाथ, पैर, कमर और पीठ पर पड़े नीले निशान दिखा रहा है। एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। 23 अगस्त की रात करीब 10 बजे गुमा कुत्ता अगले दिन शाम को करीब 20 घंटे बाद घर के पास ही मिल गया। आरक्षक चौहान ने बताया कि ड्यूटी आरआई सौरभ कुशवाहा के सरकारी आवास पर लगी थी। 23 अगस्त की रात 10 बजे आरआई कुशवाहा ड्यूटी पूरी कर घर लौटे तो राहुल क्वार्टर पर आ गया। देर रात 1.30 बजे आरआई ने उसे फोन कर तुरंत आने को कहा। राहुल पहुंचा तो आरआई ने पालतू कुत्ते के गायब होने पर नाराजगी जताई। फिर उसकी पिटाई कर दी। राहुल ने अजाक थाने में लिखित शिकायत दी है। इसके मुताबिक, मारपीट के दौरान आरआई की पत्नी भी मौजूद थीं। उन्होंने चप्पल से मारने के साथ नौकरी से निकलवाने की धमकी भी दी।

पीड़ित के पीट पर चोट के निशान



# गणेश चतुर्थी के अवसर पर पी.एम.आवास योजना के 61 हितग्राहियों को मिले पक्के आवास

## महापौर और निगमाध्यक्ष ने लाभान्वित हितग्राहियों दी शुभकामनाएं



**जागरण, कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लोगो के पक्के आवास का सपना सकार हो रहा है। पहले हितग्राहियों के मकान कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में उन्हे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था उनकी इस समस्याओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की। जिससे अब लोगो की स्वयं की पक्की छत का सपना साकार हो रहा है। उक्त आशय के विचार महापौर प्रीति संजीव सूरी ने प्रेमनगर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के ईडब्ल्यूएस आवासों के आवंटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। महापौर ने कहा कि सरकार अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन कर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का विकास कर रही है। सरकार द्वारा जन धन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना, पीएम स्व निधि योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं संचालित है। जिससे हर वर्ग के लोगों को संबल मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, सुरेंद्र गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य शशिकांत तिवारी, पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, समाजसेवी दानिश अहमद सहित नोडल अधिकारी एवं सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान महापौर, अध्यक्ष एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका निगम कटनी सीमांतर्गत में 61 पात्र हितग्राहियों को उनके पक्के आवास की चाबी सौंपी जाकर हितग्राहियों को नवीन आवास मिलने की शुभकामनाएं दी जाकर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गृह प्रवेश करने का आग्रह भी किया। निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री आवास योजना को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए प्रदेश सरकार द्वारा आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की मुहिम चलाई जाने की बात कही। आवास योजना बनने से गरीबों के पक्के आवास मिलने का सपने साकार होने की बात कही जाकर योजना का लाभ नगर के सभी पात्र लोगों को मिलने की बात कही।

### हितग्राहियों नें निकाली स्वयं के आवास की लॉटरी

कार्यक्रम के दौरान चयनित पात्र हितग्राहियों द्वारा एक-एक करके स्वयं के आवास की लॉटरी की पर्ची निकाली गई। इस प्रक्रिया के दौरान अनिल कुमार श्रमिकों भवन क्रमांक एनई 12 में 102, अनीता अशोक चौहान को एनई 25 में 103, अरविंद राम सिया मिश्रा को एनई 26 में भवन क्रमांक 303 भवन क्रमांक अनुसार उनके भवन की चाबी महापौर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपी जाकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान लाटरी का क्रम निरंतर जारी रखा जाकर अन्य हितग्राहियों को भी उनके नंबर के अनुरूप भवनों का आवंटन किया जाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल द्वारा किया जाकर आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य सुभाष साहू द्वारा किया गया।

# चोरी गए ट्रक को कुठला पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने चंद घंटे में चोरी हुए ट्रक को बरामद कर लिया है। घटना के संबंध में फरियादी नरेश प्रसाद गुप्ता पिता श्यामलाल गुप्ता उम्र 56 वर्ष निवासी पुरैनी दुर्गा मंदिर के पीछे थाना कुठला का दिनांक 25 अगस्त को लेख कराया कि बाबा रोड लाईस नाम से ट्रांसपोर्ट है दिनांक 24 अगस्त को शाम 5 बजे करीबन ट्रक एमपी 21 एच 0902 को दुर्गा मंदिर पुरैनी रोड के किनारे खड़ा किया था दिनांक 25 अगस्त सुबह करीबन 9 बजे आकर देखा तो वहां पर ट्रक नहीं था, ट्रक को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है जिसकी कीमत करीबन 14 लाख 50 हजार रूपये है। अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी कुठला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चोरी गए ट्रक को विजयराघवढ बंजारी रोड से आरोपी प्रभाग कोल पिता कोदू लाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी बड़ारी थाना कैमोर कटनी के कब्जे से विधिवत बरामद करने में सफलता प्राप्त की हैं एक अन्य आरोपी निलेश सिंह गोंड पुलिस को देखते ही झाड़ियों एवं खेत की तरफ भागने में सफल हो गया जिस की तलाश की जा रहीं हैं। गिरफ्तार आरोपी ने पूंछतांछ के दौरान बताया कि उसके साथी निलेश सिंह गोंड निवासी ग्राम पडरेही थाना कैमोर कटनी के साथ मिलकर ट्रक चोरी कर ग्राहक की तलाश में बंजारी में खड़ा किया था। फरार आरोपी निलेश सिंह गोंड के विषय में संबंधित थाना से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि यह आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध चोरी, मारपीट, अवैध हथियार रखने के कई अपराध पंजीबद्ध हैं तथा यह आरोपी नीलेश सिंह थाना कैमोर का निगरानी शुदा जिला बदर किया हुआ आदतन अपराधी हैं। फरार आरोपी की पता तलाश लगातार की जा रही है। आरोपी प्रभाग सिंह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा।

# प्रतिदिन 35 किलोमीटर चलाते हैं साइकिल

**ब्यौहारी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छतैनी के कल्याण सिंह पिता श्याम बहादुर सिंह प्रतिदिन 17 किलोमीटर साइकिल चलाकर काम करने ब्यौहारी- आते हैं वह यहां मार्तंड गंज में स्थित विनय फोटोकॉपी में काम करते हैं और शाम को 7:00 बजे घर जाते हैं इसका मतलब है कि आते जाते प्रतिदिन 35 किलोमीटर साइकिल चलाते हैं जाते समय रात में अंधेरा हो जाता है इसलिए उन्होंने साइकिल में रोशनी की व्यवस्था बना रखी है और टॉर्च लगी हुई जिससे उनको आने जाने में कोई परेशानी नहीं होती कल्याण सिंह ने बताया कि साइकिल चलाने से उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है और उन्हें कोई बीमारी नहीं है साइकिल चलाना उन्हें अच्छा लगता है उनका कहना यह है कि यदि सब लोग दैनिक कार्यों के लिए साइकिल का उपयोग करने लगे थे उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और पैसे की भी बचत होगी इसलिए सबको प्रतिदिन 1 घंटे साइकिल चलाना चाहिए।

# समय पर नहीं पहुंच रही कचरा गाड़ी, खाली जगह और सड़क पर कचरा फेंकने को मजबूर नगरवासी

**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत कचरे का संग्रहण सही ढंग से नहीं हो पा रहा है क्योंकि मोहल्ले में गाड़ीया समय से नहीं पहुंच पाती सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई कचरा गाड़ियों को मेंटेनेंस की दरकार है लेकिन इसकी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा इस कारण से कई कचरा गाड़ियां खड़ी हुई है और मोहल्ले में नहीं पहुंच रही है कुछ ऐसे मोहल्ले भी हैं जहां तीन दिन में गाड़ी पहुंचती है ऐसे में लोग परेशान होकर खाली जगह पर कचरा फेंक देते हैं जो खराब दिखता है इसलिए गाड़ियों की शीघ्र मरम्मत की जरूरत है नगर वासियों ने कलेक्टर से मरम्मत मांग रही कचरा गाड़ियों की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# यूरिया के लिए भटक रहे किसान



**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी समितियां में खाद शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है लेकिन वह खाद पर्याप्त नहीं किसानों की मांग से कम है।

**बिना परमिट वाले कैसे लें यूरिया**- सरकार की एक गलत नीति के कारण बहुत सारे आदिवासी और हरिजन वर्ग को खाद नहीं मिल पा रही क्योंकि सरकार द्वारा नियम बनाया गया है कि जिसके पास जमीन होगी उसी का परमिट बनेगा उसी को खाद मिलेगी लेकिन कई सारे आदिवासी हैं वह सरकारी जमीन पर खेती करते और उनको अभी तक पट्टा नहीं मिला इसलिए उनका परमिट नहीं बना जिसकी कुछ छोटे किसान भी है जो 50 डेसिमल के काश्तकार उनका परमिट बन ही नहीं सकता गिरदावरी के समय ऐसे किसानों को भी ध्यान में रखकर कम से कम उनके लिए भी दो बोरी यूरिया का परमिट बनाना चाहिए क्योंकि सरकार भले ही लाख दावे करें कि हम सभी को वनाअधिकार पट्टा दे दिए हैं लेकिन अभी भी अधिकांश लोगों को पट्टे नहीं मिले इसलिए ऐसे लोगों के लिए डबल लाक गोदाम या समिति से दो बोरी यूरिया उपलब्ध कराना चाहिए।

**बाजार से यूरिया हुई गायब** - खाद संकट इस तरह से है कि पहले जिन किसानों को समिति और डबल लाक से यूरिया डीएपी नहीं मिल पाती थी वह प्राइवेट दुकानदारों से यूरिया डीएपी खरीद लेते थे लेकिन पूरे ब्यौहारी- में किसी भी प्राइवेट थोक विक्रेता एवं फुटकर विक्रेता के पास यूरिया नहीं है अब किसान कहां से यूरिया खरीदें इसलिए निश्चित मात्रा में प्राइवेट दुकानदारों को भी सरकार द्वारा यूरिया उपलब्ध कराना चाहिए जिससे लोग आसानी से खाद मिल सके।

## कार्यालय कुलसचिव
## नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, (म.प्र.)

ई-निविदा सूचना क्र. 2546/Reg-/AR(G)/Tender/ET-01/25-26 दिनांक 26/08/2025

**ई-निविदा सूचना**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, (म.प्र.) द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकृत फर्मो / संस्थाओं से खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा ई-निविदा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी व भरी जा सकेगी। ई-निविदा प्रकाशन उपरान्त निविदा में कोई संशोधन या परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-निविदा पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा। कार्यो का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनस्त जबलपुर स्थित समस्त महाविद्यालय / इकाईयो में विभिन्न प्रकार के मुद्रण/प्रिंटिंग कार्य। |
| 2 | नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनस्त समस्त महाविद्यालयों/ इकाईयों (जबलपुर, महू, रीवा) में विभिन्न प्रकार की लेखन (Stationary) सामग्री का क्रय। |

-निविदा आनलाईन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 19.09.2025
-निविदा की हार्ड कॉपी मोहर बन्द लिफाफे में कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 24.09.2025

**कुलसचिव**

## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला- सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
Email.fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com, website. www.sanjaytigerreserve.in
क्र./ई-निविदा/2025/5429 सीधी दिनांक 25-08-2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिक्षेत्रों में प्रदाय कर स्थापना हेतु निम्नानुसार सामग्री की आवश्यकता है। क्रय के लिये शासकीय कार्यों हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर डेस्कटॉप उच्चक्वालिटी ब्राण्डेड | 06 नग | मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व, सीधी (म.प्र.) |
| 2 | कम्प्यूटर प्रिन्टर उच्चक्वालिटी ब्राण्डेड | 06 नग | |
| 3 | प्रोजेक्टर उच्चक्वालिटी ब्राण्डेड | 01 नग | |
| 4 | ग्रो-प्रो कैमरा उच्चक्वालिटी ब्राण्डेड | 02 नग | |
| 5 | लैपटॉप उच्चक्वालिटी ब्राण्डेड | 01 नग | |

इस निविदा के लिये दिनांक 30.08.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.09.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 23.09.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

**क्षेत्र संचालक**
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

**G-17840/25**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सिंगरौली (म. प्र.)

नि.आ.सू.क्रं 120-127/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.या./खण्ड/सिंगरौली/2025 दिनांक 20.08.2025
पता-विजय बंधु पेट्रोल पम्प के पास, ई-मेल eephedsin@rediffmail.com

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यो हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.09.2025 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 08.09.2025 साथ 17:30 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति मे वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**Name of work:-** "Drilling of 15 Nos. DTH Tubewell 125/115 mm dia and 90.00 mtr deep" with installtion of Handpump, washing plateform making with drain in Block Waidhan District Singrauli (M.P.)

| S. N | NIT No. | Tender ID | Block | PAC (Rs. In Lakhs) | E-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 120/2025-26 | 2025_PHED_444948_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 2 | 121/2025-26 | 2025_PHED_444949_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 3 | 122/2025-26 | 2025_PHED_444950_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 4 | 123/2025-26 | 2025_PHED_444951_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 5 | 124/2025-26 | 2025_PHED_444952_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 6 | 125/2025-26 | 2025_PHED_444953_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 7 | 126/2025-26 | 2025_PHED_444954_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |
| 8 | 127/2025-26 | 2025_PHED_444955_1 | Waidhan | 10.94 | 21880.00 | 2000.00 | 1st Call |

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिंगरौली (म.प्र.)

**G-17852/25**

## Notice Inviting Tender
**Government of Madhya Pradesh**
**Office of the Executive Engineer**
**Public Health Engineering Department**
**Division Rewa (M.P.)**

NIT No.12/EE/PHED/2025-26/Rewa, Dated 22.08.2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| e-Tender No. | Name of Work | District | Probable Amount of Contract (Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document in Rupees) | Criteria for Contractor | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 446360 | Providing Photocopy Xerox Reinforced Cement Concrete Elevated Service Reservoirs (ESR) Design, Drawing, Construction, Testing and Commissioning of RCC Elecated Service Reservoir/Over Head Tank (ESR/OHT/ With all necessary fitting as mentioned in relevant chapter of USOR, IS Code and departmental guidelines, Complete turn key jog for following 100 KL capacities with 12 meter staging height from GL:at Sainik School Rewa (M.P.) | Rewa | 23.84 Lakhs | 47680.00 | 5000/- | Contractor registered under new centralized single registration system in M.P. Govt. | 6 (Six) Months excluding rainy season, thereafter, trial-run/ commissioning after successful commissioning. |

1. On Line Tender form Purchase date 25.08.2025 to 09.09.2025
2. On Line Bid Submission Purchase date 25.08.2025 to 09.09.2025
3. Tender bid opening date 11.09.2025

**(IInd Call)**

**Executive Engineer,**
PH.E. Division, Rewa
Rewa (M.P.)

**G-17833/25**

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं0: पी आर वाइ जे-सिग-016-2025-26**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा **ई-टेन्डर** के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| | |
|---|---|
| **निविदा नं. :** 016 | **अनुमानित मूल्य :** 13441528.17 |
| **कार्य का विवरण :** (ए) प्रयागराज मण्डल के मनोहरगंज (एमएनजे), बिदनपुर (बीडीएनपी) और कटोघन (केटीसीई) स्टेशनों पर एव (बी) अथसराय (एएससीई), सतनरैनी (एसएनआईई) और फैजुल्लापुर (एफवाईजेड) रेलवे स्टेशनों पर नए एफओबी के प्रावधान के लिए एस एण्ड टी कार्य। | |
| **बिड सिक्यूरिटी :** 217200.00 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00 |
| **कार्य समापन की अवधि :** बारह माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 19.09.2025 |
| **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

• **धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते है तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारंटी जमा करते समय यह 30प्र0 स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेगी। • **निविदा खुलने का समय तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। • **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। • **निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित /निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**1526/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# 75 प्रतिशत मरीजों का होगा मुफ्त इलाज-विधायक संदीप जायसवाल

**कटनी।** शहर में प्रस्तावित निजी मेडिकल कॉलेज को लेकर बुधवार को विधायक संदीप जायसवाल ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने यह व्यवस्था की है कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले 75 प्रतिशत मरीजों का उपचार पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। विधायक ने बताया कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को भी मेडिकल कॉलेज से पूरा किया जाएगा जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। गौरतलब है कि कटनी में निजी मेडिकल कॉलेज खोले जाने को लेकर कुछ संगठनों और लोगों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इस संदर्भ में विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खुलने से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और मरीजों को इलाज में बड़ी राहत मिलेगी।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:- मो. नं. 6260806864
आरएन. 84240 (29/8)

## उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-यू.पी.-अ.-23082025-265659
CG-UP-E-23082025-265659
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड-3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3752] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 22, 2025/श्रावण 31, 1947
No. 3752] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 22, 2025/SHRAVANA 31, 1947

**रेल मंत्रालय**
**[उत्तर मध्य रेलवे (इंजीनियरिंग विभाग)]**
**अधिसूचना**
**प्रयागराज, 14 अगस्त, 2025**

**का.आ. 3857 (अ).** - केन्द्र सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवम रेलवे (संशोधन) अधिनियम (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र असाधारण, भाग- II खण्ड 3,उप खण्ड (II) प्राधिकार से प्रकाशित अधिसूचना संख्या 1813 दिनांक 24 अप्रैल 2025 में भारत सरकार के रेल मंत्रालय (इंजीनियरिंग विभाग) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1846 (अ) दिनांक 22 अप्रैल 2025 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात मानिकपुर-नैनी रेलवे स्टेशन मध्य समपार संख्या 413 ग्राम- बरहा, तहसील-त्योंथर, पर आर.यू.बी. के निर्माण के बाबत ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी, और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20क की उपधारा (4) के अधीन "दैनिक समाचार पत्रों" अर्थात् दैनिक जागरण रीवा, पत्रिका सतना एवं टाइम्स आफ इंडिया भोपाल में दिनांक 01 मई, 2025 को प्रकाशित किया गया था, और कोई भी आक्षेप प्राप्त नहीं हुआ था,

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उप धारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है

अतः अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जायेगी:

और यह कि केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राज पत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जायेगी।

**अनुसूची**

मानिकपुर-नैनी रेलवे स्टेशन के मध्य "विशेष रेल परियोजना" समपार संख्या 413 ग्राम - बरहा, तहसील-त्योंथर पर आर.यू.बी. के निर्माण के बाबत आने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि (हेक्टेयर में) | प्रभावित परिसंपत्ति | भूस्वामी का नाम (श्री/श्रीमती) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरहा | 980/8 | निजी | कृषि | 0.072 | निल | नरेश प्रताप सिंह, पिता इन्द्रजीत सिंह |
| 2 | बरहा | 980/7 | निजी | कृषि | 0.072 | निल | षत्रुधन सिंह, पिता इन्द्रजीत सिंह |
| 3 | बरहा | 987/8 | निजी | कृषि | 0.176 | निल | नरेश प्रताप सिंह, पिता इन्द्रजीत सिंह |
| | कुल योग- | | | | 0.320 | | |

[No. ई.-फाईल नंबर: NCR फा. सं. NCR-HQ0ENGG (CORR)/12/2024-O/o Dy. CE/Br/L/ALD (कम्प्यूटर नंबर 115593)]

जे.सी. चौरसिया, प्रमुख मुख्य इंजीनियर

1532/25FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
## AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

(अनुसूची - 'ए' मिनी रत्न - श्रेणी - 1 सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम),
राजीव गाँधी भवन सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003

**गेट GATE 2023/GATE 2024/GATE 2025 के माध्यम से कार्यपालकों की भर्ती**

**Advt. No. 09/2025/CHQ**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.), भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम की स्थापना सृजन करने, उन्नयन, जमीनी एवं हवाई क्षेत्र दोनों में सिविल एविएशन अवसंरचना का अनुरक्षण तथा प्रबंध करने की जिम्मेदारी सौंपते हुए संसद के अधिनियम द्वारा की गई। भा.वि.प्रा. को मिनी रत्न श्रेणी-1 स्टेट्स से सम्मानित किया गया है।

भा.वि.प्रा. द्वारा खाली रिक्तियों को भरने के लिए 40000-140000 (ई-1) के वेतनमान में आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग-सिविल, इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संवर्गो में वैध गेट-2023 / गेट-2024 / गेट-2025 स्कोर प्राप्त करने वाले इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से कनिष्ठ कार्यपालकों के पद के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रम सं0 | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | गेट पेपर कोड | रिक्तियों और आरक्षण की संख्या | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित पद (सम्मिलित) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | अनारक्षित | आर्थिक दुर्बल वर्ग | अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) | अनु-सूचित जाति | अनु-सूचित जनजाति | A | B | C | D&E |
| 1 | कनिष्ठ कार्यपालक (आर्किटेक्चर) | आर्किटेक्चर में स्नातक डिग्री और आर्किटेक्चर परिषद के साथ पंजीकरण | AR | 11 | 04 | 00 | 04 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 2 | कनिष्ठ कार्यपालक (इंजीनियरिंग सिविल) | सिविल में इंजीनियरिंग / टेक में स्नातक की डिग्री | CE | 199 | 83 | 17 | 51 | 31 | 17 | 00 | 06 | 03 | 12 |
| 3 | कनिष्ठ कार्यपालक (इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल) | इलेक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग / टेक में स्नातक की डिग्री | EE | 208 | 93 | 19 | 60 | 21 | 15 | 00 | 09 | 04 | 15 |
| 4 | कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलैक्ट्रॉनिक्स में विशेषज्ञता सहित इलेक्ट्रिकल / टेलिकम्यूनिकेशन्स / इलैक्ट्रॉनिक्स विषयों में इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री | EC | 527 | 215 | 52 | 142 | 79 | 39 | 00 | 00 | 15 | 00 |
| 5 | कनिष्ठ कार्यपालक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 1) कंप्यूटर विज्ञान / कंप्यूटर इंजीनियरिंग / आईटी / इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री **अथवा** 2) कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (एमसीए) | CS | 31 | 15 | 03 | 07 | 04 | 02 | 10 | 00 | 00 | 02 |

पात्रता मानदंड तथा आवेदन प्रारूप के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.aai.aero** →कैरियर →भर्ती पर जाएं तथा **28/08/2025** से **27/09/2025** तक खुली रहेगी।

**कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)**

N-07/2025-26
cbc 03111/12/0010/2526

# उपयंत्री का हुआ निलंबन, एसडीओ पर मेहरबानी

जागरण भ्रष्टाचार

## मामला ठोंगा मैर टोला से जमुआ सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का

### मुख्य अभियंता की जांच में दोषी पाए गए सहायक यंत्री पर नहीं हुई कार्यवाही

जागरण, सीधी



जिले में लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई जा रही सड़कों में संविदाकार एवं उपयंत्री सहायक यंत्री के द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने का आए दिन मामला उजागर हो रहा है। धौहनी विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्मित सड़क ठोंगा मैर टोला से जमुआ लागत 2 करोड़ 77 लाख, लंबाई 3.30 किलोमीटर की जांच मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के द्वारा विगत दिनों स्थल पर जाकर की गई थी। जिसमें मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता की टीम ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि सड़क निर्माण में पाई गई व्यापक अनियमितता के दोषी उपयंत्री एवं सहायक यंत्री दोनो हैं। इसके बाद भी सहायक यंत्री पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि उसी भ्रष्टाचार और अनियमितता के कारण पत्र क्रमांक स्था/क्वा/स/04-9/79 रीवा परि.//2025/381 भोपाल दिनांक 7 अगस्त 2025 को इंजी. केपीएस राणा प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश के द्वारा उपयंत्री प्रभाष श्रीवास्ताव को निलंबित कर दिया गया है। प्रमुख अभियंता के आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया है कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दृष्टि से मुख्य अभियंताओं के द्वारा रेंडम 25 जुलाई 2025 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगति रत मार्ग ठोंगा मैर टोला से जमुआ नंबर 2 लंबाई 3.30 किलोमीटर मार्ग के चैनेज 2358 मीटर पर क्रस्ट की मोटाई निर्धारित मापदंड से कम पाई गई एवं मार्ग के चैनेज 2990 मीटर पर बनाई गई पुलिया में शार्प टर्निंग निर्मित किया जाना पाया गया है। इस प्रकार कार्य निर्धारित मापदंड के अनुसार संपादित नहीं करने एवं कार्य में लापरवाही हेतु मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 में निहित प्रावधानों के तहत प्रथम दृष्टया उत्तरदायी अधिकारी प्रभाष श्रीवास्तव उपयंत्री लोक निर्माण विभाग सीधी संभाग सीधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग रीवा मंडल रीवा निर्धारित किया जाता है। यदि किसी निर्माण कार्य का उत्तरदायी उपयंत्री को ठहराया जाता है तो उस कार्य का सबसे ज्यादा उत्तरदायित्व सहायक यंत्री का होता है। यदि सहायक यंत्री उपयंत्री के द्वारा दर्ज की गई एमबी को सत्यापन न करते तो संविदाकार को उक्त कार्य का भुगतान कैसे होता। निर्माणाधीन सड़क का सहायक यंत्री द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा था। संविदाकार जब सड़क निर्माण में अनियमितता कर रहे थे तो सहायक यंत्री ने उसको रोंका क्यों नहीं। घटिया निर्माण कार्य एवं गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य के मूल्यांकन में सहायक यंत्री द्वारा आपत्ति दर्ज क्यों नहीं की गई। संविदाकार को भुगतान दिलाने में सहायक यंत्री के द्वारा महती भूमिका निभाई गई थी।

### धौहनी विधायक भी कर चुके हैं सहायक यंत्री की शिकायत



जिले के लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली एवं सीधी में पदस्थ सहायक यंत्री सुश्री स्तुति गौतम के अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत धौहनी विधायक भी वरिष्ट अधिकारियों से कर चुके हैं। मझौली एवं सीधी उप संभाग के अंतर्गत जो भी सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है उन सभी में जांच के दौरान व्यापक पैमाने पर अनियमितता पाई जाती है। सहायक यंत्री संविदाकारों से मिलकर घटिया निर्माण कार्य कराने में अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं और गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य की उपयंत्री को दबाव डालकर एमबी तैयार कर ठेकेदारों को लाभान्वित करने का पूरा प्रयास किया जाता है। घटिया निर्माण कार्य के कारण धौहनी विधायक के द्वारा सहायक यंत्री की शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### सहायक यंत्री को निर्लंबित किया जाए: प्रवीण तिवारी



जिले के मझौली मंडल के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि ठोंगा मैर टोला से जमुआ नंबर 2 सड़क निर्माण में की गई अनियमितता के अकेले दोषी उपयंत्री नहीं हैं। सहायक यंत्री भी बराबर की सहभागी रही हैं। 2 करोड़ 77 लाख की लागत से नवनिर्मित सड़क की जांच के दौरान व्यापक पैमाने पर अनियमितता पाई गई। इसके बावजूद भी संविदाकार को 2 करोड़ 8 लाख का भुगतान कैसे कर दिया गया। सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनको भी तत्काल निलंबित किया जाए। श्री तिवारी ने कहा कि यदि सहायक यंत्री को निलंबित नहीं किया जाता तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव लोक निर्माण से की जाएगी।

# सांसद ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित



## नवोदय चुरहट में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

जागरण, सीधी

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय चुरहट में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि सांसद, शैलेश द्विवेदी उपखंड अधिकारी चुरहट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशुतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि का साल श्रीफल पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राजेश मिश्रा सांसद द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कालवेलिया नृत्य, पंजाबी नृत्य, योगा, बालिकाओं द्वारा स्वयं सुरक्षा प्रदर्शन, योगा प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांसद द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वाद और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अंतरिक्ष मिशन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला कि किस तरह युवाओं के अंदर वैज्ञानिक सोच पैदा करना चाहते है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा स्थापित नये कीर्तिमान से बच्चों को अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। रजनीश शुक्ला, पालक शिक्षक संघ के सदस्य प्रवेश पाण्डेय आए हुए सम्मानित अतिथियों द्वारा प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी के मार्गदर्शन में चल रहे विद्यालय की सराहना की गई। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य व्यक्ति, सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## सांसद ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**जागरण, सीधी।** सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज जिला चिकित्सालय पहुँचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं तथा दवाई वितरण केंद्र का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने चिकित्सालय प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और मरीजों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर देव कुमार सिंह चौहान, सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. मनोज सिंह, निशांत मिश्र उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग सनसनीखेज प्रकरणों में हुई सजा

**जागरण, सीधी।** जिला पुलिस सीधी द्वारा अपराधों पर त्वरित एवं सशक्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों को चिन्हित कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत कर न्यायालय से आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित कराया गया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा पुलिस एवं अभियोजन अधिकारियों की सतत मेहनत का परिणाम है। पहले प्रकरण में जानकारी के अनुसार 10 अगस्त 2024 का है जहां आरोपी अच्छेलाल कुशवाहा ने पीड़िता से दुष्कर्म कर धमकाया तथा 14 अगस्त को पुनः प्रयास किया। साहस बटोरकर पीड़िता ने 19 अगस्त को थाना बहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस ने विवेचना करते हुए आरोपी को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा तथा 29 सितम्बर 2024 को अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट सीधी ने डीएनए परीक्षण रिपोर्ट एवं गवाहों के बयानों के आधार पर दिनांक 26 अगस्त 2025 को आरोपी अच्छेलाल कुशवाहा को आजीवन कारावास एवं 25,000 रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया। इस प्रकरण में जिला अभियोजन कार्यालय के विशेष लोक अभियोजक प्रशांत कुमार पाण्डेय की प्रभावी पैरवी के साथ-साथ नोडल अधिकारी निरीक्षक राकेश बैस एवं सहायक नोडल अधिकारी सउनि सोहागवती सिंह का विशेष योगदान रहा। इन्होंने साक्ष्य एवं गवाहों को उचित समय पर और सही ढंग से न्यायालय में प्रस्तुत कर दोषसिद्धि सुनिश्चित कराई। वहीं दूसरा प्रकरण 10 मार्च 2020 का है। जहां कि ग्राम रामपुर नैकिन में विवाद के दौरान आरोपी छोटू कोल, गोलू कोल, बबुआ कोल एवं बिहारी कोल ने फरियादी कल्लू साकेत व परिजनों पर हमला किया। आरोपी छोटू कोल ने निरमोही साकेत को लोहे के बका से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडे द्वारा अपराध क्रमांक 140/20 धारा 302/34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना उपरांत शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक आदित्य प्रताप सिंह ने सशक्त पैरवी की। परिणामस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रामपुर नैकिन ने अभियुक्त राजबिहारी कोल, बबुआ कोल एवं बृजनंदन उर्फगोलू कोल को धारा 302 एवं 323/34 भादवि में आजीवन सश्रम कारावास एवं 5-5 सौ रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया। आरोपी छोटे उर्फ लाल के फरार होने पर स्थायी वारंट जारी किया गया। इस प्रकरण में नोडल अधिकारी निरीक्षक सुधांशु तिवारी थाना प्रभारी रामपुर नैकिन एवं सहायक नोडल अधिकारी उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा चौकी प्रभारी पिपरांव की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। इन्होंने अभियोजन पक्ष के साथ मिलकर गवाहों एवं साक्ष्यों को न्यायालय में सही समय पर प्रस्तुत कर दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**जागरण, सीधी।** विज्ञान भारती, एनसीईआरटी एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा संस्कृति मंत्रालय के एनसीएसएम के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों हेतु निर्धारित है। एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट शोध कार्यों से अवगत कराना है। प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम में 40 प्रतिशत भारतीय ज्ञान विज्ञान एवं महान वैज्ञानिक शांति स्वरूप भटनागर जी की जीवनी पर आधारित होगा, वहीं 60 प्रतिशत भाग विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित रहेगा। यह प्रतियोगिता तीन चरणोंकृ विद्यालय स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तरकृपर आयोजित होगी। विद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को 2 हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति तथा राष्ट्रीय संस्थाओं में 1 से 3 सप्ताह का शैक्षिक भ्रमण कराने का अवसर मिलेगा। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से (मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट या कंप्यूटर) दी जा सकती है। पंजीयन शुल्क प्रति विद्यार्थी 200 रुपये निर्धारित किया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 तय की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने जिले के सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें। यह प्रतियोगिता पूर्णतः स्वैच्छिक है।

## नवोदय विद्यालय चुरहट में मनाया गया गणेश उत्सव

**जागरण, सीधी।** भारत सरकार की राष्ट्रीय एकता और विविधता को प्रोत्साहन देने हेतु नवोदय विद्यालयों में माइग्रेशन नीति आरंभ की गई है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखवानी और क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग के उपायुक्त आरके वर्मा, सहायक आयुक्त लेखराज मीणा, सहायक आयुक्त एवं संकुल प्रभारी श्रीमती दीक्षा ज्योति मिश्रा के निर्देशन में नीति के तहत जेएनवी चुरहट में महाराष्ट्र के हिंगोली के विद्यार्थी कक्षा नवीं में 1 वर्ष के लिए पढ़ते हैं और जेनवि चुरहट के विद्यार्थी हिंगोली में अध्ययन करते हैं। सांस्कृतिक दूरियों को कम करने के लिए भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय की शानदार पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत हम भारत के अन्य राज्यों की संस्कृति को जानते हैं। इसी को चरितार्थ करते हुए जेएनवी चुरहट में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य द्वारा गणेश जी का विधिवत पूजन माइग्रेशन के छात्र-छात्राओं के साथ किया गया। भजन व संगीत गणपति बप्पा मोरया के नारों के साथ पूरा विद्यालय भक्तिमय में हो गया।

# विराजे गजानन, गणपति बप्पा मोरया के लग रहे जयकारे

## जिले भर में गणेश चतुर्थी पर विराजे गणराज

### शहर में जगह-जगह गणेश प्रतिमा की हुई स्थापना

जागरण, सीधी



भगवान गणेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी आज बुधवार से धूमधाम से शुरू हो चुका है। कई भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना आज की गई। शहर में कई स्थानों में पंडालों में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। कुछ भक्तगणों ने अपने घरों में भी गणेश प्रतिमा की स्थापना पूरी आस्था के साथ की। दस दिवसीय आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारी की जा रही है। बाजार में इसका असर भी देखने को मिल रहा है। घरों में विराजित करने के लिए लोगों में अब इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की मांग बढ़ गई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। कई प्रतिमाएं आज ही स्थापित हो गई है तो कुछ मुहूर्त के अनुसार स्थापित होने वाली हैं। भगवान गणेश की स्थापना के लिए गणेश चतुर्थी का पर्व बुधवार को शुभ मुहूर्त में शुरू हो चुका है। भगवान श्री गणेश को विराजित करने के लिए घरों और मंदिरों के साथ ही सार्वजनिक गणेशोत्सव के लिए भी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। शहर के प्रमुख क्षेत्रों के बाजारों में गणपति बप्पा की मूर्तियां स्थापित होने लगी हैं। पंडालों में रखी जाने वाली 5 से 8 फीट की प्रतिमाओं को बुकिंग के हिसाब से तैयार हो चुकी हैं। इनकी बुकिंग कई दिन पहले ही करा दी गई थी। बड़ी प्रतिमाओं की डिलेवरी भी गोदाम से हो रही है। ज्यादा बड़ी प्रतिमाओ की मांग नहीं रही है। खास बात यह है कि कई दुकानदारों ने इस बार भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की कार्ययोजना पहले ही बना ली थी। शहर के पुराना बस स्टैंड के मुख्य द्वार, पुरानी गल्ला मंडी, गांधी चौक, सर्राफा बाजार, गुरूद्वारा, सब्जी मंडी क्षेत्र, करौंदिया आदि जगहों में गणेश प्रतिमा की स्थापना होने वाली हैं। खास बात यह है कि छोटी व बड़ी दुकानों में इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है। बाजार में इस बार ईको फ्रेंडली भगवा गणेश की प्रतिमा की मांग सबसे अधिक है। शहर की गणेश प्रतिमा की दुकानों पर मिट्टी की प्रतिमाओं के दाम अधिक है। वैसे इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं की कीमत 1000 रूपए लेकर बड़ी प्रतिमा 12-15 हजार रूपए तक है। हालांकि घरों में विराजित करने वाली प्रतिमाएं छोटी अधिकतम 2 से 3 फीट तक होती है। इससे बड़ी प्रतिमाएं पंडालों में विराजित की जाती है। शहर में प्रतिमा बनाने वाले स्थानीय कारीगरों के अलावा बंगाल के भी आए हुए हैं। इनके द्वारा गणेश प्रतिमाओं के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण भी करने की तैयारी है। जिले के कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेशोत्सव को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गणेश चतुर्थी पर आज भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना पंडालों के साथ ही अपने घरों में भी की गई है।

## जिले में अब तक हुई 1100.1 मि.मी. औसत वर्षा

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 अगस्त को सीधी जिले में 6.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 27.8 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 17.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1100.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 27 अगस्त तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1229.9 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 883.8, चुरहट में 1019.0, गोपद बनास में 1144.0, सिहावल में 1157.2, मझौली में 1196.0, मि.मी. और कुसमी में 1071.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 934.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 48.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# जिला प्रशासन की निगरानी में खाद का वितरण

## उप संचालक कृषि ने यूरिया विक्रेताओं के यहां बिठाए कर्मचारी

### किसानों को 266 रुपए प्रति बोरी विक्रेताओं द्वारा दी जा रही खाद

जागरण, सीधी



जिले में यूरिया एवं उर्वरक खाद की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। जिसमें जिले के किसान यूरिया-खाद को लेकर जिला प्रशासन एवं उप संचालक कृषि से कई बार शिकायत की। यूरिया-खाद को लेकर उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान द्वारा टीम गठित कर जिले के कई उर्वरक खाद व्यापारियों के यहां निरीक्षण किया। जिसमें विक्रेताओं के यहां यूरिया की पर्याप्त मात्रा नहीं मिली लेकिन विक्रेताओं के यहां जो यूरिया का भंडारण स्टाक पंजी में था उसे किसानों को सुविधापूर्ण मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। जिले के लालता चौराहा स्थित गुप्ता ऑटो एजेंसी में 25 अगस्त से लगातार किसानों को यूरिया दी जा रही है। जिसमें कृषि विभाग के एडीओ पीएल कुशवाहा एवं उनके सहयोगियों की उपस्थिति में किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। गुप्ता ऑटो एजेंसी में 670 बोरी यूरिया मंगाई गई थी। जिसमें तीन दिन में 552 बोरी यूरिया किसानों को 266 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से उपलब्ध कराई गई। वहीं जिले के शासकीय भंडारण केंद्रों में भी खाद उपलब्ध है जैसे कि अमिलिया डबल लाक में 200 मैट्रिक टन एवं अन्य समितियों में 297 मैट्रिक टन यूरिया का भंडारण कराया गया है। जैसे कि समिति भरतपुर, कुडिया, बघवार, रामपुर नैकिन, कंधवार, चुरहट, बाघड़, सेमरिया, खड्डी एवं बेल्दह समितियों को 27 मैट्रिक टन एवं बड़ा टीकट व साडा इन दो समितिया में 13.5 मैट्रिक टन यूनिया का भंडारण कराया गया। जिससे किसानों को यूरिया-खाद आसानी से उपलब्ध कराई जा सके।

> लालता चौक स्थित मेरी गुप्ता ऑटो एजेंसी के नाम पर बीज एवं खाद की दुकान है। जिसमें हमारे यहां 670 बोरी यूरिया आई थी। उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान के निर्देशन पर यूरिया, खाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें विभागीय अधिकारी पीएल कुशवाहा एवं उनकी टीम मेरे दुकान में बैठकर किसानों को खाद वितरण करा रही है। मैं किसानों से आधार कार्ड लेकर उनका पीओएस मशीन में फिगर लगवाकर खाद वितरण कर रहा हूं।
>
> **पन्नालाल गुप्ता, खाद-बीज विक्रेता**

# लोक सेवा केंद्र की अव्यवस्थाओं पर जयश जिला अध्यक्ष ने उठाया सवाल



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी जनपद पंचायत के तहसील क्षेत्र अंतर्गत संचालित लोक सेवा केंद्र कुसमी की अव्यवस्थाओं पर इन दिनों सवाल पर सवाल लोग खड़े कर रहे हैं। मामले पर जयस के सीधी जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह सोर्टिया ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की लोक सेवा केंद्र कुसमी जहां पूरे कुसमी ब्लॉक भर के लोग किसान तहसील के कार्यो को लेकर पहुंचते हैं लेकिन लोक सेवा केंद्र में मात्र एक कंप्यूटर, एक प्रिंटर के सहारे किसानों का कार्य चल किया जा रहा है। जिससे समय पर किसानों को एवं यहां के लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोग भटकते रहते हैं। जयस जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह सोर्टिया सहित अन्य ग्रामीणो ने बताया कि लोक सेवा केंद्र में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है, वहां का चैंबर पूरी तरह से खाली रहता है। एक भी अधिकारी वहां पर नहीं रहते सिर्फ डिजिटल हस्ताक्षर दे दिए हैं। उससे ही वहां का संचालन हो रहा है, अधिकारियों के वहां पर उपस्थित नहीं होने से वहां अव्यस्था का आलम है, जबकि देखा जाए कि शासन के द्वारा तमाम व्यवस्थाएं एवं कई संख्या में कंप्यूटर सिस्टम रखने के निर्देश लोक सेवा केंद्र के संचालक को दिया गया है। इस मामले में जयस अध्यक्ष दिनेश सिंह सोर्टिया ने कहा कि मैंने अधिकारियों-कर्मचारियों से लेकर लोक सेवा केंद्र के प्रबंधक से भी इन सभी मुद्दों पर बात किया है लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। इसलिए मैंने जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले में सुधार लाने को देख रहा हूं यदि सुधार नहीं होता तो मैं कुसमी में एक आंदोलन भी करूंगा।

# पुलिस अधीक्षक ने नवीन थाना जमोड़ी भवन का किया भूमि पूजन

## नवीन थाना जमोड़ी भवन का भूमि पूजन संपन्न

### सामुदायिक भवन से संचालित हो रहा है थाना जमोड़ी

जागरण, सीधी





जिले के जमोड़ी क्षेत्र अंतर्गत पनवार चौहानन टोला में 26 अगस्त को नवीन थाना जमोड़ी भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि 1 जनवरी 2019 के पूर्व जमोड़ी, कोतवाली थाना क्षेत्र की एक चौकी के रूप में कार्यरत था। 1 जनवरी 2019 को इसे थाने के रूप में उन्नयन किया गया, जिसके बाद से यह अस्थायी रूप से सामुदायिक भवन से संचालित हो रहा था। पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा निरंतर पत्राचार कर नवीन थाना भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भोपाल को भेजा गया। उक्त प्रस्ताव स्वीकृत होने पर निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई और आज पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन का कार्य पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक आरएल साकेत, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित पुलिस बल उपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त संविदाकार रमेश साहू, एसडीओ पुलिस हाउसिंग संदीप सिंह तथा सब इंजीनियर जफर अली भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा ने कहा कि नवीन थाना भवन का निर्माण होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आमजन को पुलिस सेवाएं बेहतर एवं सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेंगी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## भारत की रक्षा प्रणाली में जुड़ा मजबूती का नया अध्याय

***भारत की नव-विकसित एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली बहुस्तरीय प्रणालियों का एक ऐसा स्वदेशी तंत्र है, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट करने में सक्षम है।***

*आज के दौर में तकनीकी विकास के साथ युद्ध के तरीके भी बदल गए हैं। अब पारंपरिक युद्ध के बजाय तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। दुश्मन देश की जमीनी सीमा पार किए बिना ही हवाई हमलों को बखूबी अंजाम दिया जाता है। ड्रोन, स्वायत्त प्रणाली और हाइपरसोनिक हथियारों के उदय ने युद्ध के पारंपरिक सिद्धांतों को बदल दिया है। ऐसे में कोई भी देश तभी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, जब उसके पास मजबूत वायु रक्षा प्रणाली हो।*

*इसी के मद्देनजर भारत ने हाल में एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण कर इस दिशा में एक और सफलता हासिल कर ली है। इस रक्षा प्रणाली को मिशन 'सुदर्शन चक्र' के तहत विकसित किया गया है। 'आपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को शिकस्त देने के करीब तीन माह बाद भारत की रक्षा प्रणाली में मजबूती का यह एक नया अध्याय जुड़ गया है। ड्रोन और मिसाइलों के हमलों को नाकाम करने की अपनी क्षमता को और ज्यादा सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की ओर एक बड़ी और अहम कामयाबी है।*

*पारंपरिक युद्ध की तुलना में आज के युद्ध में तकनीक का महत्व सर्वोपरि है। अब लड़ाई जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान से लड़ी जा रही है। आधुनिक हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलें हजारों किलोमीटर दूर अपने लक्ष्य को भेद सकती हैं। ड्रोन का इस्तेमाल अब रक्षा प्रणालियों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, जैसा रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य-पूर्व के संघर्षों में देखा गया है। जाहिर है, इस तरह के खतरों से निपटने के लिए भारत की रक्षा तैयारियों को तेज करना आवश्यक है। भारत की नव-विकसित एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' बहुस्तरीय प्रणालियों का एक ऐसा स्वदेशी तंत्र है, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट करने में सक्षम है। इसमें हमले का संकेत मिलने पर तुरंत जवाब देने और सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल प्रणाली तथा उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित प्रणाली शामिल है, जो दुश्मन के हौसलों को पस्त कर देगी। 'सुदर्शन चक्र' को डीआरडीओ और इसरो ने विकसित किया है. इसका नाम हिंदू पौराणिक कथा के भगवान विष्णु के प्रसिद्ध शस्त्र 'सुदर्शन चक्र' से प्रेरित है, जो दुश्मनों को पराजित करने का प्रतीक है। यह एक एडवांस मिसाइल डिफेंस और निगरानी प्रणाली है, जो भारत को हवाई हमलों, मिसाइलों और ड्रोन हमलों से बचाने के लिए डिजाइन की गई है। इन मिसाइलों में स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगे हैं। इसके अलावा इसमें मोबाइल लॉन्चर, ऑटोमेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, सर्विलांस और मल्टी-फंक्शन राडार होता है। आप इस मिसाइल को दागने के बाद भूल जाइए। यह अपने टारगेट का पीछा करके मारता है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी तैनात किया जा सकता है। यानी इसे आसानी से चीन सीमा से सटे हिमालय या पाकिस्तान से सटी रेगिस्तानी सीमा पर तैनात कर सकते हैं। इसका मकसद वर्ष 2035 तक भारत को एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है। 'सुदर्शन चक्र' ड्रोन और मिसाइलों के हमलों को नाकाम करने की अपनी क्षमता को और ज्यादा सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की ओर एक बड़ी और अहम कामयाबी है।*

# चीन के नियंत्रण से खतरे की जद में ब्रिटेन की इलेक्ट्रिक कारें

प्रोद्योगिकी से संकट

**रवींद्र दुबे**

चीन द्वारा प्रौद्योगिकी का शस्त्रीकरण एक कंपकंपा देने वाला यथार्थ बन चुका है। इस खतरे की गंभीरता का पता ब्रिटेन को तब लगा, जब 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सरकारी गाड़ी में चीनी ट्रैकिंग डिवाइस पाई गई। वह चीन से आयातित एक पुर्जे में छिपी हुई थी, जिसे निर्माता कंपनी ने फिट किया था। प्रधानमंत्री की कार चीन में तो नहीं ही बनी थी! कुछ इसी तरह के घटनाक्रम पर बनी फिल्म 'द इटैलियन जॉब' की कहानी ने ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियों की रातों की नींद हराम कर दी थी। इस क्लासिक फिल्म में माइकल केन द्वारा अभिनीत चार्ली क्रोकर के नेतृत्व में लंदनवासियों का एक गिरोह तुरीन की ट्रैफिक लाइटों को नाकाम कर चुराए हुए सोने से लदे एक ट्रक का अपहरण कर लेता है। ट्रैफिक लाइटों के साथ छेड़छाड़ एक तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा की जाती है, जिसकी भूमिका बेनी हिल ने निभाई है। वह एक सेंट्रल कंप्यूटर को हैक कर पूरे शहर में ट्रैफिक जाम करवा देता है और क्रोकर का गिरोह सोने से लदे ट्रक को उड़ाने में कामयाब हो जाता है। यह फिल्म 1969 में बनी थी, लेकिन इसकी कथावस्तु का यह पहलू आज के दौर में पहले से कई गुना ज्यादा गूंज रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यातायात व्यवस्था का तकनीकी पक्ष इतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितनी कि खुद गाड़ियां, जो कि आजकल पहिये लगे कंप्यूटरों में तब्दील हो चुकी हैं।




**सेंसरों और कैमरों से उफनती हुई वायरलेस कनेक्शन द्वारा अपने निर्माताओं के नेटवर्कों से जुड़ी हुई इलेक्ट्रिक कारें दुनिया की महाशक्तियों द्वारा प्रभुत्व की खातिर विश्वव्यापी युद्ध में नवीनतम मोहरा बन चुकी हैं। चूंकि, ब्रिटेन के कार बाजार में चीन का हिस्सा दस प्रतिशत से अधिक है, ब्रिटेन के लिए यह एक गंभीर समस्या साबित होगा। ब्रिटेन को डर है कि चीन एक ही झटके में सैकड़ों इलेक्ट्रिक कारों का कनेक्शन काटकर लंदन के ट्रैफिक को घुटनों पर ला सकता है।**

सेंसरों और कैमरों से उफनती हुई वायरलेस कनेक्शन द्वारा अपने निर्माताओं के नेटवर्कों से जुड़ी हुई इलेक्ट्रिक कारें दुनिया की महाशक्तियों द्वारा प्रभुत्व की खातिर विश्वव्यापी युद्ध में नवीनतम मोहरा बन चुकी हैं। चूंकि, ब्रिटेन के कार बाजार में चीन का हिस्सा दस प्रतिशत से अधिक है-और आने वाले वर्षों में और भी बढ़ने वाला है, ब्रिटेन के लिए एक गंभीर समस्या साबित होगा। ज्ञातव्य है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ के कारण बीजिंग के अमेरिकी बाजार से बाहर होने की आशंकाएं मंडरा रही हैं।

ब्रिटेन की बाहरी खुफिया एजेंसी एमआई 6 के पूर्व प्रमुख रिचर्ड डिअलव ने चेतावनी दी है कि चीन एक ही झटके में तकरीबन 400 इलेक्ट्रिक कारों का कनेक्शन काटकर लंदन के ट्रैफिक को घुटनों पर ला सकता है। कल्पना कीजिए कि किसी व्यस्त चौराहे पर एकाएक कई कारें खड़ी हो जाएं, जिन्हें अपनी जगह से इंच भर भी हिला पाना मुमकिन न हो? उनका मानना है कि यह कोई डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविक आशंका है। चूंकि, ये गाड़ियां इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं, उन्हें आसानी से दूर बैठे ही निष्क्रिय किया जा सकता है। इस अवधारणा को यूक्रेन में विस्तार से अमल में लाया जा चुका है। रूसी सेनाओं ने मेलित्पोल शहर पर कब्जा कर आधुनिक वाहन चुरा लिए। इन वाहनों की डीलरशिप जॉन डीयर के पास थी। रूसियों ने इन्हें जहाजों में लादकर 700 मील दूर चेचन्या भेजा, लेकिन वे उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए, क्योंकि जॉन डीयर ने उन वाहनों को ट्रैक कर उन्हें दूर से ही बंद कर दिया।

दुनिया के ज्यादातर लोग मोबाइल फोन में स्पाइवेयर को लेकर चिंतित हैं, तो ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियां इस बात से परेशान हैं कि इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) पूरी तरह विशालकाय स्पाइवेयर हैं और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारे पर ईवी को निष्क्रिय कर बंद कर दिए जाने पर ब्रिटेन के शहरों में एक इटैलियन जॉब का खतरा पैदा हो सकता है।

### जासूसी के लिए एक हथियार है ईवी

ईवी तोड़फोड़, निगरानी, जासूसी, यहां तक कि लक्षित हत्याओं के लिए पूर्ण हथियार है। साइबर सुरक्षा सम्मेलनों में प्रदर्शन किए जाते हैं कि किस तरह इलेक्ट्रिक कारों का नियंत्रण हाथों में लिया जा सकता है। चीनी हैकरों के एक समूह ने तो इस बात पर रिपोर्ट भी प्रकाशित की है कि उन्होंने किस तरह से एक टेस्ला कार के सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को तोड़कर उसे लेन में यू-टर्न करवा दिया। दूसरे गुट ने बताया कि किस तरह से किसी कार की डिक्की, विंडस्क्रीन के वाइपर और यहां तक कि ब्रेक भी दूर से ही सक्रिय या निष्क्रिय किए जा सकते हैं। ईवी की बैटरी की 50 फीसदी वैश्विक आपूर्ति का नियंत्रण सीएटीएल और बीवायडी नामक, दोनों चीनी कंपनियों के हाथ में है। इनकी नजरें ईवी उद्योगों के वर्चस्व पर केंद्रित हैं, जिनमें चार्जिंग नेटवर्क और ऊर्जा भंडारण व्यवस्थाएं शामिल हैं। दोनों कंपनियों की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निकटता है और ये सरकार से प्राप्त सब्सिडी से लाभान्वित भी हुई हैं। इससे सुरक्षा खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि बिजली के भंडारण और चार्जिंग नेटवर्कों को देश की इलेक्ट्रिकल ग्रिड से जोड़ने की जरूरत पड़ती है।

इसके अलावा, कई ऐसे चीनी कानून हैं, जो सभी कंपनियों को, चाहे वे पूरी तरह सरकारी हों या निजी, राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया जानकारी एकत्रित करने हेतु सहयोग करने के लिए मजबूर करते हैं। ये कंपनियां किसी भी सूरत में सरकार को मना नहीं कर सकतीं। हालांकि, यह तर्क दिया जा सकता है कि चीनी कार कंपनियां ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकतीं, क्योंकि इससे उनके धंधे पर असर पड़ेगा, लेकिन अगर आप यह बात मान लेते हैं, तो आप बहुत मासूम हैं। चीन द्वारा प्रौद्योगिकी का शस्त्रीकरण एक कंपकंपा देने वाला यथार्थ बन चुका है।

### संवेदनशील डाटा को भी खतरा

हाल ही में ब्रितानी प्रतिरक्षा अनुबंधों पर काम कर रही फर्मों ने अपने कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि वे अपने मोबाइल फोनों को चीन द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक कारों से कनेक्ट न करें। उन्हें भय है कि संवेदनशील डाटा बीजिंग न चला जाए। दरअसल, हर प्रतिरक्षा आपूर्तिकर्ता चीन निर्मित कारों की तकनीक के प्रति आशंकित है। ये कारें न सिर्फ आपकी यात्राएं डाउनलोड कर सकती हैं, बल्कि मैसेज, वॉइसमेल व मोबाइल के संवेदनशील दस्तावेज भी निकाल सकती हैं। बताते हैं कि बीएई सिस्टम्स, रोल्स रॉयस, रेथियॉन, लॉकहीड मार्टिन और थेल्स जैसी बड़ी-बड़ी डिफेंस फर्में भी इनमें शामिल हैं। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने ईवी के संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों और प्रशिक्षण कैंपों में घुसने पर कड़ी पाबंदियां लगा दी हैं। सैन्य प्रमुखों का जोर तो इस बात पर भी है कि न सिर्फ चीनी ईवी, बल्कि चीनी पुर्जों वाली कारें भी संवेदनशील भवनों से दो मील की दूरी पर खड़ी की जाएं।

### चीन की नजर भारत पर भी

अमेरिका और यूरोपीय संघ में ये वाहन कड़ी निगरानी में तो हैं ही, इन्होंने आयात पर काफी लेवी लगा दी है। नतीजतन चीन अब नए बाजार खोज रहा है, जहां वह इन कारों के पहाड़ को खपा सके। उसकी नजर भारत पर भी है, क्योंकि भारत भी आयातित कारों का अच्छा-खासा बाजार है। और चीनी इलेक्ट्रिक कारें सस्ती होती हैं, क्योंकि चीन उनके निर्माण के लिए काफी सब्सिडी देता है तथा जबर्दस्त और जरूरत से ज्यादा उत्पादन को भी प्रोत्साहित करता है। फिलहाल चीन कुछ भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर ईवी के बाजार में अपनी मौजूदगी का एहसास करवा रहा है। चीनी कंपनियां बीवायडी और लीपमोटर भारतीय बाजार में घुसने की तैयारी कर रही हैं। आखिरकार भारत भी इन कारों के निर्माण में लिथियम आयन बैटरियों पर निर्भर है, जिनका एक बड़ा हिस्सा चीन से आता है। अस्तु, हालात चाहे जो हों, लेकिन क्या हमें ब्रिटेन की चिंताओं से सबक सीखने की जरूरत है या नहीं? वैसे ही पिछले कुछ वर्षों में चीन भारत को लेकर काफी विवादों में घिरा रहा है। चाहे वह दोकलाम मुद्दा रहा हो या फिर अरुणाचल और सिक्किम को लेकर उसके दावे हों।

# कोच के रूप में गंभीर कसौटी पर खरा उतरना है गौतम को

क्रिकेट कोचिंग

**प्रदीप मैगजीन**

जब मैंने रहस्यमयी भारतीय कोच गौतम गंभीर के बारे में लिखना शुरू किया तो पृष्ठभूमि में ग्रेग चैपल की छवि आन खड़ी हुई। कोई भी दो लोग शैली, व्यक्तित्व, छवि और उपलब्धियों में इतने भिन्न नहीं हो सकते जितने कि ये दोनों, फिर भी इनके व्यक्तित्व मेरे मन में गडमड हो रहे हैं। दोनों में एकमात्र स्पष्ट समानता यह है कि जिस पद पर गौतम आज हैं, उस पर ग्रेग चैपल बतौर भारतीय टीम के कोच रहे।

2004-05 की सितारों जड़ी भारतीय टीम, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले और खुद एक महान बल्लेबाज रहे ग्रेग के भारतीय कोच बनने के दिनों को याद कीजिए। जिस शालीनता और शान के साथ यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी करता था, वह उनकी वाक्पटुता, खेल के तकनीकी ज्ञान के अलावा बातचीत में लोगों को कायल करने के गुण से मेल खाता था।

उनके कोचिंग कार्यकाल की वह उत्साहपूर्ण शुरुआत कोई दो साल बाद एक ऐसी विभाजित टीम के कोच में रूप में समाप्त हुई, जिसके खिलाड़ी असुरक्षित और अपनी उस परछाई तक से सशंकित हो चले थे, जिससे वे कभी प्यार करते थे। टीम को स्टार-कल्चर से मुक्ति दिलाने के इरादे से ग्रेग की आमद हुई थी; लेकिन आखिर में उनकी उपलब्धि थी वेस्ट इंडीज़ में आयोजित 2007 के विश्व कप में एक सम्मान से वंचित, भ्रमित एवं अराजकता भरी टीम, जिसने भारतीय क्रिकेट को बुरी तरह प्रभावित किया। ग्रेग अंत तक अपने इस विश्वास पर अडिग थे कि भारत की समस्या प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि वह स्टार कल्चर है जो नए खिलाड़ियों के विकास में बाधक है। ग्रेग ने भले ही समस्या की शिनाख्त कर ली हो, लेकिन समाधान के उनके तरीकों में उस संवेदनशीलता और भारतीय मानस की उचित समझ का अभाव रहा। शायद जिस चीज़ ने उनको हराया, वह था उनका नैतिकता के उस उच्च सिंहासन पर जा विराजना, जहां से उन्हें वह दुनिया दिखनी बंद हो गई, जिसको वे शायद ही समझ पाए और समझने की कोशिश भी नहीं की। ग्रेग के असंगत से तरीकों से पैदा हुई उथल-पुथल को उनकी जगह आए गैरी कर्सटन की सूझबूझ ने शांत किया और भारतीय टीम ने 2011 का विश्व कप जीता। विदेशी कोच के रूप में आखिरी थे इंग्लैंड के डंकन फ्लेचर, जिन्होंने इस बात को छिपाने की ज़रा भी कोशिश नहीं की कि वे एक बाहरी व्यक्ति हैं और नया तरीका चाहे भारतीय हो या विदेशी, उसको अपनाने में जरा दिलचस्पी नहीं है।



**मौजूदा कोच गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम में स्टार-संस्कृति को तोड़ना चाहते हैं, ठीक वैसी कोशिश जो कोच ग्रेग चैपल ने दो दशक पहले अपने कार्यकाल में की थी। इंग्लैंड में एक युवा टीम की शानदार सफलता ने गौतम के प्रयोग को यह वैधता प्रदान कर दी। क्या वे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक और संरक्षक बन पाएंगे।**

आखिरकार अनुभवी रवि शास्त्री ने टीम में ठेठ 'भारतीय ढंग' फिर से लौटाया, जिसमें क्रिकेट की कुशाग्रता, देशी ज्ञान के साथ मिलाकर, निरंतरता की संस्कृति पूर्ववत बनी रही और मरम्मत केवल उतनी की गई जिससे नींव को नुकसान न पहुंचे।

कोच के रूप में गौतम गंभीर की नियुक्ति ऐसे वक्त में हुई जब इसके प्रमुख सितारे विराट कोहली और रोहित शर्मा मद्धम पड़ने लगे। उम्र 44 साल हो और जिसका इतिहास व्यवहार के सामाजिक मानदंडों पर हमेशा अपेक्षित स्तर का न रहा हो, ऐसे गौतम गंभीर का व्यक्तित्व अध्ययन करने के लिए एक दिलचस्प केस है। ऐक कार्यक्रम में गौतम ने बताया कि वे इस तरह से बने हैं, जहां उन्हें हमेशा लगता रहा कि बहुत अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें उनका हक नहीं मिला। उन्होंने अंडर-14, अंडर-19 और यहां तक कि रणजी ट्रॉफी में भी असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया था, फिर भी उन्हें भारत की ओर से विश्व कप खेलने के लिए नहीं चुना गया। साल 2007 के विश्व कप टीम का हिस्सा न होने पर उन्हें झटका लगा था, लेकिन गुस्सैल स्वभाव को अपनी ट्रेनिंग और साधना में बाधा नहीं बनने दिया और आखिरकार भारतीय टीम में वापसी की, और भारत को 2007 में टी-20 और 2011 वनडे विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई।

गंभीर में कड़ी मेहनत के मोल और अस्वीकृति पर निराशा से उपजे गुस्से को अच्छा प्रदर्शन करने के जुनून में बदल देने की समझ थी। उन्होंने ऐसा किया भी। भारत के लिए खेलते हुए सफलता मध्यम दर्जे की रही, तो तीन आईपीएल प्रतियोगिताओं में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम को जिताया, जिसमें दो बार कप्तान के रूप में और तीसरी मर्तबा बतौर एक सलाहकार। तथापि, खुद पूर्व सांसद होने और भारतीय क्रिकेट प्रशासन के उच्चतम स्तर पर संबंध के बिना उनके भारतीय टीम का कोच बनने की कल्पना करना मुश्किल है। यह राजनीतिक पहुंच गंभीर को एक ऐसी ताकत देती है जिससे पिछले कोचों को ईर्ष्या हुई होगी। जाहिर है वे भी टीम में स्टार-संस्कृति को तोड़ना चाहते हैं, ठीक वैसी कोशिश जो ग्रेग चैपल ने दो दशक पहले अपने दो साल के कार्यकाल में की थी। टीम में विराट, रोहित और अश्विन को लेकर उनकी असहजता की खबरें अक्सर मीडिया में आती रहीं और इंग्लैंड में एक नई, युवा टीम की शानदार सफलता ने उनके प्रयोग को वह वैधता प्रदान कर दी, जिसकी उन्हें अब तक कमी थी। ग्रेग के विपरीत, अब उनके पास एक नई, युवा टीम है जो अभी भी अपने पांव जमाने की कोशिश कर रही है और शायद शुभमन गिल को छोड़कर, उनमें से कोई एक भी कोहली या रोहित के स्टारडम के आसपास तक नहीं है। एक साक्षात्कार में, गंभीर की ईमानदार स्वीकारोक्ति एक ऐसे व्यक्ति को उजागर करती है जो अपनी कमज़ोरियों से बखूबी वाकिफ़ है और उनसे निपटने का तरीका भी जानता है। क्या वे बेचैन, असुरक्षित किंतु प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक और संरक्षक बनेंगे, उन्हें निष्पक्ष नज़र से परखेंगे ताकि वे अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें?

फिर क्या वे भी एक और ग्रेग चैपल बनकर रह जाएंगे और किसी उभरते सितारे की आकांक्षा को कुचल देंगे जिससे टीम अस्थिर हो सकती है? इस कहानी का अगला अध्याय संभावनाओं से भरा है।

प्रसंगवश

## दहेज निषेध कानून की धारा का सख्ती से पालन कराना जरूरी

उप्र के ग्रेटर नोएडा के एक गांव में 26 वर्षीय ब्याहता महिला को, उसके 6 साला बेटे के सामने, जला कर मार दिया गया। यह दहेज-हत्या ही है। हम बार-बार हैरान होते हैं कि जिसे अपना जीवन-साथी बनाया हो, अग्नि को साक्षी मान कर फेरे लिए और सात कसमें खाई हों, उसे ही आग की लपटों के हवाले करने की बर्बरता कैसे की होगी? कोई राक्षस ही ऐसा पाशविक अपराध कर सकता है। एक बेटी मां-बाप का घर परित्याग कर एक अपरिचित घर में जाती है। उस घर का चिराग बनकर, उस घर का चिराग प्रज्वलित करने जाती है। उसी का उत्पीडन किया जाता है और अंततः उसे ही जला कर मार दिया जाता है। दहेज का लालच 'दानव' बन जाता है। यह कैसी सामाजिक और सड़ियल व्यवस्था है, जो बेटी को ही जलने, कटने और अंततः मरने को छोड़ देती है? ग्रेटर नोएडा की बेटी निक्की अपने साथ खूब धन-धान्य लेकर ससुराल आई थी। इसे 'दहेज' भी कह सकते हैं, लेकिन पति, सास आदि की 35 लाख रुपए की ललचाई मानसिकता ने, अंततः, बेटी को मौत तक पहुंचा दिया। हैरत इस पहलू पर भी होती है कि जब 'राक्षसों के घर' में बेटी सुरक्षित नहीं थी, तो दूसरी बेटी भी उसी घर में क्यों ब्याही गई? बेटी के मां-बाप के फैसले पर सवाल ही नहीं उठते, बल्कि शंका भी होती है! हमें एक पत्रकार-मित्र की बेटी के रिश्ते का मामला याद आता है।



**निक्की जैसी बेटियों की पहुंच किसी कानून, सरकारी या गैर-सरकारी संरक्षण तक नहीं है। कानून तो है, लेकिन ऐसा नहीं है, जो बेटियों को पूरी सुरक्षा दे सके। दहेज-हत्या की शिकार बेटी को इंसाफ या तो मिलता नहीं अथवा बहुत देर से मिलता है।**

जब प्रस्तावित वर के मामा ने पहला सवाल किया था कि आपका बजट कितना है, तो बेटी के पापा ने पलटजवाब दिया था-'क्या शादी बजट से की जानी है? हम औसत घर-परिवार वाले हैं। शादी वर-वधु के बीच होनी है। क्या गरीबों की बेटियों की शादी नहीं होती?' मामाजी खामोश, निरुत्तर हो गए। निक्की के माता-पिता ने भी कड़ा रुख अख्तियार किया होता, तो शायद बेटी का रिश्ता किसी और परिवार में होता, लेकिन बेटी जिंदा और सुरक्षित रहती! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रपटों के मुताबिक, दहेज-हत्याओं के क्रूर सच उप्र के अलावा, बिहार और हरियाणा के कई पॉकेट्स में भी हैं। वहां दहेज एक सामान्य चलन और परंपरा है। निक्की जैसी बेटियों की पहुंच किसी कानून, सरकारी या गैर-सरकारी संरक्षण तक नहीं है। बस बेटियों की शादी कर दी जाती है और उन्हें प्रताड़ना हिंसा और मौत के लिए छोड़ दिया जाता है। कानून तो है, लेकिन ऐसा नहीं है, जो बेटियों को पूरी सुरक्षा दे सके। 2022 में दहेज-हत्या ट्रायल में सजा की दर 33 फीसदी थी, लेकिन दहेज से जुड़े सभी मामलों में, उस साल लंबित मामले 60,577 थे, सजा की दर मात्र 2 फीसदी रही। आखिर दहेज के कारण बेटियां कब तक मारी जाती रहेंगी? दहेज-हत्या के मामलों में साक्ष्य मिटा दिए जाते हैं, फोरेंसिक तोड़-मरोड़ दिए जाते हैं, ऐसी जांच अप्रशिक्षित सफाई कर्मचारी ही करते हैं, क्योंकि ऐसी शव-परीक्षा करने और चीर-फाड़ करने से डॉक्टर इंकार कर देते हैं। अंततः दहेज निषेध अधिनियम के तहत दुरुपयोग के जो आरोप लगाए जाते हैं, वे अंततः थकने लगते हैं और अपराधियों की स्थिति को पुख्ता करते हैं। नतीजतन दहेज-हत्या की शिकार बेटी को इंसाफ या तो मिलता नहीं अथवा बहुत देर से मिलता है। जरा सोचिए, निक्की वाले मामले में जो प्राथमिकी दर्ज की गई है, उसमें दहेज निषेध कानून की धारा 80 बीएनएस को लागू ही नहीं किया गया है। अन्याय की शुरुआत बुनियाद से ही होती है। क्या हमारी व्यवस्था ही नारी जाति से द्वेष करती है? अथवा पुलिस की मिलीभगत होती है? ईमानदारी से कम कोई और रास्ता नहीं है। ऐसे मामलों में कड़ी जांच की जाए और डॉक्टरों को जांच के लिए बाध्य किया जाए और यथाशीघ्र सजा सुनाई जाए।

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते**
**कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम।**
**लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न**
**साधयति कल्पलतेव विद्या॥**

**भावार्थ**

विद्या माता की तरह रक्षण करती है, पिता की तरह हित करती है, पत्नी की तरह थकान दूर करके मन को रिझाती है, शोभा प्राप्त कराती है, और चारों दिशाओं में कीर्ति फैलाती है। सचमुच, कल्पवृक्ष की तरह यह विद्या क्या क्या सिद्ध नहीं करती।

जीवन दर्शन

# परफेक्शन की चाह में भटकेंगे तो गुस्सैल लोगों में शामिल होंगे

परफेक्ट बनने की चाह बहुत से लोगों को गुस्सैल बना देती है, उनकी सामाजिक और मानसिक स्थिति दयनीय हो जाती है। अगर आप भी परफेक्शन की चाह में भटकेंगे तो एक समय बाद भी गुस्सैल लोगों की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे।

अज्ञानता की स्थिति में अधूरपन या अपूर्णता ही प्राकृतिक है, जबकि परफेक्शन के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। बुद्धिमानी या ज्ञानोदय की स्थिति में, अपूर्णता आपकी मेहनत का परिणाम है, परफेक्शन एक अनिवार्यता है, जिसे आप नकार नहीं सकते।

वैराग्य की स्थिति में आप गैर जरूरी चीजों की भी परिपूर्णता या उत्कृष्टता के साथ देखभाल कर सकते हैं। जब हम दिल से प्रसन्न होते हैं तब हम कभी परफेक्शन या परिपूर्णता के ऊपर ध्यान नहीं देते। परंतु अगर आप परफेक्शन की तलाश में है तो आप खुशी के स्त्रोतों को नहीं ढूंढ रहे।



खुशी इस बात का अहसास है कि बुद्धिमानी से दूर नहीं जाया जा सकता। यह दुनिया ऊपरी तौर पर भले ही अधूरी या अपूर्ण नजर आती हो लेकिन गहराई में जाने पर यह पूर्ण है।

पूर्णता छिपाती है और अपूर्णता असल बात सामने रखती है। कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति केवल ऊपरी हालातों को नहीं बल्कि गहराई में जाकर चीजों को समझता है। चीजें धुंधली नहीं होती, धुंधला आपका दृष्टिकोण है। इस बात को समझिए और स्वाभाविक रहने की कोशिश करें

इस दुनिया में कुछ भी, कोई भी ऐसा नहीं है जो हर समय परफेक्ट हो।

यहां तक कि बहुत सोच-समहकर, अच्छी नीयत के साथ किया गया कार्य भी परफेक्ट नहीं हो सकता, उनमें भी कोई ना कोई खामी, कोई ना कोई त्रुटि होती ही है। हमारे मस्तिष्क की यह प्रवृत्ति ही है कि वह अपूर्णता, कमियों और त्रुटियों को आसानी से पकड़ लेता है, और आखिर में इस प्रक्रिया के तहत हम अपने मूड, अपने मस्तिष्क को त्रुटिपूर्ण कर बैठते हैं। ऐसी स्थिति में यह अनिवार्य है कि हम इस प्रक्रिया से बाहर निकलकर भीतरी तौर पर मजबूत और साहसी बनें।

**श्रीश्री रवि शंकर**

## संक्षिप्त खबरें

### नर्सिंग फर्जीवाड़े की अब नई बैंच करेगी सुनवाई

**जबलपुर।** प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग फर्जीवाड़े से जुड़ी याचिका पर अब नई बेंच सुनवाई करेगी। मंगलवार को जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 16 सितंबर निर्धारित की है। सूत्रों के अनुसार जस्टिस अतुल श्रीधरन का छत्तीसगढ़ स्थानांतरण होने के कारण उन्होंने चीफ जस्टिस से नर्सिंग मामले की सुनवाई के लिए नई बेंच गठित की जाए। वहीं, बेंच ने शासकीय नर्सिंग कॉलेजों से उत्तीर्ण हो चुकी छात्राओं को सीधे शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं दिए जाने संबंधी याचिका पर अंतिम सुनवाई कर फैसला सुरक्षित कर लिया। गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ओर से प्रदेश में फर्जी तरह से संचालित नर्सिंग के खिलाफ जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सीबीआई को प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की जांच के निर्देश दिये थे। सीबीआई जांच में अनसूटेबल पाये गये छात्रों का स्थानांतरण सूटेबल कॉलेज में किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया गया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अनसूटेबल कॉलेज के छात्रों का स्थानांतरण सीबीआई जांच में सूटेबल कॉलेज में किये जाने के आदेश जारी किये थे।

### अशासकीय संस्थाओं में प्रोफेसर की नई नियुक्ति पर प्रतिबंध है, पदोन्नति पर नहीं

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में साफ किया कि अशासकीय अनुदान प्राप्त संस्थाओं में प्रोफेसर की नई नियुक्ति पर प्रतिबंध है, पदोन्नति पर नहीं। इस मत के साथ राच्य शासन को निर्देश दिए गए हैं कि याचिकाकर्ता असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति का लाभ प्रदान करें। कोर्ट ने यह कार्रवाई 60 दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पिछले 25 सालों से अनुदान प्राप्त अशासकीय जीएस कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। याचिकाकर्ता को सीनियर स्केल भी प्राप्त हो गया है, लेकिन प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है। इस कारण वे यूजीसी वेतनमान के तहत एजीपी पाने से वंचित हो रहे हैं। इसके अलावा उनका प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य बनने का अवसर भी समाप्त हो जाएगा। वहीं राच्य शासन की ओर से दलील दी गई कि पूर्व में जारी परिपत्र के अनुसार सरकार अशासकीय अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त स्थानों को नहीं भरेगी। इसी कारण याचिकाकर्ता का दावा निरस्त कर दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पाया कि उक्त नियम पदोन्नति के लिए नहीं, नई नियुक्तियों के संबंध में है। इसके अलावा पूर्व में भी शासन ने असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दी है।

### एनसीटीई कोर्स में दाखिले का तीसरा चरण 27 से

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई कोर्स संचालित करने वाले सरकारी, अनुदान प्राप्त और निजी कॉलेजों में दाखिले के लिए तीसरा अतिरिक्त चरण शुरू कर दिया है। इसके लिए विभाग ने टाइमटेबल जारी कर दिया है। जारी समय-सारणी के अनुसार एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 27 से 30 अगस्त तक दस्तावेज़ सत्यापन होगा और 1 सितंबर को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन होगा। मेरिट लिस्ट के अनुसार 2 सितंबर से काउंसलिंग होगी और आवंटित कॉलेजों में 4 सितंबर तक दस्तावेजों का सत्यापन होगा। इसके बाद 6 सितंबर तक फीस भरी जाएगी।

# सिपाही ने पत्नी-बच्चों को छोड़ कर लीं दो और शादियां, 5 आपराधिक मामले भी दर्ज

## विभागीय जांच के आदेश होगी सख्त कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक सिपाही की पत्नी ने पति के खिलाफ गुजारा भत्ता न देने की शिकायत की थी। जांच हुई तो एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे हुए। सिपाही ने न केवल अपनी पहली पत्नी और बच्चे के होते हुए दो और शादियां की हैं, बल्कि उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले भी दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। पत्नी ने अपने और बच्चों के भरण-पोषण के लिए गुहार




लगाई थी। जब यह बात सामने आई कि इतने गंभीर आपराधिक मामलों और कई शादियाँ करने वाला आरक्षक शान से नौकरी कर रहा है, तो पीएचक्यू ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने फील्ड में तैनात अधिकारियों को सिपाही की विभागीय जांच शुरू करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### सबसे ज़्यादा पुलिस उत्पीड़न की शिकायतें

मंगलवार को जनसुनवाई में प्रदेश भर से आए 25 आवेदकों ने पीएचक्यू के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखीं। इनमें सबसे ज़्यादा शिकायतें पुलिस उत्पीड़न से जुड़ी थीं। ये शिकायतें राजगढ़, ग्वालियर, मंडला, रायसेन, सीहोर, रीवा और मुरैना से आई थीं। इसके अलावा, महिलाओं से मारपीट, पारिवारिक विवाद, झूठे मामले, नौकरी और वेतन से जुड़े आवेदन भी आए। जनसुनवाई के दौरान एडीजी कंप्लेन राजाबाबू सिंह के अलावा आईजी कंप्लेन चैत्रा एन., और पीएसओ टू डीजीपी मलय जैन भी मौजूद रहे।

### बहू का घर हड़पा, पुलिस पर कार्रवाई के निर्देश

एक और मामला शिवपुरी जिले के कोलारस का है। वहाँ की रहने वाली समरीन खान ने आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने उनके मकान और सामान पर कब्जा कर लिया और उन्हें घर से निकाल दिया है। समरीन के अनुसार, उनके पति राजू खान का लगभग 8 महीने पहले निधन हो गया था। उन्होंने पति-पत्नी ने मिलकर 900 वर्गफीट का एक मकान खरीदा था, जो समरीन के नाम पर है। राजू की मौत के बाद, ससुराल वालों ने इस घर पर कब्जा कर लिया और समरीन और उनके बच्चे को घर से निकाल दिया। समरीन का आरोप है कि ससुराल वालों ने पति के ऑटो और घर का सारा सामान भी हड़प लिया है। इस मामले में कोलारस थाना पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने और पीएचक्यू को इसकी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### एडीजी के एक फोन से खुली सिपाही की कुंडली

मुरैना की पाँचवीं बटालियन में तैनात आरक्षक बादाम सिंह चौधरी, जो मूल रूप से ग्राम बागपुरा, तहसील भांडेर का रहने वाला है, उसकी पत्नी संतोषी देवी ने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी शादी 32 साल पहले हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। संतोषी का आरोप है कि 2019 में बादाम सिंह ने उन्हें और बच्चों को पीटकर घर से निकाल दिया और उनका भरण-पोषण बंद कर दिया। जब संतोषी ने जानकारी जुटाई, तो पता चला कि बादाम चौधरी की दो और पत्नियाँ हैं, जो ग्वालियर में रहती हैं। जब वह अपने बच्चों के साथ बादाम सिंह के पैतृक गाँव बागपुरा गईं और वहाँ उनके पिता और भाई से मदद मांगी, तो उन्होंने भी संतोषी और उनके बेटे को पीटकर भगा दिया। संतोषी ने यह भी आरोप लगाया कि बादाम सिंह पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जनसुनवाई कर रहे एडीजी राजाबाबू सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पाँचवीं बटालियन मुरैना के कमांडेंट से जानकारी मांगी। कमांडेंट ने भी इसकी पुष्टि की कि सिपाही बादाम के खिलाफ न केवल आपराधिक मामले दर्ज हैं बल्कि उसने एक से अधिक शादियां भी की हैं। यह जानकारी मिलते ही एडीजी ने तुरंत विभागीय कार्रवाई कर सिपाही के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए।

# मध्यप्रदेश को सेंट्रल इंडिया का मेडिकल हब बनाएंगे: मुख्यमंत्री

## रोड नेटवर्क विस्तार के लिए 73 हजार करोड़ की परियोजनाओं के बारे में भी मंत्रियों को दी जानकारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार मध्यप्रदेश को सेंट्रल इंडिया का मेडिकल हब बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म के तौर पर स्थापित करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे उन्होंने कटनी माइन्स कॉन्क्लेव और जबलपुर में केन्द्रीय भूतल मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश में रोड नेटवर्क विस्तार के लिए 73 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के बारे में भी मंत्रियों को जानकारी से अवगत कराया। सीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के जबलपुर प्रवास के दौरान दो मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली का लोकार्पण करने और इन कॉलेज के लिए 100-100 मेडिकल सीट का स्वीकृति-पत्र मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वर्तमान में प्रदेश में शासकीय मेडिकल कॉलेज की संख्या 19 हो गई है। वर्तमान में प्रदेश में 2575 एमबीबीएस सीट और 1357 पी.जी. सीट हैं। प्रदेश सरकार के नवाचार के रूप में पीपीपी आधार पर मेडिकल कॉलेज के निर्माण की योजना के क्रम में चार मेडिकल कॉलेज-कटनी, धार, बैतूल और पन्ना के अनुबंध का निष्पादन किया गया। आगामी एक वर्ष में ये चार कॉलेज शिक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।



### देश की आजादी में गणेश चतुर्थी का महत्व

सीएम ने कहा कि देश की आजादी में गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व है। आजादी से पहले गणेश पंडालों में ज्यादा से ज्यादा लोग एकत्र हो, जिनमें देशप्रेम जागृत हो, ऐसे प्रयास किए गए थे, इसलिए हमने तय किया है कि गणेश उत्सव और नवरात्रि के दौरान स्वदेशी सामान को प्रोत्साहित किया जाए। मूर्ति निर्माण में मिट्टी और लुगदी को प्राथमिकता दी जाए। सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों सहित घरों में होने वाले पूजा-पाठ में देश में ही बने वस्त्र और साज-सज्जा की सामग्री का उपयोग हो।

### ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव में देश के मंदिर के ट्रस्टी आएंगे

सीएम ने बताया कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन और तीर्थाटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 27 अगस्त को उज्जैन में ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हम देश भर के बड़े मंदिर ट्रस्टों के अधिकारी, तकनीकि नवाचार कर्ता शामिल होंगे को आमंत्रित कर रहे है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि स्पिरिचुअल टूरिज्म को कैसे बढ़ाया जाए। हम इस कान्क्लेव के माध्यम से कॉपरेट जगत की इसमें कैसे सहभागिता बनें, इस दिशा में भी मंथन करेंगे। कॉन्क्लेव में देश-विदेश से कई आध्यात्मिक गुरु, विचारक सहित 300 से अधिक गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### बुंदेलखण्ड को भी मिलेगा कॉन्क्लेव का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 29 और 30 अगस्त को ग्वालियर में किया जा रहा है। इससे मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह क्षेत्र औद्योगिक और आर्थिक विकास का एक नया केंद्र बनेगा। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के 500 से अधिक प्रमुख पर्यटन विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और उद्योगपति शामिल होंगे।

### हाई कोर्ट में एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन ने पेश की जानकारी

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाए हाथी की मौत पर सरकार को लगाई फटकार

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष हाथी के मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन ने अवगत कराया कि कान्हा में रखे गए जंगली हाथी को 15 दिन में छोड़ दिया जाएगा। हाथी को पहनाने के लिए विदेश से कालर आइटी मंगवाई गई है।



हाई कोर्ट ने उक्त जानकारी को रिकार्ड पर ले लिया। साथ ही शहडोल से पकड़कर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाए गए हाथी की मौत को गंभीरता से लेते हुए राच्य शासन को फटकार लगाई। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जंगली हाथियों को पकड़ने की प्रक्रिया में वाइल्ड लाइफ एक्ट का पालन किया जाए। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को नियत कर दी गई। दरअसल, रायपुर निवासी नितिन सिंघवी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जंगली हाथियों को पकड़ने का कदम अंतिम उपाय के रूप में होना चाहिए। लेकिन मध्य प्रदेश में इसे पहले विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से जंगली हाथियों के झुंड मध्य प्रदेश के जंगलों में प्रवेश करते हैं। जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं और घरों में तोड़फोड़ की घटनाएं बड़ रही हैं। कुछ मामलों में जंगली हाथियों द्वारा किए गए हमलों में लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। जंगली हाथियों को प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर फारेस्ट (पीसीसीएफ) वाइल्डलाइफ के आदेश पर ही पकड़ा जा सकता है। जंगली हाथी संरक्षित वन्य प्राणियों की प्रथम सूची में आते हैं। पकड़े जाने के बाद उन्हें टाइगर रिजर्व में भेजकर प्रशिक्षण दिया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान हाथियों को यातनाओं का सामना करना पड़ता है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया था कि पिछले 30 वर्षों में पकड़े गए हाथियों का पूरा विवरण पेश किया जाए। सरकार की तरफ से पेष की गई रिपोर्ट में बताया गया था कि वर्ष 2017 से अब तक 10 जंगली हाथियों को पकड़ा गया है, जिसमें से दो हाथियों को विदेश से मंगवाई गई कालर आईडी पहनाकर छोड दिया गया है। पूर्व में याचिकाकर्ता की ओर से प्रदेश में एक भी हाथियों को कंट्रोल करने के लिए एक्सपर्ट का मामला भी उठाया गया था। सरकार की तरफ से बताया गया था कि छह सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी के सेंटर आफ एलिफेंट स्टेडी कालेज आफ वेटनरी एनिमल साइंस के प्रोफेसर राजीव टीएस को शामिल किया गया है।

**कान्हा में रखे जंगली हाथी को 15 दिन में छोड़ दिया जाएगा**

# ओबीसी आरक्षण रोकने सरकार ने खर्च कर दिए 100 करोड़ : जीतू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि भाजपा सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण नहीं दिलाना चाहती है। सरकार ने केवल ओबीसी आरक्षण को रोकने के लिए सरकारी खजाने से सौ करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि इस मामले में पिछले 25 साल से कांग्रेस की नीति और नीयत एक जैसी है। दिग्विजय सरकार के समय इस संबंध में प्रयास शुरु हुए थे। डेढ साल की कमलनाथ सरकार में भी 27 प्रतिशत आरक्षण का हक मिले, इसके लिए कोर्ट में जिरह की. फिर हम ही कानून लेकर आए. लेकिन पिछले 6 साल से बीजेपी की सरकार में 27 प्रतिशत आरक्षण अटका हुआ है. असल में बीजेपी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दबाव में कोई निर्णय नहीं ले पा रही है. बीजेपी ओबीसी वर्ग के साथ छलावा कर रही है। पटवारी ने आरोप लगाया ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर जो अलग-अलग समय में जिरह हुई हैं, उसमें कोर्ट में वकीलों की फीस पर सरकार अपने खजाने से सौ करोड़ रुपए फीस में खर्च कर चुकी है। काग्रेस पार्टी की तरफ से हलफनामा देंगे, जिन लोगों ने 6 साल कानून लागू नहीं होने दिया, उन पर अवमानना केस चलाया जाए. इस मुद्दे पर कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी।

### सर्वदलीय बैठक पर सवाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर 28 अगस्त को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को लेकर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो पहले से ही ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर काम कर रही है और प्रयास कर रही है । सर्वदलीय बैठक तब बुलाई जाती है, जब सहमति बनाई जानी हो. लेकिन जब कांग्रेस पहले से समर्थन में है तो इस बैठक को बुलाए जाने का औचित्य क्या है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका जवाब दें।

# बीयू में तमिल, आरडीवीवी में लगेगी तेलुगू-पंजाबी की क्लास

## प्रदेश की सरकारी यूनिवर्सिटी में सिखाई जाएगी एक भारतीय भाषा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने एक नवाचार के तहत अब सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को एक भारतीय भाषा सिखाने का फैसला लिया है। इसके तहत अबयूनिवर्सिटी में गुजराती, पंजाबी, तेलुरू, तमिल, कन्नड़, सिंधी जैसी भाषाओं का ज्ञान भी विद्यार्थियों को दिया जाएगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को मंत्रालय में सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एक समीक्षा बैठक के दौरान ये फैसला लिया। बैठक में उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, रिक्त पदों पर भर्ती और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की।



### एमपी में दिखेगा भाषाई सौहार्द का अनूठा नजारा

मंत्री परमार ने कहा कि हिंदी भाषी मध्य प्रदेश, भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल करने जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय में देश की एक प्रमुख भारतीय भाषा सिखाने के लिए सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शुरु किए जाएँगे। इसका मकसद है कि प्रदेश के युवा जब देश के किसी भी राच्य में जाए तो वहां के निवासियों से सहजता से संवाद कर सके। उन्होंने कहा कि यह नवाचार भाषाई एकात्मता का संदेश भी देगा। इसके तहत उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले 17 सरकारी विश्वविद्यालयों को अलग-अलग भारतीय भाषाएं आवंटित की गई हैं।

### खाली पदों पर जल्द होगी भर्ती

मंत्री परमान ने सभी विश्वविद्यालयों से रिक्त पदों की जानकारी मांगी और रोस्टर का पालन करते हुए जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को एक इकाई मानकर रोस्टर बनाया जाए और रिक्त पद भरने के लिए जल्द विज्ञापन जारी किए जाएं। परमार ने नकल रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन और डिजिटल सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी यूनिवर्सिटी डिजिटल मूल्यांकन को बढ़ावा दें और मेधावी छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को अपने पोर्टल पर सार्वजनिक करें ताकि अन्य विद्यार्थी भी उसे देखकर प्रोत्साहित हो सकें। मंत्री ने विद्यार्थियों की अंकसूची और डिग्री को डिजिलॉकर में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एसीएस अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, और सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव उपस्थित रहे।

### इन यूनिवर्सिटी को मिला दायित्व

**तमिल:** बरकतउल्ला विवि, भोपाल
**कन्नड़:** जीवाजी विवि, ग्वालियर
**मराठी व तेलुगू :** देवी अहिल्या विवि, इंदौर
**तेलुगू व पंजाबी :** रानी दुर्गावती विवि, जबलपुर।
**रीवा-सिंधी और गुजराती:** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा
**मलयालम, सिंधी और असमिया:** विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
**गुजराती:** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि, छतरपुर
**तमिल और मराठी:** राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा
**बांग्ला:** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल
**खरगोन-गुजराती:** क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय,
**उड़िया:** महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, चित्रकूट एवं महर्षि पाणिनी विश्वविद्यालय, उज्जैन

### लेटलतीफी — आयकर और ईडी का दावा, सौरभ शर्मा का ही है सोना

# 52 किलो गोल्ड की जांच के लिए डीआरआई को 8 महीने से पत्र का इंतज़ार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद सुर्खियों में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन की कार से मिले सोने की जांच अब तक राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने शुरू नहीं की है। लोकायुक्त छापे के ठीक अगले दिन, मेंडोरा गाँव में एक फार्म हाउस में खड़ी इनोवा कार में 52 किलो सोना और 11.60 करोड़ की नकदी मिली थी। इस छापे में बरामद सोने के बिस्किट के बारे में यह पता लगाया जाना था कि यह किस देश में बने हैं और इन्हें वैध या अवैध तरीके से देश के भीतर भेजा गया। इस तरह की जांच का जिम्मा डीआरआई को ही दिया जाता है। सौरभ के यहाँ छापेमारी के बाद इस सोने का स्रोत पता लगाने के लिए आयकर विभाग और डीआरआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कई बार चर्चा हुई, लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी डीआरआई को सोने की जांच के लिए कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। सौरभ के सहयोगी चेतन की कार से बरामद इस सोने को सौरभ ने अपना मानने से इनकार कर दिया था, लेकिन आयकर और ईडी ने अपनी जांच में यह साबित कर दिया है कि यह सोना सौरभ का ही था।





### चेतन को जमानत मिली सौरभ और शरद अब भी जेल में

लोकायुक्त पुलिस, भोपाल ने 19 दिसंबर, 2024 को पूर्व परिवहन विभाग कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल के खिलाफ कार्रवाई की थी। ईसी रात आयकर विभाग और पुलिस ने इनोवा कार से गोल्ड औरे नकदी जब्त की थी। ये सारी संपत्ति परिवहन विभाग की नौकरी छोड़ने वाले कर्मचारी सौरभ शर्मा की बताई गई थी। इस केस में लोकायुकत की टीम ने सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को गिरफ्तार किया था। इन तीनों को अदालत ने जेल भेजा था। सुनवाई के दौरान तीनों को लोकायुक्त के केस में जमानत मिल चुकी है, जबकि ईडी ने इस केस में सौरभ समेत 12 को आरोपी बनाया है जिसमें सौरभकी पत्नी और उसकी मां समेत प्रीतम और प्यारे नाम के आरोपियों के नाम भी हैं। लोकायुक्त के केस में सौरभ, शरद और चेतन को जमानत मिल गई है लेकिन ईडी के केस में अब भी सौरभ और शरद जेल में हैं।

### इनकम टैक्स की कस्टडी में भी हो सकती है डीआरआई जांच

आयकर विभाग और पुलिस की टीम द्वारा पिछले साल 19 दिसंबर को मारे गए संयुक्त छापे में इनोवा कार के साथ जो सोना और नकदी बरामद हुई थी, वह आयकर विभाग की कस्टडी में है। ऐसे में यह आयकर विभाग की ही जिम्मेदारी थी कि वे इस बात का पता लगाएं कि सोने के ये बिस्किट किस देश में और कब बनाए गए थे। इन सोने के बिस्किट्स की जांच से यह भी पता चल सकता था कि इन्हें वैध या अवैध तरीके से देश में लाया गया है। यदि ये वैध तरीके से लाए गए होते, तो जांच में सौरभ के साथ कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते थे। इसके लिए आयकर विभाग के अधिकारियों ने कई बार केंद्र की एजेंसी डीआरआई के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन इसके बावजूद आयकर विभाग या वित्त मंत्रालय की तरफ से इन सोने के बिस्किट्स की जांच के लिए डीआरआई को एक भी लिखित पत्र जारी नहीं किया। ऐसे में अब तक ये पता नहीं चल सका है कि सोने का सोर्स क्या है।

### ईडी ने इन्हें बनाया है आरोपी

सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर, उमा शर्मा (सौरभ की मां), दिव्या तिवारी (सौरभ की पत्नी), विनय हासवानी (सौरभ का जीजा), रोहित तिवारी(सौरभ का साला) , प्यारे लाल केवट, अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्रालि, अविरल एंटरप्राइजेज, इंस्टेंट यूआर इंफ्रास्ट्रक्टचर, राजमाता भारत माता शिक्षा एवं सेवा समिति

# 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते बीआरसी नीरज गर्ग गिरफ्तार

## स्कूल मान्यता रिन्यू करने के लिए मांगे थे 80 हजार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने मंगलवार शाम को शिक्षा विभाग में पदस्थ एक अधिकारी नीरज गर्ग, को 30,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी नीरज गर्ग खंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) इंदौर शहर-1 के पद पर कार्यरत है और उसने यह राशि एक निजी स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के लिए मांगी थी। आवेदक रामविलास गुर्जर द सेंट पीटर्स कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक हैं। उन्होंने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि बीआरसी नीरज गर्ग उनके स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के लिए 80,000 की रिश्वत की मांग कर रहा है।



### ऐसे बना ट्रैप का प्लान

इस शिकायत की पुष्टि के लिए लोकायुक्त ने आवेदक और आरोपी के बीच बातचीत रिकॉर्ड की। बातचीत में आरोपी नीरज गर्ग ने 50,000 की पहली किश्त पड़ोसी स्कूल ओएसिस के कर्मचारी कमल सिंह वीरजी को देने को कहा था। इस रकम को आवेदक ने 25 अगस्त को दे दिया था। मंगलवार को शेष 30,000 की रिश्वत की राशि देना तय हुआ। नीरज गर्ग ने आवेदक रामविलास गुर्जर को रिश्वत की राशि लेकर कालानी चौराहा पर शाम 6 बजे बुलाया। जैसे ही आवेदक ने रिश्वत की राशि आरोपी को दी, पास ही तैनात लोकायुक्त दल ने नीरज गर्ग को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी नीरज गर्ग के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को भी विभागीय कार्रवाई के लिए दे दी गई है।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर महिलाओं में आक्रोश

## नेहरू स्मारक पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन जताया विरोध




**जागरण, मंडला ।** बुधवार को जिला मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में महिला मोर्चा एवं भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिला विरोधी घटिया बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा ने भाजपा जिला कार्यालय से विशाल रैली निकालकर नेहरू स्मारक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी एवं कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नेहरू स्मारक पहुंचकर आक्रोशित महिलाओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा ने कहा कि मध्यप्रदेश की महिलाओं को शराबी बताकर जीतू पटवारी ने न सिर्फ मातृशक्ति का अपमान किया है, बल्कि प्रदेश की संस्कृति और संस्कारों का भी घोर अपमान किया है। कांग्रेस नेताओं की ऐसी सोच से उनकी वास्तविक मानसिकता उजागर होती है। महिला मोर्चा ने मांग की है कि जीतू पटवारी तुरंत प्रदेश की सभी महिलाओं से सार्वजनिक मंच पर माफी माँगे, अन्यथा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशभर में उनका कड़ा विरोध जारी रखेगी। महिला मोर्चा ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही माफी नहीं माँगी जाती तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र होगा। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री शशि पटेल ने कहा कि इस देश की संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है और कांग्रेस नेता महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस को यदि थोड़ी भी शर्म है तो तुरंत अपने प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दिलाए और महिलाओं से माफी मंगवाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अनीता तिवारी, उमा यादव, प्रिया धुर्वे, बबीता अधिकारी, अंजली मिश्रा, प्रतिका चौरसिया, विनीता दुबे, सरिता महान, कमला टांडिया, कल्पना बरमैया,अंकिता दुबे, तरला कछवाहा, प्रतिभा साहू, अनीता चौधरी, संध्या यादव, मीनाक्षी यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम महिलाएँ शामिल हुईं। पूरे प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश और एकजुटता देखने को मिली। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत वरिष्ठ कार्यकर्ता विनय मिश्रा, थामन बरमैया,, रितेश राय, दिनेश चौधरी, अनुराग चौरसिया, सुधीर मिश्रा, सुशील मिश्रा,अंशुमाली शुक्ला, अभिषेक राय,आनंद जैन,विनय तिवारी, आकाश क्षत्री, जहूर मोहम्मद, रानू ठाकुर, आशीष झारिया, अजीत सिंहानी, मंगलेश चक्रवर्ती,चंद्रशेखर निखारे, सावन चौरसिया, सावन नीखर, विकास यादव, अमित मिश्रा,हबीब गौरी,वेदप्रकाश दुबे, हरिशंकर नामदेव, टेकचंद पंद्रो,शेरसिंह, दशरथ सैयाम, ओमकार रजक, अभिनव सिहारे, प्रवीण मिश्रा, अशोक भांवरे, संतोष कछवाहा, हिदायत गौरी, अतुल जैन,नागेंद्र दीक्षित, यशवल तिवारी, नरेश सिंधिया, पंकज दुबे, कतकू लाल भलावी, प्रमोद यादव सहित भाजपा के नगर एवं ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नदया गांव में जमकर चलीं लाठियां, 9 घायल, 27 पर मुकदमा

## ठाकुर समाज के लोगों ने पाल परिवार पर किया हमला



**जागरण, छतरपुर ।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नदया में मंगलवार की रात ठाकुर समाज और पाल समाज के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली बातचीत से शुरू हुआ विवाद लाठी और कुल्हाड़ी के हमलों तक पहुंच गया। गांव के ठाकुर समाज के लोगों ने एकजुट होकर पाल समाज के लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों पक्षों के लगभग 9 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 8 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर इस मामले में पाल समाज की रिपोर्ट पर ठाकुर समाज के 27 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नदया गांव में रहने वाले हरीराम पाल और राज सिंह ठाकुर के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते बीती रात दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई। विवाद की शुरूआत तब हुई जब हरीराम पाल के भतीजे रामगोपाल पाल को रात करीब 9 बजे राज सिंह ठाकुर, भोलू राजा बुन्देला और शैलेन्द्र सिंह ने रास्ते में रोककर मारपीट कर दी। इसके बाद हरीराम पाल परिवार के लोग इस हमले का विरोध करने लगे तो करीब एक घंटे बाद राज सिंह ठाकुर के परिवार के 27 लोगों ने पाल परिवार पर हमला कर दिया। एफआईआर के मुताबिक हमलावरों में भोलू राजा बुन्देला, शैलेन्द्र, रविराजा, सत्यम, सतेन्द्र, शिवाजी राजा, राहुल, नीरेन्द्र, राजुल सिंह, ओमपाल सिंह, राघव सिंह, नीतेन्द्र सिंह, भूरेराजा, सुक्की राजा, सुम्मेर सिंह, लवप्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, जेवेन्द्र सिंह, सुखसाब सिंह, दीपक सिंह, बब्बूराजा, हाकिम सिंह, राघवेन्द्र सिंह, त्रिलोक सिंह, राम सिंह, नत्थू सिंह के नाम शामिल हैं। इन सभी आरोपियों ने हरीराम पाल, हरीदास पाल, वृंदावन, जागेश्वर, बृजमोहन पाल को बुरी तरह पीटा जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मकान मालकिन की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर ।** छतरपुर जिला मुख्यालय पर 21 अगस्त को दिनदहाड़े विश्वनाथ कॉलोनी में अपनी मकान मालकिन को मौत के घाट उतारने वाला किरायेदार हत्यारा आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ गया है। पुलिस ने इस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि मकान मालकिन और उसके बेटे ने मेरे परिवार और मेरी बेटियों को बंधक बना रखा था इसी गुस्से में मैंने उसे मार दिया। गौरतलब है कि 21 अगस्त को दोपहर के समय विश्वनाथ कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले महेश राय तनय रामदास राय बमनौराकला थाना बमनौरा के द्वारा अपनी ही मकान मालकिन सरमन पाठक को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया गया था। इस मामले में हमलावर ने मकान मालकिन की बेटी पर भी हमले किए थे और इसके बाद शराब के नशे में धुत महेश राय मौके से फरार हो गया था। जिला मुख्यालय पर हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे जिसके बाद एसपी अगम जैन ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर गाजियाबाद, दिल्ली जैसे स्थानों पर दबिश दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए साईबर टीमों की मदद ली गई और कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए।

## हाथी के हमले से ग्रामीण घायल वनांचल में दहशत का माहौल



**डिंडोरी ।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खारीडीह के सोनतीरथ बंगलादादर में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को हाथी के हमले से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भदरू सिंह पिता बैगा (उम्र 60 वर्ष) रात को जंगल किनारे बने गौशाला के पास सो रहे थे। तभी एक हाथी मक्का खेत में घुस आया। शोर सुनकर भदरू सिंह ने टॉर्च जलाकर भगाने का प्रयास किया, लेकिन रोशनी सीधी हाथी की आंखों पर पड़ते ही वह बेकाबू हो गया।हाथी ने ग्रामीण को सूंड में फंसा कर दूर फेंक दिया और खुद भी भाग गया। घायल अवस्था में ग्रामीण किसी तरह पास के घर पहुंचे और घटना की सूचना दी। तत्पश्चात ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को खबर दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को निजी वाहन से करंजिया अस्पताल रवाना किया वन विभाग ने एहतियातन सभी ग्रामीणों को छतों पर सुरक्षित स्थानों में रुकने की सलाह दी और पूरी रात हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाएं रखें। बताया गया कि मंगलवार दोपहर हाथी छत्तीसगढ़ के अचानकमार जंगल की ओर लौट गया वहीं विभाग ने आमजन से अपील किया है कि फिलहाल जंगलों के तरफ न जाएं और आबादी वाले स्थानों पर सावधानी बरतने के लिए मुनादी कराकर सजग रहने की बात कही हैं ।

### हाथी की आमद से दहशत में ग्रामीण

लगातार हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ हैं,खासकर वनांचल वासियों के बीच महाकाय प्राणी को लेकर भय व्याप्त हैं क्योंकि गत वर्ष में हाथियों के उत्पात से उत्पन्न अराजक माहौल को लोग अभी भी नहीं भूल पाएं हैं और उसी तरह का मंजर फिर बनने लगा ऐसे में ग्रामीणों की दिनचर्या भी प्रभावित होने की बात लोग कर रहे हैं लंबे समय से मचा रहा उत्पात गौरतलब हैं कि यह अकेला हाथी लंबे समय से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के जंगलों में उत्पात मचाते हुए नाक में दम करके रखा हैं,।दल से बिछड़कर भटक रहा हाथीआमतौर पर हाथियों का दल समूह बनाकर चलता हैं लेकिन ग्रामीणों का मानना हैं कि यह हाथी अपने दल से बिछड़ कर जंगलों में इधर-उधर भटक रहा हैं।

## कुड़ामैली में सांसद श्री कुलस्ते ने की निःशुल्क साइकल वितरित



मंडला । निःशुल्क साईकिल वितरण योजनान्तर्गत, सत्र 2025-26 में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज (कुड़ामैली) में कक्षा छठवीं तथा कक्षा नवमीं में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में साईकिल वितरण किया गया। सांसद श्री कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शाला के साथ-साथ घर पर भी अध्ययन करने की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार आपको हर सुविधा और संसाधन मुहैया करा रही है।शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं।आप सभी बेहतर शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाएं।कार्यक्रम के पश्चात सांसद श्री कुलस्ते ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान समाजसेवी श्री रतन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री भूपेन्द्र वरकड़े, पूर्व जनपद अध्यक्ष नारायणगंज श्री रघुनंदन प्रसाद विश्वकर्मा, श्री किशन तेकाम, उपसरपंच ग्राम पंचायत कुड़ामैली श्री संतोष सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अमित आनंद पाण्डेय द्वारा किया गया।

## महिष्मति घाट पर पत्रकार वार्ता, मनरेगा उपयंत्रियों की 8 सूत्रीय मांगें प्रमुख मुद्दा



मंडला । सोमवार को गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, महिष्मति घाट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मनरेगा उपयंत्रियों की लंबित समस्याओं और 8 सूत्रीय मांगों को लेकर गंभीर चर्चा हुई। इस अवसर पर बताया गया कि शासन-प्रशासन से लगातार ज्ञापन एवं अनुरोध के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे मनरेगा उपयंत्रियों में आक्रोश व्याप्त है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उपयंत्री पिछले दस दिनों से सामूहिक अवकाश पर हैं और यदि शीघ्र ही उनकी मांगें नहीं मानी जातीं तो वे अनिश्चितकालीन कलमबंद आंदोलन को बाध्य होंगे।

**प्रमुख मांगें इस प्रकार रखी गईं :** 1. सेवा अवधि के अनुसार वेतन समकक्षीकरण एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का आदेश। 2. मृत्यु उपरांत आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति। 3. पद से पृथक किए जाने पर पुनः नियुक्ति का आदेश। 4. सहायक यंत्री का प्रभाव देने का आदेश। 5. मृत्यु उपरांत उपयंत्रियों को ग्रेच्युटी का लाभ। 6. संविदा सेवा का नवीनीकरण एक-एक वर्ष नहीं बल्कि 5 वर्ष के आधार पर। 7. केवल तकनीकी कार्य ही मनरेगा उपयंत्रियों से कराया जाए। 8. प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पत्रकार वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा उपयंत्रियों के बिना ग्रामीण विकास योजनाओं की गति ठप पड़ सकती है, ऐसे में शासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

## कमिश्नर एवं आईजी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**छतरपुर ।** 30 अगस्त 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का छतरपुर शहर के मेला ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के मद्देनजर एवं लॉ एंड ऑर्डर के संबंध में मंगलवार को कमिश्नर सागर अनिल सुचारी एवं आईजी हिमानी खन्ना ने छतरपुर विधायक ललिता यादव, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन के साथ कार्यक्रम स्थल मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण किया।

## एसपी द्वारा रात्रिकालीन गश्त एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**छतरपुर ।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा रात्रि में कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले की एकत्रित सूचनाओं का अवलोकन किया गया एवं वायरलेस सहित अन्य उपकरणों को चेक किया गया। इसके पश्चात् नगर के विभिन्न चौराहों, प्रमुख स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त का निरीक्षण किया गया। गश्त में लगे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी बाजार परिसर, धार्मिक स्थल, बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप एवं रहवासी क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करते रहें। थाना मोबाइल, चीता मोबाइल, पुलिस कंट्रोल रूम से निरंतर संपर्क में रहें, लोकेशन का आदान-प्रदान करते रहें। अनावश्यक रूप से घूमने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी विस्तृत जानकारी संकलित की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए।

# महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा : प्रफुल्ल मिश्रा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिला विरोधी बयान पर भाजपा ने की कड़ी निंदा



**जागरण, मंडला।** दिनांक 26 अगस्त 2025। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिला विरोधी बयान की कड़ी निंदा की है। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज जब प्रदेश और देशभर की करोड़ों बहनें सात्विक श्रद्धा और आस्था के साथ हरितालिका तीज का व्रत रख रही हैं, ऐसे पावन अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं को शराबी कहकर संबोधित करना न केवल महिलाओं का घोर अपमान है बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी अनादर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए बहनें लाड़ली होती हैं, जिनके सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार सतत प्रयास करती है। वहीं कांग्रेस के लिए बहनें शराबी हैं। यह कांग्रेस की दूषित मानसिकता और महिला विरोधी सोच को उजागर करता है।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा कि कांग्रेस में कभी महिलाओं को तंदूर में जलाया गया, तो कभी उन्हें आत्महत्या के लिए विवश किया गया। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने समय-समय पर महिलाओं को 'टंच माल', 'सजावटी सामान' कहा अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उन्हें शराबी बहन कहकर संबोधित किया है। उन्होंने 'शराबी' कहकर महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अपमान से भरा पड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस बयान से सहमत हैं? यदि नहीं, तो उन्हें प्रदेश की करोड़ों बहनों से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा उनका मौन उनकी सहमति ही माना जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की यही सोच बताती है कि वह किस तरह महिलाओं का सम्मान करती है। भाजपा सरकार कन्या पूजन जैसे पावन कार्यक्रमों से अपने कार्य की शुरुआत करती है, जबकि कांग्रेस महिलाओं को अपमानित करने वाले बयान देती है। अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जीतू पटवारी का यह बयान कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता का ताजा उदाहरण है। मण्डला जिले व प्रदेश की जनता महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## स्कूल में समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक

**छतरपुर ।** ईशानगर क्षेत्र के भेलसी गांव में शासकीय स्कूलों के शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। अभिभावकों ने शिक्षकों पर समय पर न आने, मध्याह्न भोजन में अनियमितता और बच्चों से बर्तन धुलवाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण अभिभावकों ने स्कूल में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। अभिभावक भागराज यादव, देशराज यादव और सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि स्कूल में 116 छात्र पंजीकृत हैं और पांच शिक्षक नियुक्त हैं, लेकिन केवल अतिथि शिक्षक जयराम प्रजापति समय पर पहुंचे थे। प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह भदौरिया, जो वर्तमान में सीएसी के पद पर हैं, की अनुपस्थिति और लापरवाही उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। अभिभावकों ने बताया कि सहायक शिक्षक और अतिथि शिक्षक बिना छुट्टी के गायब रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार नहीं मिलता, न ही यह पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण होता है। बच्चों से बर्तन धुलवाने और झाड़ू लगवाने जैसे काम करवाए जाते हैं। जब अभिभावक शिकायत करने स्कूल पहुंचते हैं, तो शिक्षक उन्हें एफआईआर की धमकी देते हैं।

## जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिया धरना




**जागरण, मण्डला।** मंडला जिले के स्वास्थ्य ढांचे की बदहाल स्थिति और जिला अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर आम आदमी पार्टी सोमवार से धरना पर बैठ गई है जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से धरना दे रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है जिसके चलते मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग अक्सर जबलपुर या अन्य जिलों का रुख करने को मजबूर होते हैं। यह स्थिति आम जनता के लिए बेहद चिंता का विषय है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि 27 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि यदि शीघ्र ही डॉक्टरों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, पेट रोग, ईएनटी (कान, नाक, गला), स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विभागों के डॉक्टरों की भारी कमी है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान पर भी बन आती है। आम आदमी पार्टी ने इस आंदोलन को जनता की आवाज बताते हुए कहा है कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवा पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिले भर के कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं आम जनता ने भी इस धरना प्रदर्शन कर समर्थन किया है।

## रास्ता रोककर युवक पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला

**छतरपुर ।** लेन-देन के विवाद के चलते एक युवक पर रास्ता रोककर लाठी-डंडों और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं, और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के मुताबिक यह तीसरी बार है जब आरोपियों ने उसकी पिटाई की है। रितिक पुत्र राजेश खरे उम्र 24 वर्ष ने बताया कि वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर रहता है। सोमवार को वह ग्राम पनौठा से लौट रहा था, तभी सागर रोड पर स्थी वाटिका के पास हमलावरों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं आरोपियों ने उस पर चाकू से वार भी किया, जिससे उसकी पीठ और पैर में चोटें आई हैं। घायल रितिक को परिजनों ने इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सिविल लाइन थाना पुलिस भी पहुंची। रितिक ने बताया कि वह सीमेंट बेचने का काम करता है और आरोपियों से उसके 50 हजार रुपए मिलना हैं, जिसको लेकर आरोपी पूर्व में दो बार और उसके साथ मारपीट कर चुके हैं, जिनकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज है।

# आज बिजावर में युवा संगम रोजगार मेले का होगा आयोजन

## बिजावर विधायक के मुख्यातिथ्य में होगा संपन्न

**जागरण, बिजावर ।** जिला प्रशासन छतरपुर के मार्गदर्शन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई एवं उद्योग विभाग के सहयोग से 28 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से अटल कम्युनिटी हॉल, डाकखाना चौराहा के पास, जटाशंकर रोड, बिजावर में आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला बिजावर विधायक राजेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कम्पनियां एलआईसी, एसबीआई लाइफ छतरपुर, टीएसपीएल पुणे, जी 4 एस सिक्योरिटी नोएडा, शिवशक्ति बायो टेक सागर, पुखराज हेल्थकेयर झांसी, इंटीग्रेटेड पर्सनेल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एडवेंटेज प्राइवेट लिमि सागर, रिच पर्सन सिक्योरिटी प्रा लि सागर, माइंडलैब्स मीडिया प्रा लि, वर्धमान यार्न मंडीदीप, ग्रो इंडिया प्रा लि पुणे, अरविंद लि गांधीनगर, प्रथम फाउंडेशन जबलपुर, गोल्डन फॉर्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा लि सागर, मदरसन प्रा लि सानंद गुजरात, रैंडस्टैड इंडिया प्रा लि पीथमपुर धार जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से आकांक्षी युवाओं का चयन करेंगे। इसके अतिरिक्त इस मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आवेदकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, बीएमआई, नेत्र परीक्षण, नशा मुक्ति हेतु परामर्श ऑनलाइन आभा आई बनाना, रोग का निदान एवं दवाओं का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 8 वीं से स्नातक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण युवा इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता के समस्त दस्तावेज, समग्र आईडी एवं दो फोटो लेकर निर्धारित स्थान पर प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। इसमें वेतनमान योग्यतानुसार 8000 से 25000 तक प्रतिमाह है।

## लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे हुए इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित

**छतरपुर ।** द इंटरनेशनल लायंस क्लब 3233ष्ट के द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-2026 की फस्ट व्योम डिस्टिक कांफ्रेस आयोजित की गई जिसमे छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के सभी लॉयन पदाधिकारी शामिल हुये छतरपुर से जोन चेयरपर्सन 02 लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे एवं सतना से रीजन चेयरपर्सन लॉयन अशोक जायसवाल जी ने रीजन 11 से प्रतिनिधित्व किया उनके द्वारा उत्कृष्ट मेंबर शिप ग्रोथ करवाई गई जिसके लिये डिस्ट्रिक गवर्नर [illegible] लॉयन विजय अग्रवाल जी और द्वितीय वाइस गवर्नर लॉयन पवन मलिक जी के द्वारा इंटरनेशनल अवार्ड सर्टिफिकेट दे कर मंच से सम्मानित किया गया ।

## शासकीय महाविद्यालय करंजिया में 'माटी गणेश सिद्ध गणेश' विषय पर कार्यशाला सम्पन्न




**जागरण, डिंडोरी ।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में आज स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जन अभियान परिषद करंजिया के संयुक्त तत्वावधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती दुर्गा सिंह भवेदी ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि सिखाई गईश्रीमती भवेदी ने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की बड़ी मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी की मूर्तियां बनाकर न केवल आर्थिक बचत होगी, बल्कि तालाबों और झीलों में प्रदूषण से भी बचा जा सकेगा।डॉ. के.के. द्विवेदी ने मिट्टी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं जन अभियान परिषद करंजिया के छात्र धर्मेंद्र ने हर घर गणेश, घर-घर गणेश, माटी गणेश नारे के साथ अभियान के उद्देश्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।इस अवसर पर ओंकारेश्वरी आरमो, खिलेश्वर तिवारी एवं भूपेंद्र मरावी ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लापरवाही की भेंट चढ़ी छात्रा, परिजनों का फूटा गुस्सा

## अस्पताल और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी



**जागरण, डिंडोरी।** जिले के मेंहदवानी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अध्यनरत एक छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मेंहदवानी में रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल दी है। गंभीर हालत में छात्रा को पहले मेंहदवानी अस्पताल ले जाया गया, जहां परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने समय पर सही उपचार नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि हालत बिगड़ने पर छात्रा को मंडला रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते उचित इलाज मिलता तो उनकी बेटी की जान बच सकती थी।गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने आरोप लगाया कि छात्रावास में छात्राओं की सेहत की सुध लेने वाला कोई नहीं है और अस्पताल प्रबंधन सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मेंहदवानी पुलिस ने मंगलवार सुबह 11:00 मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है लेकिन परिजनों और स्थानीय लोगों की मांग है कि छात्रावासों में छात्राओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन

### प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं जीतू पटवारी : शशि राजे परमार

### भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है कांग्रेस अपमान : मनीषा गोस्वामी



**जागरण, पन्ना।** पन्ना भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन एवं महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए स्थानीय गांधी चौक चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया इस दौरान उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी वक्तव्य के खिलाफ गुस्सा प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई व उनसे माफी मांगने की मांग की गई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति शशि राजे परमार ने कहा कि जब देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा था तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को नीचा दिखाकर आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है। कांग्रेस नेता प्रदेश में लगातार हार का सामना कर रहे हैं, इसलिए बौखलाहट में गलत बयानबाजी करके सुर्खियां में बने रहना चाहते हैं। जीतू पटवारी हीनभावना से ग्रसित हैं और उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा है। यह सिर्फ बहनों का नहीं, उनकी पहचान, संस्कार और पूरे परिवार व्यवस्था का अपमान है और पूरा प्रदेश अपमानित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीषा गोस्वामी ने पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। जब हरतालिका तीज पर बहने निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्री मति आशा गुप्त ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी। मध्यप्रदेश की बहने अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार रहेगी। जीतू पटवारी अपने दिए हुए बयान के लिए तत्काल मांफी मांगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि इस दौरान विभिन्न भाजपा नेता व अनुसांगिक संगठन के नेताओं ने भी अपना आक्रोश वक्तव्य के द्वारा प्रकट किया पुतला दहन कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा द्वारा किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला मोर्चा ने किया जीतू पटवारी का पुतला दहन, महिलाओं पर दिए बयान का जताया विरोध

**जागरण, टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को लेकर दिए गए कथित शर्मनाक बयान के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा और कार्यकर्ताओं ने गांधी चौराहे पर उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर कांग्रेस की मानसिकता पर सवाल उठाए।

### गांधी चौराहे पर हुआ विरोध प्रदर्शन

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि यह प्रदर्शन भाजपा के प्रदेशव्यापी आवाह्न पर आयोजित किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के मार्गदर्शन और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती विभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ पदाधिकारी बड़ी संख्या में गांधी चौराहे पर एकत्र हुए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर विरोध जताया गया और पुतला दहन किया गया।

### कांग्रेस की मानसिकता उजागर : विभा श्रीवास्तव

महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान मध्यप्रदेश की महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 'लाडली बहना' योजना के माध्यम से महिलाओं को सम्मान और सशक्तिकरण दे रही है, वहीं कांग्रेस के नेता महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचा रहे हैं। यह कांग्रेस की महिला विरोधी सोच और मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ऐसे अपमानजनक बयानों का कड़ा विरोध करती है और सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी।

### नारेबाजी के बीच जला पुतला

पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारे लगाए। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता महिलाओं का अपमान बंद नहीं करते तो नारी शक्ति उन्हें सबक सिखाने के लिए बाध्य होगी। पुतला दहन कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, पुष्पा यादव, रिंकी भदौरिया, संध्या सोनी सहित महिला कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित नुना, पूरन लोधी, आशुतोष भट्ट, अश्विनी चढ़ार, अभिषेक खरे रानू, प्रतेंद्र सिंघई, विकास यादव, रविंद्र श्रीवास्तव, जनमेजय तिवारी, शक्ति सिंह राय, शिवचरण उटमालिया, करण सिंह, देवेंद्र सेन, आकाश अवस्थी, कौशलेंद्र सिंह, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह परमार, सत्यम, अशोक मैडी राय, अवधेश तिवारी, अभिषेक पाराशर, प्रशांत जैन, हनी जैन, अक्षय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनधिकृत कॉलोनी के संबंध में एक सितम्बर तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरीलाल कुशवाहा, श्यामलाल कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा एवं सोनी कुशवाहा के द्वारा ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 422 रकवा 0.275 हे. भूमि पर निर्मित कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा आगामी एक सितम्बर तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इसके उपरांत किसी भी आपत्ति या आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनावेदकगण द्वारा उक्त सर्वे नंबर की भूमि पर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा प्राप्त किए बगैर तथा नगर व ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास कॉलोनी में नहीं किया गया तथा रेरा पंजीयन के बगैर छोटे-छोटे भू-खण्डों का विक्रय करना पाया गया था।

# नाबालिग अपहरण कांड सुलझा पॉक्सो एक्ट में आरोपी पर हुई कार्रवाई



**जागरण, टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिलेभर में नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कुडीला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाबालिग अपहृता को शिवपुरी जिले से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुडीला वृजेन्द्र सिंह घोषी ने विशेष टीम गठित की। टीम ने मेहनत और सतत प्रयास करते हुए थाना कुडीला के अपराध क्रमांक 258/2023 धारा 363 भादवि में अपहृता किशोरी (परिवर्तित नाम रीना) को शिवपुरी जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के हीरापुर पठार तिगैला से बरामद किया। अपहृता के बयान दर्ज किए जाने पर मामले में धारा 376(2एन) भादवि एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस ने आरोपी विनोद पिता राजन सपेरा उम्र 24 वर्ष निवासी पटौरी थाना बल्देवगढ़ को 26 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय टीकमगढ़ में पेश किया। नाबालिग की दस्तयाबी और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी वृजेन्द्र सिंह घोषी, सउनि असलम खान, प्रधान आरक्षक ताहिर खान, आरक्षक अभिषेक कुर्मी, वेदप्रकाश शर्मा, गिरजेश लोधी, अशोक मरावी, सुनील कुमार, महिला आरक्षक हेमलता अहिरवार और एनआरएस मिथलेश परसारिया का विशेष योगदान रहा।

# रिलीव नहीं हुआ अजयगढ़ एसडीएम का बाबू, सरकार की ट्रांसफर नीति पर बड़ा सवाल




**जागरण, पन्ना।** जिले की अजयगढ़ तहसील मुख्यालय के एसडीएम कोर्ट में लंबे समय से भ्रष्टाचार की मलाई छान रहे है अधिकारी व कर्मचारीयो पर शासन की ट्रांसफर नीति पर भी सवाल खड़े हो रहे क्योंकि पन्ना जिले का अजयगढ अति पिछड़ा इलाका होने के साथ-साथ यहां भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारीयो के लिए चारागाह बन चुका है! क्योंकि यहां जो भी अधिकारी कर्मचारी एक बार ट्रांसफर होकर आ जाता है वह यहां से जाना पसंद नहीं करता भले ही क्यों ना उसका स्थानांतरण हो जाए! अजयगढ़ एसडीएम कोर्ट में लंबे समय से अंगद के पैर की तरह अपनी कुर्सी पर जमे एसडीएम के रीडर प्रमोद आरख का है! जिसका स्थानांतरण तीन माह पूर्व जून महीने में अजयगढ़ से शाहनगर के लिए कलेक्टर द्वारा कर दिया गया था लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त बाबू आज तक एसडीएम कोर्ट से रिलीव नहीं किया गया, जिससे शासन की ट्रांसफर नीति के साथ-साथ उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं जो, उच्च न्यायालय के द्वारा राज्य शासन को स्पष्ट कहा गया था कि राजस्व विभाग मे लंबे समय जमे कर्मचारियों के कारण राजस्व प्रकरणों में भ्रष्टाचार के साथ-साथ सही निराकरण नहीं हो पाते! न्यायालय के आदेश के परिपालन में शासन द्वारा तीन साल से जमे कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए लेकिन उस पर अमल नहीं हो रहा है जिसका ताजा उदाहरण अजयगढ़ में देखने को मिल रहा है जहां एसडीएम के रीडर प्रमोद आरख अजयगढ़ में ही जमे हुए हैं बाबू के द्वारा अजयगढ़ में रहकर यहां से जाने का मन ही नहीं है चर्चा तो यह भी है कि उक्त बाबू के द्वारा एसडीएम कोर्ट में ही प्राइवेट अपने एक खास व्यक्ति को लगाया गया है जिससे बाबू संबंधित से कोर्ट की नोट सीट भी लिखवाता है, उक्त बाबू के द्वारा उसी बाहरी व्यक्ति से कई मामलों में लेनदेन की सेटिंग भी की जाती है! वर्तमान में अजयगढ़ एसडीएम भी बाबू पर काफी मेहरबान है यदि अजयगढ़ एसडीएम कोर्ट में लंबे समय से जमे बाबू के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला उजागर हो सकता है सूत्रों की माने तो उक्त बाबू के द्वारा आरख जाति के लोगों को लाभ पहुंचाया गया इसके साथ ही बांध के मुआवजा राशि मे भी भ्रष्टाचार किया गया है! स्थानीय लोगों ने तत्काल लिपिक प्रमोद अरख को भार मुक्त किए जाने की मांग की।

### इनका कहना है

संबंधित स्थानांतरण संबंधी मामला आपके द्वारा बताया गया है तत्काल लिपिक प्रमोद आरख को शाहनगर के लिए भार मुक्त किया जाएगा ।

**आलोक कुमार मार्को एसडीम**
**तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना**

# शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने थाना प्रभारी ने बैठक की आयोजित



**जागरण, पन्ना।** थाना परिसर मडला में शांति समिति की बैठक का अयोजन किया गया शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी उ. नि.ए. पी.एस.बघेल ने गणेश पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा की थाना प्रभारी ने सभी लोगों से गणेश पर्व,एवं अन्य त्यौहार पर आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग सहयोग की भावना से त्योहार मनायें किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें और इस तरह की कोई जानकारी मिलती है, तो पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके. त्योहार के दौरान पुलिस पूरी तरह अलर्ट रहेगी थाना प्रभारी ने शांति समिति में आये लोगों से अपने क्षेत्र की समस्या के विषय में वार्तालाप संवाद स्थापित किया थाना प्रभारी ने कहा कोई भी त्योहार एक दूसरे को आपसी सौहार्द पैदा कराते है पूजा क़ो शांतिपूर्ण मनाने में आप की भागीदारी अहम है. अफवाह पर ध्यान नहीं दें. असमाजिक तत्त्वों को देखते ही प्रसाशन को सूचना दें. कोई भी त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने में सभी का सहयोग जरूरी है थाना प्रभारी ने कहा गणेश पूजा शांति पूर्ण मनाने में पुलिस हमेशा तत्पर है. हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी. कही भी कोई हुड़दंग करता है पुलिस को फौरन खबर करें. पुलिस वहां तुरंत पहुंचेगी. हुड़दंग करने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जायेंगे इस अवसर पर एएसआई,प्रधान आरक्षक राजा बाबू,एवं थाना क्षेत्र के सरपंच गणमान्य नागरिक जनसमुदाय उपास्थित रहा।

# त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च निकाल कर दिया शांति का संदेश

**जागरण, टीकमगढ़।** आगामी त्योहारों गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, मिलाद-उन-नबी और अनंत चतुर्दशी को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शांति और सौहार्द का संदेश दिया। फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कोतवाली पहुंचा। इस दौरान रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र छारी और थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव सहित पूरा पुलिस बल मौजूद रहा। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि जिले में त्योहारों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखी जाएगी।

**अव्यवस्था ओर अफवाह फैलाने वाली पर होगी कार्यवाही- एसडीओपी राहुल :** वही एसडीओपी राहुल कटरे ने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा और शांति बनाए रखना है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम नागरिकों से अपील करते हैं कि वे त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। वही प्रशासन ने साफ किया है कि त्योहारों के दौरान माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

# परिवहन विभाग द्वारा वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिए अभियान

### विभाग के सारथी पोर्टल पर दी गई है लिंक

**जागरण, पन्ना।** वाहनो के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है। मोबाइल अपडेशन की विस्तृत प्रक्रिया मध्यप्रदेश परिवहन पोर्टल पर उपलब्ध है।


# शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने थाना प्रभारी ने बैठक की आयोजित

**जागरण, पन्ना।** सलेहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का अयोजन किया गया शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने गणेश पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने सभी लोगों से गणेश पर्व एवं अन्य तत्यौहार पर आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग सहयोग की भावना से त्योहार मनायें किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें और इस तरह की कोई जानकारी मिलती है, तो पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके. कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस पूरी तरह अलर्ट रहेगी थाना प्रभारी ने शांति समिति में आये लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों की समस्या के विषय में वार्तालाप संवाद स्थापित किया थाना प्रभारी ने कहा कोई भी त्योहार एक दूसरे को आपसी सौहार्द पैदा कराते है पूजा क़ो शांतिपूर्ण मनाने में आप की भागीदारी अहम है. अफवाह पर ध्यान नहीं दें. असमाजिक तत्त्वों को देखते ही प्रसाशन को सूचना दें. कोई भी त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने में सभी का सहयोग जरूरी है थाना प्रभारी ने कहा गणेश पूजा शांति पूर्ण मनाने में पुलिस हमेशा तत्पर है. हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी. कही भी कोई हुड़दंग करता है पुलिस को फौरन खबर करें. पुलिस वहां तुरंत पहुंचेगी. हुड़दंग करने वाले किसी भी हाल में बख्से नहीं जायेंगे. इस अवसर पर एएसआई भैयामन सिंह प्रधान आरक्षक राजेश प्रजापति, प्रधान आरक्षक विपिन पांण्डे, प्रधान आरक्षक आदित्य कुशवाहा , प्रधान आरक्षक तेजवती सिंह आरक्षक बबलू पटेल एवं थाना श्रेत्र के सरपंच गणमान्य नागरिक जनसमुदाय उपास्थित रहा।

# जिला पंचायत में समीक्षा बैठक 29 अगस्त को

**जागरण, पन्ना।** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गौशालाओं का निर्माण करने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक शुक्रवार, 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इन ग्राम पंचायतों में अजयगढ़ विकासखण्ड की 8, पन्ना की 7, गुनौर की 12, पवई की 11 और शाहनगर की 9 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा सभी जनपद पंचायत के सीईओ को समीक्षा बैठक में खण्ड पंचायत अधिकारी और ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# वार्ड क्रमांक 10 निवासी गफ्फार मोहम्मद का लंबी बीमारी के बाद निधन



**जागरण, पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी गफ्फार मोहम्मद का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लंबी लड़ाई लड़ने के बाद निधन हो गया। वे पिछले कई वर्षों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे और उपचार के दौरान भी हमेशा हिम्मत के साथ जीवन व्यतीत करते रहे, किंतु अंततः मंगलवार रात को उन्होंने अंतिम सांस ली। गफ्फार मोहम्मद के निधन की खबर मिलते ही पूरे वार्ड सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वे एक मिलनसार और सहज स्वभाव के व्यक्ति माने जाते थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने हमेशा परिजनों और समाज के बीच सौहार्द एवं भाईचारे की मिसाल पेश की।।दिवंगत अपने पीछे 8 भाई, 3 बहनें एवं 2 पुत्रियाँ छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवारजनों सहित मित्रों और परिचितों को गहरा आघात पहुँचा है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार गफ्फार मोहम्मद का अंतिम संस्कार परिजनों की मौजूदगी में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुँचे।नगरवासियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि गफ्फार मोहम्मद का जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु, कन्याओं ने सुयोग्य वर की कामना के लिए रखा हरितालिका तीज का निर्जला व्रत



**जागरण, पवई।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया पर बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में महिलाओं एवं युवतियों ने परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ हरितालिका तीज का पर्व मनाया। सुहागिनों ने जहां अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा, वहीं युवतियों ने मनोनुकूल वर की प्राप्ति हेतु उपवास कर पूजा-अर्चना की। सनातन परंपरा के अनुसार हरितालिका तीज का व्रत कठिन एवं श्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप कर यह व्रत रखा था। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए महिलाओं ने दिनभर निर्जल व्रत रखा और रात्रि को मिट्टी से निर्मित भगवान शंकर-पार्वती की प्रतिमा के समक्ष कथा श्रवण, पूजन-अर्चन एवं भजन-कीर्तन करते हुए जागरण किया। नगर के चौरसिया मोहल्ला, मानस कॉलोनी, गांधी चौक, नन्ही पवई, पुरानी अदालत, अंबेडकर पार्क सहित अनेक स्थानों और ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से आचार्य पंडितों के निर्देशन में विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पर्व को लेकर महिलाएं सुबह से ही तैयारियों में जुट गईं। सुहागिनों ने पारंपरिक परिधान धारण कर, हाथों में मेहंदी रचाई और श्रृंगार कर तीज गीत गाते हुए उत्साहपूर्वक अनुष्ठानों में भाग लिया। रात्रि जागरण के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीतों के साथ तीज के पारंपरिक गीत गाए, जिससे वातावरण भक्ति और उमंग से सराबोर हो उठा। बुधवार को फुलहरा विसर्जन के साथ व्रत का समापन हुआ। हरितालिका तीज पर्व ने पूरे नगर और ग्रामीण अंचलों में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल निर्मित कर दिया।

# गणपति स्थापित कर श्रद्धा-भाव से मनाया पर्व



**सिंगरौली।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रेडियो ऊर्जा की टीम ने श्रद्धा और उल्लास के साथ गणपति बप्पा की भव्य स्थापना की। पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें सिंगरौली की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि ह्लङ्कक्ष्ट विंध्याचल से महाप्रबंधक - संचालन एवं ईंधन प्रबंध एस. के. सिन्हा, स्टेशन डायरेक्टर शशिधर गर्ग, और इस अवसर पर सेंट-गोबेन से जी.एम. सेल्स श्री संजीव शेरकर और एरिया मैनेजर धर्मेंद्र झा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सांस्कृतिक आयोजन की सराहना की और गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में रेडियो ऊर्जा 89.6 स्नद्व की पूरी टीम, जिसमें स्टेशन मैनेजर रवि उमर सहित प्रोडक्शन मैनेजर - सूरज विश्वकर्मा, टेक्निकल स्टाफ शिवेंद्र, सेल्स व मार्केटिंग से दिव्य और रेडियो जोकि ऋछ्व आशीष, रिया, शालिनी व ऑफिस स्टाफ अमित और विष्णु भी शामिल थे रेडियो ऊर्जा टीम का मानना है कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति व समाज को जोड़ने वाला एक पवित्र अवसर है, जहां सभी मिलकर श्रद्धा और समर्पण के साथ एक सकारात्मक संदेश फैलाते हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल सूर्य भवन गेस्ट हाउस में गणेश प्रतिमा की स्थापना

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 27 अगस्त 2025 को एनटीपीसी विंध्याचल के सूर्य भवन गेस्ट हाउस में भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से स्थापना की गई। इस अवसर पर पारंपरिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ प्रबंधन टीम के नेतृत्व में संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) उपस्थित रहे। उनके साथ एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालनएवं एफएम), दीपु ए., महाप्रबंधक (सी एंड एम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा राकेश अरोड़ा,



मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त सीआईएसएफ के मनीष कुमार राय, वरिष्ठ कमांडेंट एवं भास्कर चौधरी, सहायक कमांडेंट सहित मानव संसाधन एवं टीएडी विभाग के प्रतिनिधियों ने भी उत्सव में सहभागिता की।

## एनटीपीसी रिहंद में तीन दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन



एनटीपीसी रिहंद परियोजना परिसर में 27 से 29 अगस्त 2025 तक श्रद्धा और उत्साह के साथ तीन दिवसीय भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज कल्याण केंद्र में भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) श्री अनिल श्रीवास्तव ने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ भगवान श्री गणेश की पूजा कर एनटीपीसी परिवार के समस्त सदस्यों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। पूरे तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को पारंपरिक उल्लास का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। रिहंद पूजा समिति, ने इस आयोजन के माध्यम से सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक समन्वय को और सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री शुक्ला के द्वारा समिति के उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब मिलकर गत वर्ष के भांति इस वर्ष भी आने वाले त्यौहारों को शांति पूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ मनाएं। कलेक्टर ने कहा कि मिलादङ्कउनङ्कनवी एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन तथा विश्वकर्मा पूजा त्यौहारों का शांति पूर्ण आयोजन हो जिसके लिए बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ही कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। निर्धारित किए गए समय पर मिलादङ्कउनङ्कनवी त्यौहार की प्रभातफेरी होगी तथा निर्धारित रास्ते से ही वाहन रैली निकाली जाए। तथा गणेश प्रतिमा का विसर्जन चिन्हित किए गए स्थलों पर ही किया जाए। वहीं नगर निगम के अधिकारी को शहरी क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर साफ सफाई के साथ साथ विसर्जन स्थलों पर सुचारू रूप से व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया गया साथ ही विद्युत मंडल के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि विद्युत व्यवस्था बनाए रखें। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस दावा की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक के द्वारा उपस्थित सदस्यों से अपेक्षा की गई कि निर्धारित रास्तों से ही जुलूस एवं प्रतिमा विसर्जन की रैलियां भी निकली जाएं। साथ ही गणेश प्रतिमा के व्यवस्थापकों से अपेक्षा की गई कि अपने पंडालों में वालंटियरों को रात्रि में रोकें साथ ही विसर्जन रैली आदि के लिए अपने क्षेत्र अंतर्गत के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट से निर्धारित समय पर अनुमति भी प्राप्त करें। त्यौहारों के आयोजन के दौरान फेसबुक व्हाट्सअप सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विशेष नजर रखी जाए ताकि किसी भी प्रकार के अफवाहों को नियंत्रित किया जा सके। यदि किसी को आपत्ति जनक सूचना जो किसी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय ,जाति के विरुद्ध या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की शंका प्राप्त होती है उससे किसी व्यक्ति को फॉरवर्ड न करें बल्कि ऐसी सूचनाओं के संबंध में जानकारी तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को दे ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। साथ ही प्रतिमा विसर्जन रैली के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संपूर्ण दायित्व आयोजक का होगा । वहीं रैली में छोटे बच्चे एवं किसी प्रकार की नशीले पदार्थों का सेवन कर शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

# वार्षिक आमसभा में बीकेकेएसएस एनसीएल मुख्यालय की नई कार्यकारिणी गठित



**सिंगरौली।** भारतीय कोयला खदान श्रमिक संघ सिंगरौली के निर्देशानुसार 25 अगस्त 2025 को भारतीय कोयला खदान श्रमिक संघ शाखा मुख्यालय का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप मे उपस्थित केंद्रीय पदाधिकारी अजय मिश्रा एवं राकेश प्रसाद के नेतृत्व मे चुनाव सम्पन्न कराया गया। सर्वप्रथम एनसीएल मुख्यालय इकाई संगठन के शाखा अध्यक्ष पंकज राय के द्वारा संगठन गीत कराया गया। तत्पश्चात शाखा के सचिव प्रयाग लाल वैश्य के द्वारा आम सभा मे प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सचिव प्रतिवेदन के बाद शाखा अध्यक्ष पंकज राय के द्वारा पुरानी कार्यकारणी को भंग कर दिया गया और मंच चुनाव अधिकारी को सौंप दिया गया। चुनाव अधिकारी राकेश प्रसाद ने संगठन की रीतिनीति के साथ ही साथ संगठन को निरंतर ब?ोतरी कैसे करें अपने उद्बोधन में बताया गया। चुनाव अधिकारी अजय मिश्रा ने संगठन के बारे मे मूल बाते बताई गई। अजय मिश्रा द्वारा सदस्यो से विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से नई कमेटी का घोषणा किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में श्री आशुतोष द्विवेदी को चुना गया। कार्यवाहक अध्यक्ष श्री इमामुल हक को चुना गया। शाखा सचिव के रूप मे श्री प्रयाग लाल वैश्य को पुनः चुना गया। चुनाव अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा संगठनमंत्री के रूप में राजेन्द्र प्रसाद वैश्य के नामो की घोषणा किया गया। उपस्थित सदस्यो द्वारा करतल ध्वनि से नये सदस्यो का स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य एवं मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

# डेढ़ माह से बिगड़ा है हैंडपंप, सरपंच की नहीं सुन रहा पीएचई अमला




**जागरण, सिंगरौली।** जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर के ग्राम पंचायत- दुधमनिया का मामला है। शासकीय माध्यमिक शाला दुधमनिया का हैंड पंप बीते डेढ़ माह से बंद पड़ा हुआ है। जिससे पानी के लिए छात्र-छात्राएं दर-दर भटक रहे हैं। विद्यालय प्रमुख द्वारा शिक्षा विभाग को ग्राम प्रधान को व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी यांत्रिकी विभाग को भी हैंडपंप बिगड़ जाने की सूचना दी जा चुकी है। परंतु जिम्मेदार अमला सुस्त पड़ा है। एक ओर मोहन जी का सरकार अच्छी शिक्षा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ शिक्षा आदि की बातें करती है। लेकिन कुछ विभाग राज्य सरकार को बदनाम करने में जुटे हैं। वहीं विद्यालय परिसर में ही आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। जिसके छोटे-छोटे बच्चे पानी पीने के लिए आखिर जाएं तो जाएं कहां । इसीलिए कुछ अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल भेजने से कतराते हैं। और पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी निद्रा में सो रहे हैं। ग्रामीणों ने ऐसे निरंकुश पीएचई अमला पर कार्रवाई की मांग की है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में ईमानदारी पर वेबिनार सत्य और धर्म के मूल्यों पर हुआ गहन मंथन



**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में अगस्त माह की कोर वैल्यू एक्कुलाईजेशन के अंतर्गत ईमानदारी विषय पर एक प्रेरणादायी वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्व कार्यकारी निदेशक अंबरीश नाथ दवे ने अपने विचार साझा किए। श्री दवे ने अपने उद्बोधन में ईमानदारी को केवल एक सिद्धांत नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका बताया। उन्होंने उपनिषदों से उद्धरण देते हुए सत्यमेव जयते के अमर संदेश को रेखांकित किया। साथ ही, ईमानदारी शब्द की उत्पत्ति पूर्णता से बताते हुए जीवन में संपूर्णता और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। शेक्सपियर के हैमलेट से लेकर एनटीपीसी के अपने शुरुआती अनुभवों तक के उदाहरणों ने प्रतिभागियों को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अनेक एनटीपीसी परियोजनाओं से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उनकी सहभागिता ने संगठन में ईमानदारी की संस्कृति को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाया। वेबिनार का संचालन अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं अगस्त माह की कोर वैल्यू चैंपियन मृणालिनी ने किया। उनके प्रयासों ने यह संदेश स्पष्ट किया कि एनटीपीसी विंध्याचल संगठनात्मक मूल्यों को कार्य संस्कृति में गहराई से आत्मसात करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।




## 38 साल के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन ने लिया संन्यास, चेन्नई की ओर से पदार्पण, उसके साथ ही खेला आखिरी मैच

# आईपीएल में अब नहीं दिखेगी अश्विन के कैरम बॉल की करामात

जेएनएन, चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया। अब इस लीग में उनकी करिश्माई कैरम बॉल की करामात नहीं दिखेगी। अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की। अश्विन ने एक्स पर लिखा, कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट मैच में भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट (537) लेने वाले गेंदबाज हैं। आईपीएल में अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए पदार्पण किया था। एक दशक के लंबे अंतराल के बाद 9.75 करोड़ रुपए में सीएसके से दोबारा जुड़ने के बाद उन्होंने आईपीएल 2025 में इसी टीम की ओर से अपना आखिरी मैच खेला। वह आईपीएल के पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज (187 विकेट) के तौर पर इस टूर्नामेंट को अलविदा कह रहे हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 7.2 की रही।




- अश्विन ने कुल मिलाकर 220 आईपीएल मैच में 30.22 की औसत से 187 विकेट लिए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन पर चार विकेट रहा। बल्ले से उन्होंने 50 के उच्चतम स्कोर और 13.02 की औसत से 833 रन बनाए।
- अश्विन 2010 और 2011 में सुपरकिंग्स की खिताबी जीत के दौरान टीम के अहम सदस्य थे। वह आईपीएल में अपने करियर के दौरान अब बंद हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेले।
- पिछले साल मेगा ऑक्शन में सीएसके ने अश्विन को 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, और उन्होंने 14 में से नौ मैच खेले थे। इकॉनमी के दृष्टिकोण से यह उनका सबसे महंगा साल भी साबित हुआ। उन्होंने 9.12 रन प्रति ओवर दिए। ऐसा पहली बार हुआ था कि किसी सीजन में उनकी इकॉनमी 8.49 से ज्यादा रही।

### अश्विन के अनोखे किस्से

अश्विन के आईपीएल से संन्यास के साथ ही इस टूर्नामेंट से और एक ऐसे खिलाड़ी का रिश्ता खत्म हो गया, जिसने इसके इतिहास में गहरी छाप छोड़ी। अश्विन के करियर को सिर्फ विकेटों और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उन अनोखे लम्हों से भी समझा जा सकता है, जिन्होंने क्रिकेट को पल भर के लिए और रोमांचक बना दिया।

#### रनआउट

पंजाब के कप्तान के तौर पर अश्विन ने राजस्थान के खिलाफ जॉस बटलर को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रनआउट कर दिया। बटलर उस समय बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे। बिना चेतावनी दिए किए गए इस रनआउट ने मैच का रुख पलट दिया और क्रिकेट जगत को दो हिस्सों में बांट दिया। बवाल जरूर मचा, लेकिन अश्विन ने साफ कहा - उन्होंने तो बस नियमों का पालन किया।

#### रिटायर्ड आउट

राजस्थान के लिए खेलते हुए लखनऊ के खिलाफ अश्विन ने अचानक खुद को रिटायर्ड आउट घोषित कर दिया, ताकि उनकी जगह एक और आक्रामक बल्लेबाज क्रीज पर आ सके। आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था। यह उनके खेल की अलग सोच और टीम के लिए नियमों का साहसी इस्तेमाल था, जिसने सभी को चौंका दिया।

#### धवन बनाम अश्विन

अश्विन ने दिल्ली के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए अचानक रनअप रोक दिया और धवन को मजाकिया अंदाज में क्रीज में वापस जाने का इशारा किया। 2023 में जब अश्विन ने पंजाब के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए रन अप लेने के क्रम में आगे निकल गए थे और धवन को लगा कि जैसे अश्विन उन्हें नॉन स्ट्राइकर एंड पर रन आउट करने वाले हैं और उन्होंने जल्द ही अपना बल्ला नॉन स्ट्राइकर एंड की क्रीज में रख दिया।

#### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| चहल | 174 | 221 | 5/40 |
| भुवनेश्वर | 190 | 198 | 5/19 |
| सुनील नरेन | 189 | 192 | 5/19 |
| पीयूष चावला | 192 | 192 | 4/17 |
| अश्विन | 220 | 187 | 4/34 |

#### इनफॉर्म क्रिस गेल बनाम युवा अश्विन

क्रिस गेल अपने सुनहरे दौर में हर गेंदबाज के लिए सिरदर्द बने हुए थे, लेकिन अश्विन उनके सामने दीवार साबित हुए। आईपीएल में गेल ने अश्विन की 64 गेंदों पर सिर्फ 53 रन बनाए, 5 बार आउट हुए और महज 3 छक्के ही लगा पाए। 2010 में सीएसके बनाम केकेआर और 2011 के फाइनल जैसे अहम मौकों पर अश्विन ने उन्हें शुरुआती ओवरों में ही चलता किया। यह टक्कर आईपीएल की सबसे यादगार कहानियों में गिनी जाती है। अश्विन ने आईपीएल में पावरप्ले में भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है जिसकी गवाही अश्विन के आंकड़े खुद देते हैं।

## खेल एक नजर

### सिंकफील्ड कपः प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, गुकेश दौड़ से बाहर

**सेंट लुई (अमेरिका), जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप के आठवें दौर में अमेरिका के वेस्ली सो से ड्रॉ खेलकर ग्रैंड चेस टूर में ओवरऑल शीर्ष चार में जगह बनाने की दावेदारी बरकरार रखी। गत विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी अमेरिका के लेवोन अरोनियन से ड्रॉ खेला, लेकिन वह 10 खिलाड़ियों की इस राउंड रोबिन प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। करुआना ने पहले स्थान पर होने के कारण ग्रैंड फिनाले में जगह बना ली है, फिर अंतिम दौर की बाजी का नतीजा चाहे कुछ भी रहे। ग्रैंड चेस टूर की तालिका में शीर्ष चार में रहने वाले खिलाड़ी भी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करेंगे, जिसका आयोजन ब्राजील के साओ पाउलो में किया जाएगा। वाचियेर-लाग्रेव के अलावा अरोनियन, करुआना और प्रज्ञानानंदा फाइनल में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं।

### सैफ चैंपियनशिपः भारतीय महिला टीम ने भूटान को 5-0 से हराया

**थिम्पू, जेएनएन।** भारत ने बुधवार को सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अपने चौथे मैच में भूटान को 5-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम पहले हाफ में 3-0 से बढ़त बनाए थी। दोनों टीमों के बीच चार दिन में यह दूसरा मुकाबला था। पहले मैच में भारत ने 8-0 से जीत हासिल की थी। भारतीय फॉरवर्ड अनुष्का कुमारी ने चौथे और 16वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि पांचवां गोल करने में मदद की। इससे टूर्नामेंट में अब तक उनके गोल की संख्या सात हो गई है। अन्य गोल श्वेता रानी (24वें मिनट), जुलान नोंगमाईथेम (77वें मिनट) और नीरा चानू लोंगजाम (90+5वें मिनट) ने किए। भारत ने इस तरह बिना कोई गोल खाए 22 गोल दागकर चार मैच में अपनी चौथी जीत दर्ज की और तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

## मैदान से हटकर

### विराट के फोटो लाइक करने पर अवनीत ने कहा-मिलता रहे प्यार

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर ने हाल ही में क्रिकेटर विराट कोहली से जुड़े सवाल का जवाब दिया। दरअसल, कुछ महीने पहले विराट ने अवनीत की एक ग्लैमरस तस्वीर को लाइक कर दिया था। उस तस्वीर में अवनीत ग्रीन कलर के क्रॉप टॉप और मिनी स्कर्ट में नजर आ रही थीं। जब यह बात लोगों की नजर में आई तो सोशल मीडिया पर मीम्स, ट्रोलिंग और अफवाहों की बाढ़ आ गई थी। बाद में विराट ने सफाई देते हुए कहा था कि यह इंस्टाग्राम के एल्गोरिदम की वजह से हुआ। अब इस पर अवनीत कौर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। फिल्म लव इन वियतनाम के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जब एक रिपोर्टर ने अवनीत से पूछा कि उनके फोटो को बड़े-बड़े सेलेब्स भी लाइक करते हैं, तो इस पर अवनीत ब्लश करते हुए बोलीं- मिलता रहे प्यार, बस। और क्या बोलूं मैं। याद दिला दें, इस विवाद के बाद अवनीत कौर के फॉलोअर्स में एक मिलियन का इजाफा हुआ था और उन्हें 12 नए ब्रांड डील्स भी मिले था। इतना ही नहीं, उनकी ब्रांड वैल्यू लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गई थी। फैंस को अवनीत का यह पॉजिटिव और स्पोर्टिंग जवाब काफी पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह भी रही कि इस विवाद के बाद विराट और अवनीत दोनों 2025 विंबलडन फाइनल मैच में भी एक साथ नजर आए थे, जिसके बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गईं। **(जेएनएन)**



## यूएस ओपनः ओसाका की आसान जीत, कोको गॉफ को मिली कड़ी टक्कर, तीन घंटे में जीतीं

जेएनएन, न्यूयॉर्क

दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका ने अपने तीसरे यूएस ओपन खिताब के लिए अभियान शुरू कर दिया है। उनके साथ ही तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ भी साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। पूर्व चैंपियन और 23वीं वरीय ओसाका को बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। दूसरी ओर, नए सर्विस कोच गेविन मैकमिलन के साथ अपनी सर्विस में सुधार कर रहीं गॉफ ने आर्थर ऐश स्टेडियम की रोशनी में खेले गए मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किए और छह बार अपनी सर्विस गंवाई। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की वह एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में लगभग तीन घंटे में 6-4, 6-7, 7-5 से हराने में सफल रहीं। इस जीत के साथ जून में रौलां गैरां में अपनी दूसरी ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने के बाद से गॉफ का रिकॉर्ड 5-4 हो गया। अब जापानी खिलाड़ी ओसाका दूसरे दौर में अमेरिका की हैली बैपटिस्ट का सामना करेंगी, जिन्होंने पहले दौर में कैटरीना सिनियाकोवा को लगातार सेट में शिकस्त दी। 2023 की चैंपियन गॉफ का मुकाबला क्रोएशिया की डोना वेकिच से होगा, जो 2024 विम्बलडन सेमीफाइनलिस्ट और 2019 यूएस ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट हैं। उन्होंने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को तीन सेट में हराया। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड के खिलाफ वापसी करते हुए 2-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया।






### ज्वेरेव नौवीं बार दूसरे राउंड में, सिनर भी जीते

पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14वें वरीय अमेरिका के टॉमी पॉल ने भी दूसरे दौर में जगह बना ली। आर्थर ऐश स्टेडियम में ज्वेरेव ने चिली के एलेजांद्रो ताबियो को लगातार सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया, जबकि पॉल ने एल्मर मोलेर पर 6-3, 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त इटली के 24 साल के यानिक सिनेर भी दूसरे दौर में पहुंच गए। चार ग्रैंड स्लैम जीत चुके सिनेर ने चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। इस नतीजे ने ज्वेरेव को नौवीं बार यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचा दिया, जिससे फ्लशिंग मीडोज में शुरुआती दौर के मैचों में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया। 28 वर्षीय ज्वेरेव को अपने पहले दौर के मैच में जीत के लिए लगभग ढाई घंटे लगे। 6 फुट 6 इंच लंबे इस जर्मन खिलाड़ी का अगले मैच में ब्रिटेन के जैकब फर्नले से सामना होगा। उन्होंने स्पेन के रॉबर्टो बतिस्ता आगुत को 7-5, 6-2, 5-7, 6-4 से शिकस्त दी। ज्वेरेव को दोनों के बीच हुए मुकाबले में 2-0 की बढ़त है। चीन के बू युनचाओकेटे अपने पहले ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में जीत की तलाश में असफल रहे। वह फ्रांस के वाइल्डकार्ड वैलेंटाइन रॉयर से 1-6, 4-6, 6-7(1) से हार गए। किसी मेजर टूर्नामेंट में वह पांचवीं बार पहले दौर हारे हैं।

## दलीप ट्रॉफी : श्रेयस-तिलक और यशस्वी व शमी पर रहेंगी नजरें

### पारंपरिक प्रारूप में होगी टूर्नामेंट की वापसी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे, जब गुरुवार से लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी। छह क्षेत्रीय टीम 1960 के दशक में शुरू की गई इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पिछले सत्र में जब यह प्रतियोगिता अव्यवस्थित ढंग से तैयार भारत ए, बी, सी और डी टीमों के बीच खेली गई थी तो हितधारक खुश नहीं थे और फिर उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता की पुराने प्रारूप में वापसी हुई है। इस टूर्नामेंट ने पहले अधिक सुर्खियां नहीं बटोरी थी, लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं होने या चोटिल नहीं होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद यह फिर से प्रासंगिक हो गया है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल शार्दुल ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं। भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह गंवा चुके अय्यर ढेरों रन बनाना चाहेंगे, जबकि सरफराज के साथ भी यही स्थिति है, जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज किया गया था। एशिया कप टी-20 के लिए नहीं चुना जाना अय्यर के लिए प्रेरणा का एक अतिरिक्त स्रोत होगा, जिनके बाहर होने पर राय विभाजित हैं। जायसवाल को भी उनकी कोई गलती नहीं होने के बावजूद एशिया कप टीम से बाहर कर दिया गया था। घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर भारत के लिए लाल गेंद से उनका प्रदर्शन विशेष रहा है और वह अपने सत्र की शुरुआत अच्छी पारियों से करना चाहेंगे। तिलक वर्मा की अगुआई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम में सभी की नजरें आर साई किशोर पर होंगी, जो हाथ की चोट के कारण बुची बाबू टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। केएल राहुल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। देवदत्त पडिक्कल चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और प्रभावशाली प्रदर्शन उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में जगह दिला सकता है। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया था।





## खिताब के साथ डायमंड लीग का समापन करने उतरेंगे नीरज चोपड़ा

**ज्यूरिख, जेएनएन।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं, इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा और उसे एक डीएल ट्रॉफी के साथ 30,000 से 50,000 अमेरिकी डॉलर तक की पुरस्कार राशि और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रोमांचक मुकाबला होने वाला है, जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता चोपड़ा का सामना सात पुरुषों के फाइनल में ग्रेनाडा के गत चैंपियन एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के जूलियन वेबर से होगा। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट और मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे अंक तालिका में शीर्ष छह में शामिल होंगे जबकि स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड को मेजबान देश की ओर से शामिल किया गया।



## वनडे रैंकिंग : शुभमन गिल और रोहित शीर्ष पर बरकरार, विराट चौथे नंबर पर

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा आईसीसी की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में सीरीज के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं। हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है, लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैके में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में दो विकेट पर 431 रन का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उसके तीन बल्लेबाज ट्रेविस हेड (142), मिचेल मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। इन तीनों को इस प्रदर्शन की बदौलत रैंकिंग में काफी फायदा मिला है। हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं।





## इंटर स्कूल फुटबॉल : सेंट थॉमस, फादर एग्नेल और सेंट जॉर्ज की एकतरफा जीत

**भोपाल, खेप्र।** सेंट थॉमस, विंध्यांचल एकेडमी, पीपुल्स, फादर एग्नेल स्कूल और सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर इंटरस्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश किया। सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में खेली जा रही प्रतियोगिता में भोपाल, विदिशा और रायसेन की विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से 16 स्कूलों की 27 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग में सेंट थॉमस स्कूल ने एसपीएस द्वारका धाम को 4-0 से, विंध्यांचल एकेडमी ने कैंपियन स्कूल, भौरी को 3-1 से, पीपुल्स स्कूल ने आर्मी स्कूल को 7-3 से, फादर एग्नेल स्कूल ने सेंट जॉर्ज एमपी बोर्ड को 4-0 से और सेंट जॉर्ज ने ग्लोबल स्कूल रायसेन को 5-0 से पराजित किया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन अंडर-14 वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे।



## सुरेश बने भारतीय अंडर-16 बास्केटबॉल टीम के कोच

**भोपाल।** शहर के ए सुरेश को फीबा अंडर-16 एशियन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। यह चैंपियनशिप 31 अगस्त से 7 सितंबर तक मंगोलिया में खेली जाएगी। इसके लिए भारतीय टीम 29 जुलाई से दिल्ली के आईजी स्टेडियम में तैयारी कर रही है। सुरेश आयुक्त, कोष एवं लेखा, पर्यावास भवन में कार्यरत हैं। ग्रुप-ए भारत के साथ लेबनान, ऑस्ट्रेलिया और बेहरीन की टीमें हैं। ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी। कोच ए सुरेश के नेतृत्व में मालदीव में जून 2025 में आयोजित फीबा अंडर-16 एशिया कप साबा क्वालिफायर्स में भारतीय टीम विजेता बनी थी।



## विश्व चैंपियनशिप : सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस, जेएनएन।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत बुधवार को मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस 16वीं वरीय भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। सिंधू मंगलवार को पहले दौर के मैच में बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ कुछ मुश्किलों से जूझ रही थीं। और लेत्शाना के खिलाफ भी उन्हें लय हासिल करने में दिक्कत हुई।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 1 सितंबर को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला समाधान आनलाइन कार्यक्रम संशोधित तिथि के अनुसार अब 1 सितंबर 2025 को सायं 4 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह संबंधी बैठक 4 को

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह संबंधी बैठक 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर दिव्या पटेल ने बैठक में सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।






# संतों के सुझावों पर होगा अमल: सांसद

## चित्रकूट विकास के संबंध में वृहद बैठक आयोजित

**जागरण सतना**

धार्मिक नगरी चित्रकूट में चल रहे हैं सतत विकास के कार्यों में आवश्यक सुझाव के लिए संतों के साथ एक वृहद बैठक मंदाकिनी रिसॉर्ट चित्रकूट में आयोजित की गई। जिसमें संतों सहित कई लोगों ने चित्रकूट विकास के संबंध में अपनी.अपनी बातें रखी। इस दौरान सांसद गणेश सिंह ने चित्रकूट के सतत विकास के लिए संतों के सभी बातों का स्वागत करते हुए उन्हें अस्वस्थ किया कि इन सभी सुझावों का अमल किया जाएगा और समय.समय पर सभी साधु संतों का परामर्श लिया जाएगा सांसद श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनाया हैए भगवान राम लोक बना रहे हैंए प्रधानमंत्री की प्रेरणा से केंद्र सरकार द्वारा सतना.मैहर.चित्रकूट फोरलेन सडक़ बनाई जा रही हैए जिसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगाए जिसका निर्माण कार्य किया जा रहा है चित्रकूट में भारत सरकार ने कई कार्य स्वीकृत किए हैं मां मंदाकिनी को अविरल बनाएं बनाने के लिए पिंडरा के पास देवरी सागर का निर्माण किया जा रहा है परिक्रमा पथ का नवीनीकरण किया जा रहा हैए मल्टी पार्किंग सभी तीर्थ स्थलों का सौंदर्यीकरण एवं जन सुविधाएं बनाने का कार्य प्रारंभ हैए पीलीकोठी से मोहकमगढ़ तक कंक्रीट फोरलेन सडक़ बनाई जा रही है चित्रकूट को मुख्यमंत्री ने धार्मिक नगरी घोषित किया है बहुत जल्द ही चित्रकूट के सारे धार्मिक कार्य पूरे होंगे और एक भव्य धार्मिक नगरी चित्रकूट दिखेगा।



### संतों ने दिए सुझाव

बैठक में संतों की तरफसे जो सुझाव दिए गए हैंए उनमें प्रमुख रूप से मां मंदाकिनी में आ रहे गंदे जल को रोका जाएए सीवर का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएए सडक़ के कार्य को दीपावली मेले के पहले .पहले पूरा किया जाएए अधूरे पड़े नाली के कार्य को ठीक कराया जाएए मल्टी लेवल पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए मंदाकिनी के रिक्त स्थानों पर घाट सुलभ शौचालयए पार्किंग तथा आवागमन के लिए सडक़ का निर्माण कराया जाएए साधु संतों को भी सरकार की योजनाओ के साथ जोड़ा जाएए जंगलों में साधना कर रहे हैं। साधु संतों को संरक्षण दिया जाएए चित्रकूट के सभी तीर्थस्थलों में जन सुविधाएं बढ़ाई जाएए अमावस्या तथा दीपावली में मेले के लिए रिक्त पड़े भूखंडों में पार्किंग की व्यवस्था की जाए अधिक से अधिक सुलभ शौचालय का निर्माण हो चित्रकूट में स्वामी रामानंदचार्य की मूर्ति स्थापित करवाई जाए कई ऐसे महत्वपूर्ण सुझाव संतों की तरफसे दिए गए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से पूज्य संत सनकादिक महाराज , रामनरेश दास महाराज, सच्चिदानंद महाराज ,सीताशरण महाराज, बलरामदास महाराज, जानकीशरण महाराज, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडे, विनीता शिवहरे मंडल अध्यक्ष, साधना पटेल नगर पंचायत अध्यक्ष, श्यामदिन शर्मा, कार्तिकेय द्विवेदी, नीरज शर्मा, काशी त्रिपाठी, आशीष पटेल छोटू, महेश गुप्ता, विनीत त्रिपाठी, रविमाला सिंह पार्षद, अनिल जायसवाल डीआरआई, डॉ वरुण गुप्ता डीआरआई, महिपाल सिंह एसडीएम, कमलेश भदौरिया तहसीलदार, हिमांशु शुक्ला तहसीलदार, अंकित सोनी सीएमओ, अमित तिवारी इंजीनियर उपस्थित रहे।

# रीवा से नागौद आये जुआ खेलने, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 45 हजार नगद, एक आर्टिका व मोबाईल फोन जप्त

**जागरण सतना।** रीवा शहर से सतना जिले के नागौद जुआ खेलने आये तीन आरोपियों को नागौद टीआई अशोक पाण्डेय ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। हालांकि दो आरोपी फरार हो गये जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में नागौद पुलिस ने की है। बताया जाता है कि इस कार्यवाही में पुलिस ने 45 हजार 1 सौ रूपये नगद के अलावा एक आर्टिका चार पहिया कार एवं मोबाईल फोन जप्त किये है।





**सौरभ सिंह व बालेन्द्र बागरी के साथ जुआ खेलने की मिली थी सूचना** : 26 अगस्त भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना मिली की सौरभ सिंह परिहार और बालेन्द्र बागरी के साथ मिलकर ग्राम हिलौंधा झोपड़ी के पास बाहरी लोंगों को बुलाकर ताश पत्ती से रूपये पैसो की बाजी लगाकर जुआं खेलने की सूचना पर मय स्टाफ के दविश देकर जुआं खेलते हुए जुआडी संजय अग्रवाल पिता स्व गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल उम्र 58 वर्ष निवासी धौबिया टंकी के पास कटरा मोहल्ला रीवा थाना सिटी कोतवाली रीवा सलमान खान पिता मकबूल खान उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम निपनिया वार्ड क्र 01 थाना सिटी कोतवाली रीवा, राकेश साहू पिता छोटे लाल साहू उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम निपनिया वार्ड नं 01 थाना सिटी कोतवाली रीवा को गिरफ्तार किया गया व जुआ खिलाने वाले सौरभ सिंह परिहार व बालेन्द्र बागरी पुलिस को देखकर एवं अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गये।

# बंधन बैंक स्थापना के 10 वर्ष हुए पूर्ण, 200 करोड़ की हुई शाखा

**जागरण, सतना।** बंधन बैंक स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कृष्णा नगर शाखा में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार, विशिष्ट अतिथि भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, कैट अध्यक्ष अशोक दौलतानी कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक प्रदीप गौतम एवं उपस्थित अतिथियों ने प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणपति श्री गणेश भगवान का पूजन आरती दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**बैंकिंग क्षेत्र में बंधन बैंक के बढ़ते कदमः योगेश ताम्रकार :** मुख्य अतिथि महापुर योगेश ताम्रकार ने कहा कि मुझे आज बंधन बैंक के 10 वर्ष पूर्ण होने पर अत्यंत हर्ष हो रहा है 10 वर्ष पूर्व शाखा का शुभारंभ हुआ और नागरिकों का विश्वास अर्जित करने में बंधन बैंक सफल रही किसी का नतीजा है कि इतने कम समय में बंधन बैंक 200 करोड़ की ब्रांच हो गई। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि लगन निष्ठा ईमानदारी के साथ किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता इसी का उदाहरण है बंधन बैंक वह यहां के समस्त स्टाफकी मेहनत के बदौलत यह मुकाम अर्जित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक प्रदीप गौतम ने की अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बंधन बैंक बचत खाता एक फिक्स्ड डिपॉजिट में सर्वाधिक ब्याज देता है और सतना मार्केट में बिगड़ 10 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है हमारे सम्मानित नगर वासियों के सहयोग प्रदान करने के लिए और विश्वास अर्जित करने के लिए बंधन बैंक की ओर से हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि बैंकिंग सेक्टर में सर्वाधिक फिक्स्ड डिपॉजिट में ब्याज से मार्केट में एक नई हलचल के कारण ग्राहकों का विश्वास बढ़ा है।

# एशियन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में सतना की बेटियों का परचम

## सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत रचा इतिहास



**जागरण सतना।** देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम स्थित हिमाद्रि इंटरनेशनल आइस रिंक पर 20 से 23 अगस्त 2025 तक पहली बार भारत में आयोजित एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में सतना की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया। एशियन स्केटिंग यूनियन के मार्गदर्शन एवं आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित यह प्रतियोगिता भारत के लिए ऐतिहासिक साबित हुई। 11 देशों से चुने हुए लगभग 200 से जियादा खिलाडिय़ों का चयन किया गया थाए इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं श्रीमती जेपी रहे। सतना की वंडर गर्ल कु पहल मोंगिया पुत्री राशी एवं मोहित मोंगिया ने जूनियर ई कैटेगरी 333 मीटर में दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक ब्रॉन्ज जीता। पहल इस महिला आयु वर्ग में भारत की पहली पदक विजेता खिलाड़ी बनकर इतिहास में दर्ज हुईं। वहीं सतना की मैजिक गर्ल कहे जाने वाली कु उद्रेका सिंह पुत्री शिवांगी सिंह एवं विष्णु प्रताप सिंह ने वीमेंस रिले 3000 मीटर में रजत पदक सिल्वर जीतकर भारत का मान बढ़ाया। वर्तमान में उद्रेका अपनी कैटेगरी की सबसे तेज भारतीय आइस स्केटर मानी जाती हैं और उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस पहचान को एक बार फिर से सिद्ध किया। मध्यप्रदेश टीम मैनेजर विशेषता सिंह ने जाकरी देते हुए बताया की दोनों खिलाडिय़ों की इस उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम और अनुशासित प्रशिक्षण रहा। बीते एक माह से दोनों ने इंडिया कैंप में प्रतिदिन सुबह.शाम घंटों अभ्यास किया वही इंडियन टीम कोच वैभव अग्रवाल ने गर्व व्यक्त करते हुए कहाकृ यह सतना और भारत के लिए ऐतिहासिक पल है। वर्षों की मेहनत और संघर्ष का फल अब सामने आ रहा है। यह उपलब्धि न सिर्फ हमारे शहर बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा बनेगी।

# एकेएस की टीसीआरएल प्रयोगशाला में मुख्य खान नियंत्रक का दौरा



**सतना।** भारतीय खान ब्यूरो आईबीएम के मुख्य नियंत्रक पंकज कुलश्रेष्ठ ने टीसीआरएल प्रयोगशाला का दौरा किया और इसकी आधुनिक अधिसंरचना शोध गतिविधियों तथा सीमेंट उद्योग में योगदान की सराहना की। दौरे के दौरान उन्होंने सीमेंट अनुसंधान खनन विश्लेषण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए उपयोग में लाई जा रही उन्नत उपकरणों का अवलोकन किया और प्रयोगशाला के नवाचार तथा शुद्धता के उच्च मानकों की प्रशंसा की।इस अवसर पर प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी निदेशक डॉ जीसी मिश्रा और विभागाध्यक्ष डॉ गौरव शुक्ला उपस्थित रहे। डॉ मिश्रा ने सतत सीमेंट प्रौद्योगिकी पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी जबकि डॉ शुक्ला ने छात्रों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करने की विभागीय भूमिका पर प्रकाश डाला।श्री कुलश्रेष्ठ ने संकायए शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# हाईवे के बिल्डिंग निर्माण में बिजली चोरी

## पेट्रोल पंप संचालक की करतूत उजागर

**मैहर।** शहर की मर्यादा और सामाजिक गरिमा को कम करने वाली घटना उस समय सामने आई जब हाईवे के बगल पर भारत पेट्रोलियम के समीप निर्माणाधीन बिल्डिंग में अवैध विद्युत चोरी पकड़ी गई। इस संगीन प्रकरण में एक पेट्रोल पंप संचालक मितेश का नाम जुड़ना स्थानीय समाज के लिए न केवल चौंकाने वाला है बल्कि सामाजिक आचरण की गरिमा पर सीधा प्रहार भी है। विद्युत वितरण कंपनी के कर्मियों ने छापामार कार्रवाई कर जब होटल निर्माण स्थल का निरीक्षण कियाए तो पाया कि वहाँ चोरी.छिपे विद्युत लाइन खींचकर भारी मात्रा में खपत की जा रही थी। वैधानिक कनेक्शन नही था जाँचोपरांत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अधिकारियों ने 48,907 की क्षतिपूर्ति और 3,000 की समन राशि सहित कुल 51,907 की दंडात्मक वसूली का आदेश पारित किया। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित अवधि तक भुगतान नहीं किया गया तो कठोर दण्डनात्मक दावेदारी न्यायालयीन स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी।

**गरीबों पर कठोरता रसूख़दारों पर छूट यह परंपरा टूटी :** अब तक प्रायः यह दृष्टिगोचर होता रहा है कि छोटी बस्तियों और निर्धन उपभोक्ताओं पर मामूली अनियमितता होने पर भी विभाग सख्ती बरतता रहा है। किन्तु जब रसूख़दार तबके द्वारा अपराध होता है तो अक्सर चुप्पी साध ली जाती है। इस बार विभागीय अधिकारियों ने सिद्ध कर दिया कि कानून की कसौटी पर सब बराबर हैं। यह कदम निश्चित ही स्वागत योग्य है।

### सामाजिक प्रतिष्ठा पर धब्बा

नगर की चर्चा में यही प्रतिध्वनि है कि पेट्रोल पंप जैसे सार्वजनिक प्रतिष्ठान के संचालक द्वारा चोरी जैसे अनैतिक कृत्य का सहारा लेना सम्पूर्ण व्यापारी समाज के लिए लज्जाजनक है। जो लोग समाज में उच्च स्थान रखते हैंए वही यदि कानून तोड़ने का दुस्साहस करें तो यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। वही यदि भ्रष्ट आचरण का गढ़ बन जाए तो यह पूरे समाज की आत्मा को घायल करता है। विभागीय कर्मियों की यह निर्भीक कार्रवाई न केवल प्रशंसनीय हैए बल्कि आने वाले समय के लिए नज़ीर भी है। अब यह अपेक्षा करना समाज का अधिकार है कि कानून का डंडा हर उस व्यक्ति पर समान रूप से चले जो चोरी और अपवंचना का पथ अपनाता है चाहे वह निर्धन झुग्गी का निवासी हो अथवा हाईवे पर खड़ा पेट्रोल पंप संचालक।


























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com